राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 69
लखनऊ, शुक्रवार 25 अक्टूबर, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



यूपी उपचुनाव : बीजेपी ने जारी की उम्मीदवारों की लिस्ट 03

बड़े बदलाव लाने में सक्षम है ब्रिक्स : विदेश मंत्री 12

# पहले योग्यता नहीं बल्कि पहुंच व पैसे से मिलती थी नौकरी : योगी

**संबोधन**

- सीएम ने 1950 सरकारी पदों पर चयनित युवाओं को दिए नियुक्ति पत्र
- पिछले सात-साढ़े सात वर्ष में चयन प्रक्रिया में किसी के साथ नहीं हुआ भेदभाव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी (सपा) पर परोक्ष रुप से निशाना साधते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरी में नियुक्ति का मानक योग्यता नहीं बल्कि पैसा और पहुंच हुआ करता था।



## समाज कल्याण विभाग की बहुत बड़ी जिम्मेदारी

योगी ने कहा कि समाज कल्याण विभाग की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। यह 21 लाख विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दे रहा है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम, पेंशन या अन्य वेलफेयर स्कीम अनुसूचित जाति-जनजाति के नौजवानों को नई दिशा देती है। यह कार्यक्रम मजबूती से बढ़ते दिखने चाहिए। सीएम ने कहा कि आज लखीमपुर खीरी के जनजाति समुदाय (थारू) के नौजवान ने भी नियुक्ति पत्र प्राप्त किया है। बड़ी संख्या में बेटियों की उपस्थिति महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम को दिखाता है।

## हमारी सरकार ने सरकारी सेवाओं में लगभग सात लाख भर्ती संपन्न की : सीएम

सीएम योगी ने कहा कि साढ़े सात वर्ष में हमारी सरकार ने सरकारी सेवाओं में लगभग 7 लाख भर्ती संपन्न की है। प्रदेश के अंदर सुरक्षा का बेहतर माहौल देने के कारण निजी क्षेत्र में भी लाखों नौजवानों के लिए नौकरी की संभावना बढ़ाई गईं। प्रदेश का युवा पहले नौकरी-रोजगार के लिए देश-दुनिया में भटकता था। आज उसे अपने प्रदेश, क्षेत्र व जनपद में नौकरी मिल रही है। वह घर के कार्यों के साथ-साथ सर्विस और परिवार की देखभाल भी कर रहा है। जिन ग्राम पंचायत राज अधिकारियों व पंचायतीराज विभाग से जुड़े अभ्यर्थियों का चयन हुआ है, उन्हें कमोबेश नियुक्ति पत्र उसी जनपद में प्राप्त हुआ है, जहां के वे निवासी हैं। योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश के अंदर समग्र विकास के लिए जो रूपरेखा तैयार की थी। उसमें भर्ती प्रक्रिया भी पारदर्शी तरीके से हो सके, यह उसका प्रमुख भाग था, क्योंकि अच्छे, सक्षम व योग्य अभ्यर्थियों का चयन नहीं होगा तो सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए जिस तंत्र को कार्य करना है, वह स्वयं पैरालाइज हो जाएगा।

## पहले ग्राम पंचायत के पास अपना भवन नहीं था

सीएम ने कहा कि राष्ट्रपिता के ग्राम स्वराज की परिकल्पना को साकार करने की आधारभूत इकाई ग्राम पंचायत है। पीएम मोदी ने लक्ष्य प्रस्तुत किया है कि देश जब 2047 में आजादी का शताब्दी महोत्सव मना रहा होगा, तब हमें आत्मनिर्भर व विकसित भारत चाहिए। इसके लिए जो नींव आज आप रखेंगे, उसी पर आत्मनिर्भर व विकसित भारत की आधारशिला बनने वाली है। हमारी ग्राम पंचायतें भी उसकी आधारशिला हैं। इसके लिए पंचायतीराज विभाग ने बहुत सारे कार्य पहले ही किए हैं। 73वें संविधान संशोधन के माध्यम से ग्राम पंचायतों को 29 प्रकार के कार्यों करने के लिए डेलीगेट किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले ग्राम पंचायत के पास अपना भवन नहीं था। ग्राम प्रधान घर से कार्य करता था। इसका परिणाम होता था कि कई बार कार्ययोजना बनती ही नहीं थी तो काम भी नहीं हो पाता था। अंतिम वर्ष में किसी प्रकार कुछ योजना बना ली, यदि वह इंप्लिमेंट हो गई तो ठीक, वरना पैसा लैप्स होता था पर अब ऐसा नहीं होने वाला। अब यूपी के 57 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालय लगभग बन चुके हैं।

श्री योगी ने यहां नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में कहा कि कुछ अभ्यर्थियों ने 2017 के पहले भी आवेदन किया होगा। सक्षम व समर्थ होने के बावजूद सिर्फ इसलिए चयन नहीं हुआ होगा, क्योंकि उनकी पहुंच और अभिभावक के पास इतना पैसा नहीं था कि नियुक्ति करा सकें। सब कुछ होने के बावजूद उन्हें चयन प्रक्रिया से बाहर कर दिया जाता था, लेकिन पिछले सात-साढ़े सात वर्ष में चयन प्रक्रिया में किसी के साथ भेदभाव नहीं हुआ। हमारी सरकार में सरकारी, निजी क्षेत्र और संविदा के आधार पर नियुक्तियां ईमानदारी से बढ़ीं तो यूपी हर क्षेत्र में तेजी से दौड़ता दिखाई दे रहा है।

श्री योगी ने उम्मीद जताई कि जितनी निष्पक्षता व पारदर्शिता से नियुक्ति मिली है, पूरा कार्यकाल इसी निष्पक्षता व पारदर्शी तरीके से बढ़ता जाएगा तो यूपी भारत की नंबर एक की अर्थव्यवस्था और भारत 2047 में विकसित व आत्मनिर्भर बनेगा। भर्ती प्रक्रिया के तहत गुरुवार को 1950 नवचयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया इसमें उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा 1526 ग्राम पंचायत अधिकारी, 360 ग्राम विकास अधिकारी (समाज कल्याण), 64 समाज समाज कल्याण पर्यवेक्षक चयनित किए गए हैं।

# जन्म तिथि का आधिकारिक प्रमाण आधार कार्ड नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि आधार कार्ड जन्म तिथि का आधिकारिक प्रमाण नहीं है।

न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति उज्जल भुयान की पीठ ने सरोज और अन्य की पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के उस फैसले के खिलाफ अपील स्वीकार कर ली, जिसमें आधार कार्ड में दर्ज जन्म तिथि के आधार पर सड़क दुर्घटना में मृत्यु के लिए उन्हें दिए जाने वाले मुआवजे को कम कर दिया गया था।

शीर्ष अदालत ने मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण द्वारा स्कूल छोड़ने के प्रमाण पत्र के आधार पर मृतक की आयु निर्धारित करने और मुआवजा तय करने के आदेश को बरकरार रखा। पीठ ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) द्वारा जारी एक परिपत्र का हवाला दिया। इसके साथ ही एक वैधानिक



प्रावधान का भी जिक्र दिया, जिसमें स्कूल छोड़ने के प्रमाण पत्र को जन्म तिथि का वैध प्रमाण घोषित किया गया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि यूआईडीएआई ने 2023 में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 20 दिसंबर 2018 को जारी कार्यालय ज्ञापन के संदर्भ में कहा है कि आधार कार्ड का उपयोग पहचान स्थापित करने के लिए किया जा सकता है, लेकिन यह जन्म तिथि का प्रमाण नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलवामा में आतंकियों ने उत्तर प्रदेश के युवक को गोली मारी, घायल

**पुलवामा।** पुलवामा जिला स्थित त्राल के बटागुंड गांव में गुरुवार सुबह आतंकियों ने एक 19 वर्षीय गैर-स्थानीय युवक को गोली मार दी, जिससे वह घायल हो गया। एक अधिकारी ने बताया कि युवक के हाथ में गोली लगी है। उसे त्राल के नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। घायल युवक की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी शुभम कुमार (19) पुत्र प्रीतांबर सिंह के रूप में हुई है। घटना के बाद सुरक्षाबलों ने मौके पर पहुंच कर इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। खबर लिखे जाने तक सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान जारी था।

### अयोध्या के एडीएम सुरजीत सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**अयोध्या।** अयोध्या के एडीएम (कानून व्यवस्था) सुरजीत सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। गुरुवार को वो अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइंस स्थित सरसरी कालोनी में स्थित आवास के कमरे में मृत पाए गए हैं। घटना की जानकारी होते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया है। हालांकि मौत की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। एडीएम का शव संदिग्ध हालात में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। मौके पर पुलिस के साथ पहुंची फोरेंसिक विभाग की टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए हैं।

### दीपोत्सव : 28 लाख दीयों से जगमग होंगे अयोध्या के 55 घाट

**अयोध्या।** अयोध्या में इस वर्ष आठवां दीपोत्सव भव्य और दिव्य रूप से मनाया जाएगा। इस अवसर पर सरयू नदी के 55 घाटों पर 28 लाख दीयों को प्रज्वलित कर एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी हो रही है। दीपोत्सव की तैयारियों के अंतर्गत डॉ। राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ने दीयों और स्वयंसेवकों की संख्या का निर्धारण कर लिया है, जिससे इस आयोजन को सफल बनाने के लिए बड़े पैमाने पर योजनाबद्ध कार्य हो सके। आयोजन के तहत सरयू नदी के 55 घाटों पर 28 लाख से अधिक दीये प्रज्वलित किए जाएंगे।

### नाबालिग लड़कियों से दुष्कर्म के आरोप में सेवादार गिरफ्तार

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर जिले में एक सत्संग भवन के एक सेवादार को दो नाबालिग लड़कियों से दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गुरुवार को को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) शंकर प्रसाद ने बताया कि पीड़िताओं के परिजनों की शिकायत पर स्याना कोतवाली क्षेत्र में स्थित एक सत्संग भवन के सेवादार मोहन लाल (75) को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों पीड़िताओं की उम्र 13 साल है और वे एक ही गांव की रहने वाली हैं। प्रसाद ने बताया कि दोनों को चिकित्सीय परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

# पेंशनर को जीवन प्रमाण देने ट्रेजरी आने की जरूरत नहीं

**सुविधा**

- ऑनलाइन आते ही फाइलों से होगा सत्यापन
- नियमित खातों में आने लगेगी पेंशन

**लखनऊ समृद्धि न्यूज।**

पेंशनर को जीवित होने का प्रमाण पत्र देने ट्रेजरी आने की जरुरत नहीं है। वह घर बैठे ही अपने प्रमाण पत्र ऑनलाइन अपलोड कर सकेंगे। ऑनलाइन आते ही फाइलों से सत्यापन हो जाएगा और उनकी पेंशन उनके खातों में नियमित आने लगेगी। ट्रेजरी अफ्सर जितेन्द्र राय तथा राहुल सिंह ने बताया कि पेंशनर्स के लिए आन लाइन विशेष सुविधा शुरू की गयी। रिटायर कर्मियों को कलेक्ट्रेट ट्रेजरी आने की जरुरत ही नहीं है।




आनलाइन जीवित प्रमाण अपलोड कर सकेंगे। IdsaxsA www-JEEVANPRAMAN-GOV-IN साइट अथवा UMANG APP पर अपना जीवन प्रमाण पत्र भेज सकते हैं। आन लाइन प्रमाण पत्रों पर भी उसी तरह कार्यवाही होती है जैसे आफ लाइन। कार्यालय आने में पेंशनर को असुविधा होती है, इस वजह से ऑनलाइन व्यवस्था बनाई गई है। कलेक्ट्रेट ट्रेजरी से लखनऊ के विभिन्न विभागों के 44000 पेंशनर्स को पेंशन दी जा रही है, जिनकी जीवित प्रमाण पत्र की अवधि नवम्बर व दिसम्बर में समाप्त हो रही है वह आनलाइन प्रमाण पत्र अपलोड कर दें।

# केंद्र ने 6,798 करोड़ की दो रेल परियोजनाओं को दी मंजूरी

**कैबिनेट बैठक**

- मंत्रिमंडल ने दी अमरावती को रेल लिंक, उत्तरी बिहार को सेमीहाईस्पीड कॉरीडोर

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने गुरुवार को रेल मंत्रालय की 6,798 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली दो परियोजनाओं को मंजूरी दे दी। इन परियोजनाओं से आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और बिहार के 8 जिले कवर होंगे। इन परियोजनाओं को अगले पांच सालों में पूरा किया जाएगा।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली के राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तर बिहार के लिए रेलवे बुनियादी ढांचा और पूर्वोत्तर राज्यों को रणनीतिक संपर्क प्रदान करने के लिए नरकटियागंज-रक्सौल-सीतामढ़ी-दरभंगा और सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर रेलवे लाइन के दोहरीकरण की एक बड़ी परियोजना को आज मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि 4553 करोड़ रुपये की लागत से 256 किलोमीटर रेलवे लाइन के दोहरीकरण से उत्तर प्रदेश और उत्तर बिहार को फायदा होगा। इसके अलावा कैबिनेट ने अमरावती के रास्ते एर्रुपलेम और नंबुरु के बीच 57 किलोमीटर लंबी नई रेललाइन के निर्माण को मंजूरी दी है। नई रेल लाइन परियोजना एर्रुपलेम-अमरावती-नंबुरु आंध्र प्रदेश के एनटीआर विजयवाड़ा और गुंटूर जिलों और तेलंगाना के खम्मम जिले से होकर गुजरेगी। नई लाइन आंध्र प्रदेश की प्रस्तावित राजधानी अमरावती को सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। वैष्णव ने कहा कि नरकटियागंज-रक्सौल-सीतामढ़ी-दरभंगा और सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर खंड के दोहरीकरण से नेपाल, पूर्वोत्तर भारत और सीमावर्ती क्षेत्रों तक संपर्क मजबूत होगा और मालगाड़ियों के साथ-साथ यात्री ट्रेनों की आवाजाही में सुविधा होगी, जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्र का सामाजिक-आर्थिक विकास होगा। आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और बिहार के 8 जिलों को कवर करने वाली दो परियोजनाओं से भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 313 किलोमीटर की वृद्धि होगी। नई लाइन परियोजना 9 नए स्टेशनों के साथ लगभग 168 गांवों और लगभग 12 लाख आबादी को कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।



## अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए 1,000 करोड़ रुपये के वेंचर कैपिटल फंड की स्थापना को मंत्रिमंडल की मंजूरी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को इंडियन नेशनल स्पेस प्रमोशन एंड ऑथराइजेशन सेंटर (इन-स्पेस) के तत्वावधान में अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए 1,000 करोड़ रुपये के वेंचर कैपिटल फंड की स्थापना को मंजूरी दी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव गुरुवार को इसकी जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र सुधारों के तहत अंतरिक्ष गतिविधियों में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देने और निगरानी के लिए इन-स्पेस की स्थापना की। इन-स्पेस ने भारत की अंतरिक्ष, अर्थव्यवस्था के विकास का समर्थन करने के लिए 1000 करोड़ रुपये के वेंचर कैपिटल फंड का प्रस्ताव दिया, जिसका मूल्य वर्तमान में 8 I4 बिलियन डॉलर है, इसे 2033 तक 44 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का लक्ष्य है।

## छठ-दीपावली के मौके पर चलायी जाएंगी सात हजार विशेष ट्रेनें : वैष्णव

सरकार ने छठ और दीपावली के पर्व पर यात्रियों की भीड़ से निपटने के लिए सात हजार विशेष ट्रेन चलाने का फैसला किया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह विशेष ट्रेनों के परिचालन का नया रिकॉर्ड होगा। उन्होंने बताया कि पिछले साल रेलवे ने छठ और दीपावली के सीजन में चार हजार विशेष ट्रेनें चलायी थी, जो एक रिकॉर्ड था। उन्होंने कहा कि इन विशेष ट्रेनों को चलाने से हर दिन दो लाख अतिरिक्त लोग सफर कर सकेंगे। भारतीय रेल प्रतिदिन 13 हजार से अधिक यात्री ट्रेनों का परिचालन करती है।

### अतीक अहमद के बेटे उमर को मिली जमानत



**लखनऊ समृद्धि न्यूज।** अतीक अहमद के बड़े बेटे उमर अहमद को लखनऊ की सीबीआई कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत दे दी है। हालांकि, अभी उमर जेल में ही रहेगा। क्योंकि उसे दूसरे मामलों में जमानत नहीं मिली है। उमर अहमद पर मुकदमे में सहयोग नहीं करने का आरोप था। मामले में उमर अहमद के वकील अमीर नकवी के सहयोगी जैद ने बताया कि कोर्ट ने उमर को पेशी के बाद जमानत दे दी है। उमर लखनऊ जेल में बंद है। गुरुवार को कोर्ट में पेश किया गया। यहां उमर के खिलाफ दो अलग-अलग मामलों में सुनवाई हुई। इनमें से एक मामला व्यापारी मोहित जायसवाल के अपहरण और मारपीट से जुड़ा है, जिसमें उमर अहमद पर गंभीर आरोप लगे हैं।

# मतभेदों के समाधान के लिए निरंतर बातचीत जरुरी : राजनाथ

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा से लगते कुछ क्षेत्रों में मतभेदों को हल करने के लिए भारत और चीन के बीच बनी व्यापक सहमति इस बात का प्रमाण है कि निरंतर बातचीत से समस्याओं का समाधान होता है।

श्री सिंह ने गुरुवार को यहां चाणक्य रक्षा वार्ता में मुख्य भाषण देते हुए जोर देकर कहा कि दोनों देश राजनयिक और सैन्य स्तर पर बातचीत में शामिल हैं और समान तथा पारस्परिक सुरक्षा के सिद्धांतों के आधार पर जमीनी स्थिति को बहाल करने के लिए व्यापक सहमति हासिल की गई है। उन्होंने कहा कि यह निरंतर संवाद में शामिल रहने की शक्ति है। रक्षा मंत्री



ने विकास और सुरक्षा के लिए भारत का दृष्टिकोण विषय पर अपना दृष्टिकोण साझा करते हुए कहा कि विकास और सुरक्षा को अक्सर अलग-अलग दृष्टिकोण से देखा जाता है, लेकिन वास्तव में, ये गहराई से जुड़े हुए हैं और पारस्परिक रूप से मजबूत हैं। उन्होंने कहा कि भूमि, श्रम, पूंजी और उद्यमिता जैसे आर्थिक विकास के प्रमुख कारकों का अध्ययन आर्थिक विश्लेषण का केंद्र रहा है जबकि रक्षा और सुरक्षा के प्रभाव का पारंपरिक रूप से अध्ययन नहीं किया गया है। ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि सुरक्षा को अक्सर एक आवश्यक लेकिन गैर-आर्थिक कारक के रूप में देखा जाता है। उन्होंने कहा कि रक्षा खर्च, सैन्य बुनियादी ढांचा और राष्ट्रीय सुरक्षा आर्थिक विकास और संसाधन आवंटन को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकते हैं, यहां तक कि गैर-युद्ध अवधि या शांतिकाल में भी। श्री सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि किसी भी देश के बजट का एक महत्वपूर्ण हिस्सा सुरक्षा के लिए समर्पित है, यह क्षेत्र स्वयं रोजगार सृजन, तकनीकी प्रगति और बुनियादी ढांचे के विकास के माध्यम से महत्वपूर्ण आर्थिक योगदान देता है।

# जस्टिस संजीव खन्ना होंगे देश के अगले मुख्य न्यायाधीश

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट के दूसरे सबसे वरिष्ठ जज जस्टिस संजीव खन्ना देश के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे। वर्तमान चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने जस्टिस खन्ना को अगला सीजेआई बनाने की सिफारिश केंद्र सरकार से की है। केंद्र सरकार यह सिफारिश मानती है तो 10 नवंबर को जस्टिस खन्ना सीजेआई पद संभालेंगे। वर्तमान जस्टिस चंद्रचूड़ उसी दिन सेवानिवृत हो रहे हैं। जस्टिस खन्ना का कार्यकाल 23 मई, 2025 तक होगा। यानी वह करीब साढ़े छह महीने इस पद पर रहेंगे। केंद्र सरकार ने स्थापित नियमों के तहत सीजेआई से पिछले शुक्रवार



को अनुरोध किया था कि वह अपने उत्तराधिकारी का नाम सुझाएं। इसी के जवाब में चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने यह सिफारिश की है। जस्टिस संजीव खन्ना भारतीय न्यायपालिका में अपनी निष्पक्षता और कानूनी विद्वता के लिए जाने जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट में प्रोन्नत होने से पहले वह दिल्ली हाईकोर्ट के जज रह चुके हैं।

### एक बार फिर 70 से अधिक विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सूत्रों ने बताया कि एअर इंडिया, विस्तारा और इंडिगो के करीब 20 विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है, जबकि अकासा एयर की करीब 14 उड़ानों को धमकी मिली है। इस तरह पिछले 11 दिनों में करीब 250 उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। हालांकि, ऐसी धमकियां अभी तक फर्जी साबित हुई हैं। अकासा एअर के प्रवक्ता ने बताया कि उसकी कुछ उड़ानों को सुरक्षा संबंधी अलर्ट मिला है, जो 24 अक्टूबर को अपने गंतव्य की ओर रवाना होने की तैयारी में थी। प्रवक्ता ने कहा कि अकासा एअर का आपातकाल प्रतिक्रिया दल स्थिति पर नजर बनाए रखा है। वह सुरक्षा और नियामक अधिकारियों के साथ लगातार बातचीत कर रहा है। हम स्थानीय प्राधिकारियों के साथ समन्वय कर सभी सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन कर रहे हैं।

# दिखा दाना का असर, ओडिशा में बारिश बंगाल में आंधी-तूफान से एयरपोर्ट बंद

**ओडिशा, नई दिल्ली।**

बंगाल की खाड़ी से उठा चक्रवाती तूफान दाना अब रफ्तार पकड़ रहा है। ओडिशा में जहां तेज बारिश हो रही है तो वहीं पश्चिम बंगाल में भी आंधी-तूफान आने लगा है। चक्रवाती तूफान दाना की रफ्तार 120 किलोमीटर प्रति घंटे रह सकती है। यह शुक्रवार सुबह ओडिशा और बंगाल के समुद्री तटों से टकरा सकता है। इसी को देखते हुए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों को तैनात किया गया है।

25 अक्टूबर यानि शुक्रवार की सुबह ओडिशा और पश्चिम बंगाल के लिए हलचल पैदा करने वाली सुबह रहेगी। बंगाल की खाड़ी से उठा



चक्रवात 'दाना' अपना ताना-बाना बुनने के लिए पूरी तरह से तैयार है। अभी यह ओडिशा के तट के करीब है और 12 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर और उत्तर-पश्चिम की ओर से आगे बढ़ रहा है। अभी इसकी रफ्तार भले ही कम है, लेकिन जब ये सुबह लैंडफॉल करेगा तो इसकी रफ्तार 120 से 140 किलोमीटर प्रति घंटा रहने का संभावना है। इस दौरान तेज हवाएं चलेंगी और भारी बारिश भी हो सकती है। 'दाना' के भयावह रूप को देखते हुए अभी से ही सारी तैयारियां कर ली गई हैं। ओडिशा और पश्चिम बंगाल को हाई अलर्ट पर रखा गया है। वहीं तीन अन्य राज्यों में भी अलर्ट जारी किया गया है। ये राज्य झारखंड, छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश हैं। तीनों राज्यों में एनडीआरएफ के साथ-साथ एसडीआरएफ की तैनाती की गई है। वहीं कोलकाता एयरपोर्ट को बंद कर दिया गया है। इसके साथ-साथ ओडिशा के बीजू पटनायक इंटरनेशनल एयरपोर्ट को 16 घंटे के लिए बंद कर दिया गया है।

मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, चक्रवात 'दाना' ओडिशा के पुरी और पश्चिम बंगाल के सागर द्वीप के बीच प्रभाव डालेगा।

**सहूलियत** — 2025 की बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के लिए निर्देश जारी

# बोर्ड के परीक्षार्थी शैक्षिक विवरणों की त्रुटियों को 12 नवम्बर तक करें दूर

- प्रधानाचार्य डीआईओएस कार्यालय में 14 नवम्बर तक करें जमा

**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।**

एशिया के सबसे बड़े उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज (यूपी बोर्ड) ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के लिए एक सराहनीय पहल लागू किया है। ताकि परीक्षा के बाद मिलने वाले अंकपत्र सह प्रमाणपत्र में कोई गड़बड़ी न रहे।




इससे परीक्षार्थियों, उनके अभिभावकों और विद्यालय के शिक्षकों को यूपी बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय या बोर्ड मुख्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा, बल्कि परीक्षा से पहले गड़बड़ी को विद्यालय के माध्यम से ठीक करा लिया जाए।



यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने गुरुवार को बताया कि हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा 2025 में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं के शैक्षिक विवरणों की त्रुटियों के निराकरण के लिए सभी शैक्षिक विवरणों तथा कक्षा-11 के पंजीकरण में अंकित हाईस्कूल के त्रुटिपूर्ण अनुक्रमांक को संशोधित करने के लिए 25 अक्टूबर से 12 नवम्बर की मध्यरात्रि तक परिषद की वेबसाइट 'यूपीएमएसपीडाटईडीयूडाटइन' क्रियाशील रहेगी।

सचिव ने बताया कि उक्त के अतिरिक्त ऑफलाइन माध्यम से छात्र-छात्राओं की जन्म तिथि में संशोधन छात्र, माता, पिता का पूर्ण नाम संशोधन एवं छात्र, छात्राओं के विवरण को नियमानुसार डिलीट, रिस्टोर के संशोधन सम्बंधी प्रकरण प्रधानाचार्य समस्त आवश्यक प्रपत्रों के साथ जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में 14 नवम्बर तक जमा कर दें। निर्धारित अवधि व्यतीत होने के उपरांत संशोधन के लिए कोई अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।

फर्जी हाजिरी लगाकर मनरेगा में भ्रष्टाचार का मामला

# सचिव अंजान, बीडीओ बोले- होगी कार्रवाई

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही और कमीशन खोरी की वजह से यह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है। मजदूरो को रोजगर नहीं मिल रहा लेकिन बिना काम करायें लाखों का भुगतान निकल रहा है।

खण्ड विकास में कार्यरत जिम्मेदारों की मिली भगत से सरकारी धन के बंदर बाट के मामले प्रकाश में आ रहे है। मामला विकास खण्ड ईसानगर की ग्राम सभा मटरिया का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक परियोजना पर पांच सेट में मास्टर रोल जारी किया गया है। त्रिभवन के खेत से असगर अली के खेत तक मिट्टी पटाई कार्य नामक परियोजना पर 41 मजदूरों की हाजिरी मास्टर रोल में लग रही है। जबकि मौके पर पांच ही मजदूर काम करते मिले, और उपस्थित व्यक्ति द्वारा ज्ञात हुआ जिन लोगों की हाजिरी लगा रही है वह काम पर नहीं आते। उनकी केवल फर्जी हाजिरी लग रही है , साथ ही पोर्टल पर फोटो पुराने लगा दिए गए।





> इस संबंध मे प्रदीप चौधरी खण्ड विकास अधिकारी ईसानगर से फोन के माध्यम से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि आपके माध्यम से जानकारी मिली है, इसको पहले ऑनलाइन पोर्टल से चेक करवाते है, अगर इस तरीके की कोई समस्या है तो पेमेंट भी रुकेगा कार्यवाही भी होगी।

> ललकार सिंह सचिव मटरिया को फोन करने पर उनके द्वारा बताया गया कि मुझे जानकारी नहीं है पोर्टल देखकर बताता हूं, साथ ही उन्होंने कहा प्रधान गरीब है उसे मत देखो।

इसी प्रकार ग्राम सभा कविरहा मे प्रथमिक विद्यालय नगरिया मे बन रहे आंगनवाड़ी केंद्र निर्माण कार्य परियोजना पर एक सेट में मास्टर रोल जारी किया गया है, जिसमें सात मजदूरों की हाजरी दर्ज की गई है, जिसमे मौके पर सिर्फ तीन मजदूर ही देखने को मिले। ईसानगर विकास खण्ड के अंतर्गत बहुत सी ग्राम पंचायतो का यही है हाल है। इस तरह मनरेगा योजना में बिना काम करायें मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाकर लाखों का भुगतान कराया जा रहा है। जिसकी वजह से वास्तविक मजदूरों को काम नहीं मिल रहा है। सूत्रों की माने तो परियोजना पर टी ए बिना मौके पर गए ऑफिस में बैठे-बैठे उन परियोजनाओं की बकायदा एमबी कर फाइलों को भुगतान के लिए भेज देते हैं। फाइलों में बने एस्टीमेट के अनुसार वहां कार्य नहीं होता है, और न ही मस्टररोल के हिसाब से मजदूर होते हैं। मजदूरों की बजाए मशीनों से काम करवा दिया जाता है।

## दो ट्रकों की आमने-सामने से हुई जोरदार टक्कर, एक ट्रक चालक गंभीर

**संसारपुर खीरी।** नेशनल हाईवे 730 पर थाना मैलानी क्षेत्र के टेढवा पिकेट दो ट्रकों की आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गयी जिससे एक ट्रक जंगल की खाई में उतर गया जिसका ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। दूसरा ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे संसारपुर चौकी प्रभारी मोहित पुंडीर व उप



निरीक्षक प्रेमचंद थाना क्षेत्र के हमराही ने घायल को इलाज हेतु सी एच सी खुटार भेजा। चौकी प्रभारी मोहित पुंडीर ने बताया गोला से हरियाणा चावल लिए एक ट्रक संख्या यूपी31एटी 1818 जा रहा था। नेशनल हाईवे पर जंगल में टेढवा पिकेट के नजदीक विपरीत दिशा से आ रहा दूसरा ट्रक सामने से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक जंगल में खाई मे उतर गया जिसका ड्राइवर मुन्ना खान पुत्र बाबू खान उम्र लगभग 34 वर्ष निवासी सरकारगढ़ थाना हैदराबाद जिला खीरी गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार( शाहजहांपुर) भेज दिया गया है।

# आधा सत्र बीत गया, नहीं मिली सभी बच्चों को यूनिफॉर्म

- धनराशि मिलने के बाद भी अभिभावक नहीं खरीद रहे यूनीफार्म

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

परिषद स्कूलों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को यूनिफॉर्म जूता मोजा के लिए शासन ने अभिभावकों के खाते में धनराशि भेजी थी। आधा सत्र बीत जाने के बाद भी बच्चे रंग बिरंगी पोशाक पहन कर स्कूलों में दिखाई देते हैं। अभिभावकों के साथ ही अध्यापक भी इस बात से बेखबर हैं।

परिषदीय स्कूलों में आधा सत्र बीत जाने के बाद अर्धवार्षिक परीक्षा होने को हैं लेकिन अभी तक स्कूलों के समस्त बच्चे यूनिफॉर्म में नहीं पहुंच पाए हैं। इसके बावजूद कहीं कहीं बच्चों के अभिभावक धनराशि मिलने के बाद भी यूनिफॉर्म खरीद नहीं पा रहे हैं तो कहीं धनराशि डीबीटी के माध्यम से बच्चों के खाते में ही नहीं पहुंच पाई है। बिजुआ ब्लॉक क्षेत्र के अधिकांश स्कूलों में लगभग 20 प्रतिशत बच्चे पुरानी यूनिफॉर्म या रंग-बिरंगे कपड़े पहनकर बैग के स्थान पर झोला टांगे हवाई चप्पलों में स्कूल पहुंच रहे हैं। स्कूलों में बच्चों की स्कूल ड्रेस और अन्य सामान के लिए डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर की तरफ से छात्रों के अभिभावकों के खातों में 1200 रुपए की धनराशि पहुंचाई जाती है जिससे वह अपने बच्चों के लिए यूनिफॉर्म,जूता,मोजा,बैग और जरूरी स्टेशनरी की खरीदारी करते हैं। देखा जा रहा है कि आज भी बहुत से बच्चे ऐसे हैं जो धनराशि मिलने के बाद भी बगैर यूनिफॉर्म अन्य कपड़ों में स्कूल पहुंच रहे हैं। जिन पर ना ही स्कूल के अध्यापक ध्यान दे रहे हैं और न ही अभिभावक ध्यान दे रहे हैं। अभिभावकों के खाते में1200 रुपए की धनराशि भेजी जाती है जिसमें स्कूल यूनिफॉर्म के लिए600 रुपए , स्वेटर के लिए 200 रुपए, जूते मोजे के लिए 150 रुपए, स्कूल बैग के लिए 150 रुपए और कॉपियों के लिए100 रुपए मिलते हैं। परंतु रुपए मिलने के बाद भी कुछ अभिभावक अपने बच्चों के लिए स्कूल ड्रेस और यह सामान नहीं लेकर देते जिसका रुपया अपने प्रयोग में ले लेते हैं। जिस कारण बच्चे धनराशि मिलने के बाद भी स्कूल में बगैर यूनिफॉर्म पहुंच रहे हैं।



> अभिभावकों के खातों में रुपया पहुंचता है। जिसे वह अन्य कार्यों में खर्च कर लेते हैं जिस कारण बच्चे यूनिफॉर्म से वंचित रह जाते हैं बिजुआ ब्लॉक क्षेत्र में लगभग 800 बच्चे रह गए हैं जिनके आधार में कमियां है। बैच बन रहे हैं काम चल रहा है। शीघ्र ही उनके भी रुपए भेजे जाएंगे।
>
> -नागेंद्र प्रताप चौधरी
> खंड शिक्षा अधिकारी बिजुआ

# थारू समाज से मिलकर हो रही बेहद खुशी की अनुभूति: सावित्री ठाकुर

- पारंपरिक वेशभूषा में थारू जनजाति की युवतियों ने किया जोरदार स्वागत
- केंद्रीय मंत्री ने किया स्वयं सहायता समूह की थारू जनजाति की महिलाओं से संवाद

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

गुरुवार को अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय राज्यमंत्री महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार सावित्री ठाकुर, उत्प्रप्र इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन एण्ड रिसर्च की अध्यक्ष क्षिप्रा शुक्ला संग तहसील व ब्लॉक पलिया के थारू जनजाति क्षेत्र चंदन चौकी के ग्राम गोबरौला में श्रीमती आरती राना के आवास पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद करने पहुंची, जहा पारंपरिक वेशभूषा में थारू जनजाति की युवतियों ने उनका पुष्पवर्षा कर स्वागत, अभिनंदन किया।



केंद्रीय राज्यमंत्री महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार सावित्री ठाकुर ने जनजातीय क्षेत्र के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद कर थारू हस्तशिल्प उत्पादों के निर्माण, विपणन की जानकारी ली और थारू हस्तशिल्प उत्पाद का निर्माण देखा। उन्होंने जाना कि इन उत्पादों के जरिये उनके समूह को कितनी आमदनी हो जाती है। कहा कि उन्हें थारू समाज से मिलकर बेहद खुशी की अनुभूति हो रही है। आपके बीच आकर संवाद करना हमारा सौभाग्य है। थारु क्षेत्र की बालिकाओं व महिलाओं में भी अपार कौशल व कुशलता है।सरकार की ओर से जनजातियों को आर्थिक रूप से संपन्न बनाने के लिए तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने प्रस्तुत किए जाने वाली कार्यक्रम की मुक्त कंठ से सराहना की। उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट आफ डिजाइन एंड रिसर्च की अध्यक्ष क्षिप्रा शुक्ला ने भी अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन योजना क्षेत्र में संचालित योजनाओं के संबंध में परियोजना अधिकारी यूके सिंह ने विस्तृत रूप से अवगत कराया। कार्यक्रम में जनजाति क्षेत्र की उद्यमी महिलाएं, परियोजना अधिकारी यूके सिंह, डीपीओ भारत प्रसाद, जॉइंट बीडीओ, इंस्पेक्टर चंदनचौकी, प्रभारी निरीक्षक गौरीफटा, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि नई ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

**गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, शिशुओं को कराया अन्नप्राशन:** कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार सावित्री ठाकुर चेयरपर्सन, उप्र इंस्टीट्यूट आफ डिजाइन एंड रिसर्च शिप्रा शुक्ला संग पांच गर्भवती महिलाओं को पोषण किट देकर गोद भराई कार्यक्रम एवं छह माह के तीन शिशुओं को खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार कराया। इस गोद भराई और अन्नप्राशन संस्कार कार्यक्रम का संयोजन जिला कार्यक्रम अधिकारी भारत प्रसाद ने किया।

## मानवता का दिखा रूपा, हिंदू रीति-रिवाज से बंदर का किया गया अंतिम संस्कार

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

लखीमपुर खीरी के धौरहरा क्षेत्र रसूलपुर गांव के लोगो ने एक बंदर के शव का अंतिम संस्कार कर मानवता का रूप दिखाया जिससे दूर दूर तक चर्चा हुई। धौरहरा के रसूलपुर गांव के लोगों ने पूरे हिंदू रीति-रिवाज के साथ बंदर की अर्थी सजाकर शव यात्रा निकाली। उसके बाद बंदर की समाधि लगाने का फैसला किया। फिर बंदर की शव



यात्रा निकाल कर एक स्थान पर ले जाया गया। यहा बंदर की शव यात्रा देख भीड़ उमड़ गई। जिसने भी बंदर को देखा उसकी आंखे नम हो गयी। कुछ लोगों ने सभी से अपील भी की कि इस तरह से जानवरों के लिए सभी लोग आगे आएं, ताकि उनका विधि विधान से अंतिम संस्कार किया जा सके। ऐसे समय में सामाजिक लोगों द्वारा एक बंदर का विधि विधान से अंतिम संस्कार कर एक अनूठी मिसाल पेश की गई है। काफी समय से ये बंदर गांव में घूमते हुए देखा जा रहा था और चले रहे मंदिर निर्माण में शाम को विश्राम करता था फिर अचानक किसी चीज से उसको चोट लग गई जिसके चलते पांच दिन पूर्व से उसका लोगो ने इलाज भी करवाया लेकिन बचाया नही जा सका। सूचना मिलते ही क्षेत्रवासी इकट्ठा होने लगे। सभी ने मिलकर हिंदू रीति रिवाज से बंदर के अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू कर दी। बंदर को स्नान कराकर लाल कपड़ा डाला गया। लोगों ने गुलाब की फूल माला पहनाकर नम आंखों से शव यात्रा निकाली। समाज के साथ निकाली शव यात्रा को देखने लोग जगह जगह खड़े हो गए। उसके बाद उसका हिंदू रीति रिवाज से अंतिम संस्कार किया गया।

## श्री रामलीला में मेले के अंतिम दिन कवि सम्मेलन आयोजित

- शहर के शोर में वीरानियां हैं, यहां तुम हो मगर तनहाइयां हैं
- उन्हीं आखों को चश्मे की कहीं ज्यादा जरूरत है, जिन्हें मां-बाप का टूटा हुआ चश्मा नहीं दिखता

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

नगर पालिका परिषद के माध्यम से मेला श्री रामलीला मे मेले के अंतिम दिन अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें देश के नामी गिरामी कवि और कवित्रियों ने अपने-अपने रचना से लोगों की खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। अध्यक्ष संदीप महरोत्रा और कार्यक्रम के अध्यक्ष राम जी गुप्ता



सभासद ने आए हुए कवियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का सफल सचालन बाराबंकी से आऐ नीरज पाडे ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत जबलपुर से आई मोनिका दुबे ने खूबसूरत अंदाज में वाणी वंदना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। वही उसके उपरांत ओज के सशक्त हस्ताक्षर पंकज पंडित ने कुछ यू कहा, कहा पूछता है जिनको सारा जहां उन शहीदों का शत-शत नमन करते हैं ए राजा महाराजा फकीरों का देश है शरण जिन्हें कोई नहीं देता उन्हें हम शरण देते हैं वहीं उन्होंने राजनीति पर प्रहार करते हुए कहा कुर्सी में बैठे नेता किसी भरम में न रहे कुर्सी किसी के बाप की जागीर नहीं है वही बाराबंकी से हास्य व्यंग्य के प्रमोद पंकज ने सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि तुमने भी पेपर देखा मैंने भी पेपर देखा पेपर लीक हो गया रब्बा रब्बा सिस्टम फेल हो गया रब्बा रब्बा कार्यक्रम में इंदौर से अमन अक्षर ने किसानों की बात करते हुए कहा। कार्यक्रम देर रात चलता रहा, कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पुलिस उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष दुर्गा मल्होत्रा, शिवनंदन रस्तोगी, सभासद सुशील वर्मा, राकेश कटियार, अनुपम गुप्ता, कलामुद्दीन सहित नगर पालिका परिषद के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

## कैरतीपुरवा में पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला एवं शिविर का आयोजन

**ईसानगर खीरी।** मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी लखीमपुर खीरी डॉ जगदीश प्रसाद के दिशा निर्देशन में ग्राम पंचायत कैरतीपुरवा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला एवं शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन ग्राम प्रधान, एवं मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ जगदीश प्रसाद द्वारा गौ माता का पूजन एवं पंडित दीनदयाल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हुआ। कैंप के दौरान उपमुख्य पशु चिकित्साअधिकारी धौरहरा डॉ राकेश कुमार द्वारा पशुओं के रख रखाव, पशु नस्ल छोटे पशुओं को दी जाने वाली क्रमिनाशक दवा कब और कैसे दी जाती है, साथ ही संतुलित पशुआहर जिससे पशुओं का विकास अच्छा हो, इसकी जानकारी दी गई। विभाग द्वारा चलाए जा रहे टीकाकरण, गला घोटू,



खुरपका, मुखपका एवं लंपी स्किन डिजीज, टीकाकरण होने एवं इनके होने पर पशुओं में पाए जाने वाले लक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी डॉ प्रदीप कुमार द्वारा दी गई। कृत्रिम गर्भाधान एवं उसके फायदे, सेक्स सार्टेड सीमेन जिसके कृत्रिम गर्भाधान से सिर्फ बछिया ही पैदा होगी इसके बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। कैंप के दौरान पशु पालन विभाग से पशुधन प्रसार अधिकारी वीरेंद्र कुमार वर्मा,चरण सिंह तोमर पशु औषधिक महादेव प्रसाद, विजय कुमार यादव पशु मित्र के साथ-साथ पशुपालक भाई उपस्थित रहे।

# मड़हा बाबा के श्रद्धालुओं में जागी उम्मीद, मैलानी रेंजर को आदेश का इंतजार

**बांकेगंज खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

बांकेगंज में दुधवा टाइगर रिजर्व क्षेत्र के किशनपुर सेंचुरी स्थित मड़हा बाबा स्थान बांकेगंज से लगभग 12 किलोमीटर, मैलानी से लगभग आठ किलोमीटर तथा पहाड़नगर ग्राम पंचायत से 6 किलोमीटर दूरी पर है। ग्रामीणों के अनुसार सात वर्ष पूर्व तक बड़ी संख्या में क्षेत्र के श्रद्धालु ट्रैक्टर ट्राली से अपने नाते रिश्तेदारों के साथ वहां जाकर बच्चों के मुंडन तथा भंडारा कराते थे। वन विभाग प्रत्येक ट्रैक्टर ट्राली के लिए 500 रुपए की रसीद काटकर देता था। मड़हा बाबा स्थान के नजदीक स्थित तालाब में बड़ी संख्या में उपस्थित कछुओं एवं मछलियों को देखने के लिए लोगों की भीड़ लगी रहती थी। श्रद्धालु उन्हें लईया खिलाया करते थे। दुधवा टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में शामिल किए जाने के बाद वनाधिकारियों द्वारा आम जनमानस के प्रवेश पर रोक लगाई जाने लगी। जनप्रतिनिधियों के कारण दो तीन वर्ष तक तो जैसे तैसे लोग जाते रहे परंतु धीरे धीरे वन विभाग ने लोगों की आस्था और श्रद्धा पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया। दिन भर मड़हा बाबा के जयकारों से गूंजने वाला स्थान सुनसान हो गया। मड़हा बाबा में अपनी आस्था को बनाए रखने के लिए पहाड़नगर ग्राम पंचायत के कुछ लोग पिछले वर्ष मड़हा बाबा स्थान से पत्थर और घंटी ले आए तथा उसे पहाड़नगर स्थित उस मंदिर के प्रांगण में स्थापित किया जिसमें सन 2002 में खुदाई में निकली शिवलिंग स्थापित



की गई है। उससे पूर्व कुछ अन्य लोग भी मड़हा बाबा स्थान से पत्थर और घंटी उठा ले आए थे तथा उसे सुनहरा भूड़ के पास जंगल की सीमा में ही स्थापित कर पूजा अर्चना करनी शुरू कर दी। मड़हा बाबा के नाम से वहां भंडारा भी करने लगे थे परंतु बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बेहद कम हो गई थी। मड़हा बाबा जाने पर लगी रोक को हटाए जाने के संबंध में मैलानी के नगर वासियों की ओर से मुख्यमंत्री को दिए गए प्रार्थना पत्र में यह तर्क दिया गया था कि पीलीभीत वाइल्ड लाइफ सेंचुरी के अंदर लगभग 12 किलोमीटर की दूरी पर सेहला बाबा, 9 किलोमीटर वन क्षेत्र के अंदर सिद्ध बाबा तथा पूरनपुर से 7 किलोमीटर वन क्षेत्र के अंदर स्थित एकोत्तरनाथ नाथ बाबा के मंदिर में पूजा व भंडारा अभी भी चालू है जबकि मैलानी वन क्षेत्र में लगभग 7 किलोमीटर अंदर स्थित मड़हा बाबा स्थान जाने पर वनाधिकारियों ने यह कहकर रोक लगाई थी कि यह दुधवा टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में शामिल कर दिया गया है। क्षेत्र के लोगों की मड़हा बाबा मे आस्था व श्रद्धा को देखते हुए पुवायां विधायक चेतराम ने इस बात को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। मुख्यमंत्री से मिलने के बाद ही उन्होंने मीडिया को बताया कि मड़हा बाबा स्थान जाने पर लगी रोक को हटा दिया गया है। पुवाया विधायक द्वारा रोक हटाए जाने की बात कहे जाने के बाद से क्षेत्र के श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल है। यद्यपि वनकर्मी अपने विभाग के उच्चाधिकारियों से निर्देश मिलने के बाद ही वहां जाने की अनुमति देने की बात कह रहे हैं। दुधवा बफर जोन के मैलानी रेंजर नवीन दिवाकर ने बताया कि दुधवा राष्ट्रीय उद्यान के कोर एरिया में शामिल होने के बाद मड़हा बाबा स्थान आम जनमानस के लिए बन्द कर दिया गया था। इसे आम जनमानस के लिए खोले जाने की बाबत आज ही हमसे कई लोग पूछ चुके हैं परन्तु जब तक हमें विभाग से कोई आदेश नहीं मिलेगा तब तक बन्द ही रहेगा।

## स्व. भोलानाथ शेखर की स्मृति में प्रादेशिक कवि सम्मेलन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

ऐतिहासिक दशहरा मेला के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला में नवम दिवस पर स्वर्गीय भोलानाथ शेखर स्मृति प्रादेशिक कवि सम्मेलन का आयोजन कर प्रसिद्ध कवियों ने उपस्थित जनसमूह को काव्यपाठ कर निहाल किया। काव्य सम्मेलन की अध्यक्षता आलोक सीतापुरी ने की एवं संचालन कुलदीप श्रीवास्तव समर व विशेष शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉक्टर इरा श्रीवास्तव, मुख्य अतिथि भाजपा पिछड़ा वर्ग के प्रदेश सदस्य एवं जिला प्रभारी वासुदेव मौर्या, अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार एवं अन्य गणमान्य लोगों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ शुरू इस कार्यक्रम में पालिका परिषद अध्यक्ष की सामाजिक



विकास को गति देने के उद्देश्य से नई परिपाटी को आगे बढ़ाते हुए विभिन्न समाजसेवियों को सहयोगी सम्मान से विभूषित कर उन्हें उत्साहित किया गया। सम्मान पाने वालों में लखीमपुर जिला व्यापार मंडल महामंत्री प्रांजल शुक्ला, भारतीय योग संस्थान अवध प्रांत के प्रधान नरेश चन्द्र वर्मा, भारतीय योग संस्थान लखीमपुर संरक्षक सेवक सिंह अजमानी, भारतीय योग संस्थान जिला प्रधान रमेश कुमार वर्मा एडवोकेट, जिला मंत्री शिवराम वर्मा, जिला संगठन मंत्री अशोक तोलानी, जिला महिला प्रधान अर्चना श्रीवास्तव, जिला महिला मंत्री कामिनी मिश्रा, जिला महिला संगठन मंत्री प्रोफेसर सुशीला सिंह, इतिहास संकलन समिति के राजेश दीक्षित और व्यापार मंडल की कीर्ति गुप्ता रहे। उद्घाटन सत्र का सफल संचालन पूर्ववत समाजसेवी राममोहन गुप्त ने किया। तदोपरांत एक के बाद एक प्रस्तुति देकर कवियों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया, देर रात तक हर प्रस्तुति पर कार्यक्रम स्थल करतल ध्वनि से गुंजायमान होता रहा। काव्यपाठ करने वाले कवियों में प्रमुख रूप से रायबरेली के नीरज पांडेय, बाराबंकी के अजय प्रधान, योगेश चौहान, संध्या त्रिपाठी, मेलाधिकारी इंजीनियर अमरदीप मौर्या, सहायक मेलाधिकारी मुरारी लाल सूर्यवंशी सहित दर्जनों लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने अवैध खनन की मिट्टी भरी ट्रॉली-ट्रैक्टर को पकड़ा

**निघासन खीरी।** निघासन एसडीएम ने छापेमारी कर अवैध खनन की मिट्टी भरी जा रही ट्रॉली ट्रेक्टर को पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। दरअसल पूरा मामला निघासन तहसील क्षेत्र का है जहां निघासन तेजतर्रार एसडीएम राजीव निगम ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर अवैध खनन की मिट्टी भरी जा रही ट्रॉली ट्रेक्टर को पकड़ कर सिंगाही थाने की पुलिस के सुपुर्द कर दिया। एसडीएम की कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। एसडीएम राजीव निगम ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर



उन्होंने सिंगाही थाना क्षेत्र के नौरगाबाद रोड पर अवैध खनन की मिट्टी भरी जा रही ट्रॉली ट्रेक्टर को पकड़ कर सिंगाही थाने में खड़ा कराया गया है। सिंगाही थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि पकड़ी गई ट्रॉली ट्रेक्टर को सीज कर रिपोर्ट खनन विभाग को भेजी गई है।

# बदहाली के दौर से गुजर रहे हैं कुम्हार

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

आधुनिकता की चकाचौंध में मिट्टी के कलात्मक बर्तन व मूर्तियां बना कर जीवन यापन करने वाले कुम्हार बिरादरी के बेहतरीन कारीगर बदहाली के दौर से गुजर रहे हैं। यदि हम आप इनकी कला की ओर थोड़ा ध्यान दे दे तो इनका बीता हुआ कल वापस आ सकता है। एक जमाना था जब मिट्टी के बर्तन कलात्मक बर्तन व मूर्तियां बनाने वाले कुम्हार बिरादरी के इन बेहतरीन कारीगरों की बड़ी कदर होती थी। राजा महाराजाओं के यहां विधिवत नुमाईसें लगती थीं इन्हें इनाम, इकराम आदि से सम्मानित किया जाता था। धीरे-धीरे राजतंत्रात्मक शासन प्रणाली समाप्त हो गई। और प्रजातंत्रात्मक शासन प्रणाली का प्रादुर्भाव हुआ। अब न तो वे राजा रहे और न ही इनकी इस कला का सम्मान करने वाले लोग ही रह गए। मितौली समेत जिले के कई इलाकों में लोगों ने इनके द्वारा बनाए गए बर्तनों के स्थान पर कृत्रिम रूप से निर्मित वस्तुओं का प्रयोग करना शुरू कर दिया , जिससे इनकी इस कला को ग्रहण लग गया। वक्त के थपेड़ों के साथ ही साथ लोगों का इनकी कला की ओर से मोहभंग हो गया। फलतः मिट्टी के दीपक के अस्थान पर लोगों ने विधुत चलित कृत्रिम साधनों का प्रयोग करके अपने घरों को सजाना शुरू कर दिया। वही मिट्टी के कुल्हड़ और प्लेटों के स्थान पर प्लास्टिक से निर्मित गिलासों प्लेटो का प्रयोग करना शुरू किया जिसका आलम यह हुआ कि इनके मिट्टी में नष्ट होने के चलते धीरे-धीरे मिट्टी की उर्वरा शक्ति क्षीण होने लगी है। वहीं जलाने पर वायु प्रदूषण भी फैलने लगा।

- प्लास्टिक निर्मित वस्तुओं के प्रयोग से पर्यावरण को खतरा

इसके संबंध में मितौली निवासी किसान राम सागर कटियार बताते हैं कि भैया वे दिन कितने हसीन होते थे जो गर्मी के मौसम में मिट्टी के घड़ों में पानी भर कर रख दिया जाता था वह काफी शीतल हो जाता था। लोग लू के थपेड़ों से झुलस कर के इन्हीं मिट्टी के घड़ों के ठंढे जल को पी करके संतुष्टि प्राप्त करते थे ।सुबह कुल्हड़ की चाय की सोंधी सोंधी महक अब भी मन मस्तिष्क में समाई हुई है।

ग्राम मैनहन निवासी विद्यासागर ,व नेतराम पुत्र मूलचंद मिट्टी का कार्य करने वाले कुम्हार बिरादरी के बताते हैं कि दीपावली त्यौहार पर मिट्टी के दीपक व खिलौने बनाने की तैयारी हम लोग 6 माह पूर्व से ही शुरु कर देते थे। दीपावली आने पर मांग इतनी बढ़ जाती थी कि हम लोग उसे पूरा नहीं कर पाते थे अब तो जमाना बदल गया है । लोग चाइना की वस्तुओं का प्रयोग करके कृत्रिम झालरों से अपने घरों को दीपावली पर सजाना शुरू कर देते हैं। अब हम लोगों को कोई नहीं पूछता है। हमारी इस कला को ग्रहण लग चुका है। अब न तो जरूरत के हिसाब से मिट्टी मिल पाती है और न ही पकाने के लिए ईंधन ही मिल पाता है। परिवार पालने के लिए थोड़ा बहुत मिट्टी चॉक का कार्य करना पड़ता है । यदि सरकार थोड़ा हमारी दशा की ओर ध्यान दे दे तो हमारा बीता हुआ कल वापस आ सकता है।



# यूपी उपचुनाव : बीजेपी ने जारी की उम्मीदवारों की लिस्ट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

यूपी में विधानसभा की 7 सीटों करहल, कुंदरकी, गाजियाबाद, फूलपुर, मझवां, कटेहरी, खैर पर उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी ने करहल सीट से अनुजेश यादव, कुंदरकी से रामवीर सिंह ठाकुर, मझवां से सुषस्मिता मौर्य-कटेहरी से धर्म राज निषाद, खैर से सुरेंद्र दिलेर और मीरापुर से प्रत्याशियों का ऐलान किया है। फूलपुर से दीपक पटेल, गाजियाबाद से संजीव शर्मा को टिकट मिला है। सीसामऊ कानपुर सीट से अभी बीजेपी ने कोई उम्मीदवार घोषित नहीं किया है।कटेहरी से धर्मराज निषाद पुराने बसपाई हैं और तीन बार बसपा से विधायक और बसपा सरकार में मंत्री भी रहे। 2022 से पहले बीजेपी में आए।चुनाव लड़े और हार गए। बीजेपी ने इन्हें फिर मौका दिया है। मझवां से सुष्मिता मौर्य, बीजेपी से विधायक रहीं हैं। 2022 में सीट निषाद पार्टी को दे दी गई थी। मझवां से बीजेपी पार्टी की पूर्व विधायक को लड़ा रहीं हैं।अलीगढ़ की खैर सीट से सुरेंद्र दिलेर,पूर्व बीजेपी सांसद राजवीर दिलेर के बेटे हैं।फूलपुर से दीपक पटेल पूर्व बीजेपी सांसद केसरी देवी पटेल के बेटे हैं। कुंदरकी से रामवीर ठाकुर बीजेपी के कार्यकर्ता हैं। वे बीजेपी से चुनाव लड़ चुके हैं लेकिन जीते नहीं थे।मझवां से बीजेपी प्रत्याशी के ऐलान पर बीजेपी प्रवक्ता मनीष शुक्ला ने कहा, एनडीए एकजुट और उपचुनाव में एनडीए की सभी सीटों पर जीत होगी। दबाव की राजनीति इंडिया अलायंस में होती है,एनडीए में नहीं। बीजेपी ने सात कैंडिडेट घोषित किए हैं।दो अन्य सीटें हैं जिस पर भी नाम स्पष्ट हो जाएंगे।

**करहल में चला बड़ा दांव, मुलायम सिंह के रिश्तेदार अनुजेश यादव को दिया टिकट**

### सपा के सिंबल पर सभी नौ सीटों पर उम्मीदवार लड़ेंगे चुनाव

सपा और कांग्रेस के बीच उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव में सीट शेयरिंग को लेकर चल रही खींचतान खत्म हो गई है। खींचतान पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने विराम लगा दिया है।उन्होंने साफकर दिया है कि इंडिया गठबंधन सभी 9 सीटों पर होने वाले उपचुनाव में सपा के सिंबल पर ही चुनाव लड़ेगा। उपचुनाव में कोई भी कांग्रेस का उम्मीदवार चुनाव नहीं लड़ेगा।लोकसभा चुनाव 2024 में सपा और कांग्रेस एक साथ चुनाव के मैदान में उतरी थी,जिसका फायदा उन्हें उत्तर प्रदेश में हुआ था।उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन ने सबसे ज्यादा जीत सीटों पर हासिल की थी।उत्तर प्रदेश में उपचुनाव में सपा ने पहले कांग्रेस को 2 सीटें दी थी।कांग्रेस 5 सीटों की मांग कर रही थी, जिस वजह से दोनों दलों के बीच खींचतान चल रही थी। अखिलेश यादव ने कांग्रेस हाईकमान से फोन पर सीट बंटवारे को लेकर बात की थी।दोनों दलों के बीच सीट बंटवारे को लेकर आम सहमति बन गई। फैसला हुआ है कि उपचुनाव में सपा के सिंबल पर ही इंडिया गठबंधन चुनाव लड़ेगा। सूत्रों की मानें तो यूपी कांग्रेस ने हाईकमान को प्रस्ताव भेजा था, उसमें 5 सीटों पर लड़ने या सभी सीटों को छोड़ने की बात कही गई थी। अखिलेश यादव से बात होने के बाद हाईकमान ने यूपी कांग्रेस को समझाया है। उन्होंने अपने नेताओं को संदेश दिया है कि 2027 के लिए एकसाथ रहना जरूरी है। कांग्रेस उपचुनाव में कोई भी उम्मीदवार नहीं खड़ा करेगी। वो सभी सीटें सपा के लिए छोड़ रही है।

### बसपा ने आठ सीटों पर उम्मीदवार घोषित किए

बहुजन समाज पार्टी ने प्रदेश में हो रहे विधान सभा उपचुनावों के लिए गुरुवार को आठ उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। केन्द्रीय कार्यालय की तरफ से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि अंबेडकर नगर की कटेहरी विधानसभा सीट से अमित वर्मा को प्रत्याशी बनाया गया है। प्रयागराज की फूलपुर विधानसभा सीट से जितेंद्र कुमार सिंह, मुजफ्फरनगर की मीरापुर विधानसभा सीट पर शाहनजर, कानपुर नगर की शीशामऊ विधानसभा सीट से वीरेंद्र कुमार शुक्ला, मैनपुरी की करहल सीट से अवनीश कुमार शाक्य, मुरादाबाद की कुंदरकी सीट से रफतुल्ला उर्फ नेता छिद्दा, गाजियाबाद की गाजियाबाद विधानसभा सीट से परमानंद गर्ग और मीरजापुर की मझवा विधानसभा सीट से दीपक तिवारी को बहुजन समाज पार्टी ने उपचुनाव में उम्मीदवार बनाया है।

यूपी बीजेपी की लिस्ट के ऐलान पर सपा के प्रदीप भाटी ने कहा कि जिन सीटों पर चुनाव हो रहे हैं उसमें से 5 सीटों पर हमने जीती थी। हमारी कांग्रेस से लंबे समय से बात चल रही है। बीजेपी के सहयोगी दल निषाद पार्टी ने कई मौकों पर मझवां और कटेहरी सीट मांगी थी। बीजेपी हाईकमान से भी उन्होंने बात की थी,लेकिन बात सम्भवतः बनी नही है।सियासत में समीकरण और अवसर समय के अनुसार बनते बिगड़ते रहते हैं।पता नहीं ऊंट कब किस करवट बैठ जाये। किसे कब अवसर मिल जाये और शिसकन्दरश् बन जाये। फिलहाल उपचुनाव को लेकर एनडीए और इंडिया गठबंधन दोनों फतह खातिर पुरजोर ताकत झोंक रहे हैं।

# घरेलू बिजली कनेक्शन का कॉमर्शियल इस्तेमाल करने पर अब नहीं होगी एफआईआर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अंतर्गत आने वाले 19 जिलों के लाखों उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है। अब ऐसे बिजली उपभोक्ता जो एक से लेकर पांच किलोवाट तक का घरेलू कनेक्शन लिए हुए हैं, लेकिन इसका व्यावसायिक इस्तेमाल कर रहे हैं और जांच के दौरान पकड़े जाते हैं तो भी उन पर एफआईआर दर्ज नहीं कराई जाएगी, बल्कि सिर्फ जुर्माना वसूला जाएगा।

अभी तक ऐसे मामलों में उपभोक्ता के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कराई जाती थी। इसके बाद उसे केस भी लड़ना पड़ता था और जुर्माना भी भरना पड़ता था, लेकिन अब सिर्फ जुर्माना भरने से ही काम चलेगा, उपभोक्ता की किरकिरी नहीं होगी।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक भवानी सिंह खंगारौत ने मध्यांचल के अंतर्गत आने वाले सभी 19 जिलों में यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू करने का आदेश दे दिया है। प्रबंध निदेशक भवानी सिंह ने बताया कि विद्युत नियामक आयोग की तरफ से जारी विद्युत (कठिनाई का निवारण) प्रथम आदेश 2009 के मुताबिक घरेलू उपभोक्ताओं को यह राहत प्रदान की गई है।

अब अगर जांच के दौरान पांच किलोवाट या उससे कम स्वीकृत भार वाले घरेलू उपभोक्ताओं के परिसर का आंशिक उपयोग कॉमर्शियल एक्टिविटीज में पाया जाता है तो जुर्माने के साथ नोटिस जारी की जाएगी। सीधे एफआईआर दर्ज नहीं कराई जाएगी।

अभी तक इस तरह के मामलों में एफआईआर ही दर्ज करने का प्रावधान था, लेकिन नियामक आयोग के निर्देश के बाद इस तरह की व्यवस्था मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अंतर्गत आने वाले 19 जिलों के उपभोक्ताओं के लिए लागू की जा रही है। सिर्फ लखनऊ के ही करीब 13 लाख उपभोक्ताओं को सीधे तौर पर इससे राहत मिलेगी।

उन्होंने बताया कि एक किलोवाट के घरेलू कनेक्शन पर वाणिज्यिक प्रयोग होते पाए जाने पर उपभोक्ता से रु. 5000 जुर्माना वसूलने का प्रावधान किया गया है। इसी तरह एक किलोवाट के व्यावसायिक कनेक्शन पर लोड ज्यादा पाया जाएगा तो रु. 10,000 जुर्माना लगेगा।

पांच किलोवाट पर लोड से ज्यादा इस्तेमाल पर रु. 50000 का जुर्माना उपभोक्ता को भरना पड़ेगा। इन मामलों में एफआईआर दर्ज नहीं कराई जाएगी। हालांकि, ऐसे मामलों में एफआईआर का भी प्रावधान रहेगा जो इतने भार पर बिजली चोरी करते हुए या मीटर बाइपास करते पाए जाएंगे।

## खबरें एक नजर में

### शराब बनाने पर तीन के खिलाफ मुकदमा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में आबकारी विभाग ने कच्ची शराब बनाने वाली जगहों पर दबिश दी। इस दौरान 45 लीटर कच्ची शराब और लहन बरामद किया गया। तालाब, खेत और बाग के किनारे कच्ची शराब बनाने का काम किया जा रहा था। विभाग ने कच्ची शराब बनाने वाली भट्ठी को भी नष्ट कर दिया। जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि माल थाने के रामनगर, कल्याणपुर के घर, खेत, बगीचे और तालाब के किनारे संदिग्ध स्थानों पर दबिश और छापेमारी की गई। दौरान दबिश से लगभग 45 लीटर अवैध कच्ची शराब और 100 किलोग्राम लहन बरामद हुआ। लहन को नष्ट किया गया और एक के खिलाफकेस दर्ज हुआ है। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के इंद्रजीत खेड़ा और गोसाईगंज क्षेत्र के कबीरपुर गांव में आबकारी विभाग ने घर में शराब बना रहे लोगों के खिलाफकार्रवाई की है। मौके से 20 लीटर कच्ची शराब और 150 किलो लहन बरामद हुई है। इस दौरान अवैध ढंग से शराब बनाने के मामले में आबकारी विभाग ने दो लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज किया है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि विभाग की तरफसे लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

### चार महीने से लापता युवक का शव मिला

**लखनऊ।** 4 महीने से लापता युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। बताया गया कि शव से कुछ दूरी पर जहर की पुड़िया मिली है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि युवक ने जहर खाकर अपनी जान दे दी है। वह अपने परिवार से नाराज चल रहा था। निगोहां थाना क्षेत्र के गोहां के शेरपुर लवल में गुरुवार सुबह 8 बजे गांव के बाहर एक खेत में युवक का शव पड़ा दिखा। मृतक की पहचान गांव के ही रामू (31) के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना निगोहा थाना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। युवक के लापता होने के बाद उसकी मां तलाश कर रही थी। नाते-रिश्तेदारों में पता किया था, लेकिन उसकी जानकारी नहीं मिली। महिला ने युवक की गुमशुदगी का मामला नहीं दर्ज कराया था। सुबह गांव के लोगों ने उसे रामू की लाश खेत में पड़ी होने की सूचना दी। बेटे की मौत का समाचार पाकर घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। घटनास्थल से पुलिस को मृतक का मोबाइल फोन और जहर की पुड़िया बरामद हुई है। प्रारंभिक जांच में पुलिस का मानना है कि युवक की मौत जहर खाने से हुई है। हालांकि, घटना की वास्तविकता का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। स्थानीय निवासियों के अनुसार, युवक की मौत की वजह स्पष्ट नहीं है और पुलिस सभी संभावित कोणों से जांच कर रही है।

### चोरों का आतंक, तहसील गेट से बाइक चोरी

**लखनऊ।** मोहनलालगंज पुलिस बाइक चोरों पर नहीं लगा पा रही लगाम। मोहनलालगंज में विगत दिनों में चोरों कई बाइक चोरी की घटना को अंजाम दिया चौकी और कोतवाली के ठीक बगल में स्थित तहसील परिसर से बाइक चोरी कर रहे है। ऐसी ही घटना बुधवार को एक बार फिर बाइक चोरों ने अंजाम दिया। गेट नम्बर चार पर हीरो सी डी डीलक्स जो कि सुधीर कुमार निवासी ठाकुर खेड़ा मजरा कल्ली पूरब की बाइक उड़ा ले गए। पीड़ित सुधीर कुमार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। आपको बताते चले कि 21 अक्टूबर को अधिवक्ता योगेश कुमार, 5 अक्टूबर को मुंशी प्रांजल साहू और 6 जून को अधिवक्ता देवव्रत तिवारी की बाइक भी इसी तहसील परिसर से चोरी हुई थी।

### धूप निकली, तापमान में बढ़ोतरी, सुबह-शाम हल्की ठंड का अहसास

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में गुरुवार को तेज धूप निकली और दोपहर तक तापमान 32 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि दिन में बादल छाए रहेंगे, लेकिन बारिश के कोई आसार नहीं हैं। आज दिन का अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम 22 डिग्री दर्ज किया जाएगा। सुबह हल्की धुंध भी छाई रही और हल्की ठंड का असर भी बना हुआ है। बुधवार को लखनऊ का अधिकतम तापमान 32.9 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 1.1 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 22.2 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य तापमान से 5.5 डिग्री अधिक रहा। अधिकतम आर्द्रता 93 फीसदी और न्यूनतम आर्द्रता 49 फीसदी दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार लखनऊ समेत आस-पास के इलाकों में 5 दिनों तक मौसम में बदलाव के कोई आसार नहीं हैं। इस दौरान तेज धूप निकलने के साथ बादल भी छाए रहेंगे। सुबह और शाम के समय में ठंड का असर बना रहेगा। मौसम विभाग ने पूर्वी यूपी में 24 और 25 अक्टूबर को हल्की बारिश के आसार जताए हैं। 26-27 अक्टूबर को मौसम साफबना रहेगा। इसके बाद 30 अक्टूबर को हल्की बरसात की संभावना बनी रहेगी। वहीं, पश्चिमी यूपी में बारिश को लेकर कोई भी अलर्ट मौसम विभाग ने जारी नहीं किया है।

# विस चुनाव तक नहीं टिकेगा सपा-कांग्रेस का गठबंधन : स्वाती सिंह

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ने दावा किया है कि सपा और कांग्रेस का गठबंधन जल्द ही बिखर जाएगा। यह 2027 तक नहीं चलने वाला है। उपचुनाव में कांग्रेस को मनमाफिक विधानसभा सीटों का न मिलना इसी का संकेत है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उप्र के उपचुनाव में अधिकतम सीटों पर कब्जा होगा।

उन्होंने कहा कि हरियाणा चुनाव में भी मीडिया के अनुमान के विपरित रिजल्ट रहा। कांग्रेस तो मतगणना से पूर्व लड्डू भी मंगा चुकी थी, लेकिन मैं वहां डेढ माह तक रहकर जमीनी हकीकत को परखा था। मैंने दावा किया था कि हरियाणा में सत्य की जीत होगी। असत्य ज्यादा दिन तक नहीं टिक सकता। स्वाती सिंह ने कहा कि कांग्रेस और सपा का गठबंधन विचारधारा पर आधारित नहीं है। कोई वहां झुकने वाला भी नहीं है। उनका तो सिर्फ भाजपा को हराना मकसद है।



इस तरह का कोई भी गठबंधन ज्यादा दिन तक नहीं चलता। उपचुनाव में भी यही हुआ और जब सपा ने कांग्रेस के मनमाफिक टिकट नहीं दिया और हर जगह अपने प्रत्याशी उतार रही है। उन्होंने याद दिलाते हुए कहा कि कांग्रेस ने उपचुनाव की तैयारियों के लिए सभी जगहों पर प्रभारी नियुक्त कर दिये थे। वह एक राष्ट्रिय पार्टी है। ऐसे में वहा सपा के गोंद में बैठकर कितने दिन तक उप्र में तीर चलाने का प्रयास कर सकती है।

# दीपावली पर 4 हजार अतिरिक्त बसें चलाएगा विभाग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

दीपावली पर यात्रियों की आवाजाही आसान करने के लिए रोडवेज प्रशासन 4000 अतिरिक्त बसें चलाएगा। इन बसों को जरूरत के हिसाब से रूटों पर उतारा जाएगा।

इस संबंध में एमडी मासूम अली सरवर ने अधिकारियों को बसों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। एमडी ने बताया कि दीपावली पर यात्रियों की सुविधा के लिए दिल्ली से लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, अयोध्या के लिए अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। दिल्ली से आने वालों की संख्या ज्यादा होती है, ऐसे में इस रूट पर अधिक बसें चलाई जाएंगी। अभी रोडवेज के बेड़े में 11 हजार बसें हैं, अतिरिक्त बसों के चलने से इनकी संख्या 15 हजार हो जाएगी।

सरकार ने दिवाली व छठ पर्व तक रोडवेज चालकों-परिचालकों को बस संचालन पर 350 रुपये रोजाना अतिरिक्त देने का फैसला किया है।

# एक साल की उम्र के बाद बच्चों के स्वस्थ विकास के लिए सात टीके जरूरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारत में एक साल से कम उम्र के बच्चों में टीकाकरण का कवरेज अच्छा है, लेकिन एक साल की उम्र के बाद टीकाकरण कवरेज में गिरावट आने लगती है। इस कारण से देश में बहुत से बच्चों का आंशिक टीकाकरण ही होकर रह जाता है। बच्चों को उनके पहले जन्मदिन के बाद भी कुछ महत्वपूर्ण टीके लगवाना जरूरी है, जिससे कुछ गंभीर वैक्सीन प्रिवेंटेबल डिसीज के खिलाफ उनकी इम्यूनिटी मजबूत हो और उन्हें खुश एवं स्वस्थ भविष्य मिल सके। इन महत्वपूर्ण टीकों की आवश्यकता पर लखनऊ के सीनियर कंसल्टेंट पीडियाट्रिशियन डॉ. संजय निरंजन ने कहा कि इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स द्वारा बताए गए 7 टीके 1 से 2 साल की उम्र के बच्चों को 14 बीमारियों से बचाते हैं। इन बीमारियों के कारण स्वास्थ्य एवं बच्चों के विकास पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ सकते हैं। सभी माता-पिता के लिए मेरा सुझाव है कि 1 साल की उम्र होने के बाद भी बच्चों के टीकाकरण के पूरे शेड्यूल को पूरा करें। इन 7 महत्वपूर्ण टीकों के बारे में ज्यादा जानकारी के लिए अपने डॉक्टर से परामर्श करें। मालूम हो कि इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) ने 1 से 2 साल की उम्र के बच्चों के लिए 7 जरूरी टीकाकरण की सिफारिश की है- चिकनपॉक्स एवं हेपेटाइटिस ए की दो डोज, मेनिंजाइटिस और एमएमआर की दूसरी डोज, पीसीवी एवं डीटीपी एचआईबी आईपीवी की बूस्टर डोज और फ्लू की सालाना डोज। ये 7 जरूरी टीके बच्चों को चिकनपॉक्स, हेपेटाइटिस ए, हेपेटाइटिस बी, मेनिंजाइटिस, मीजल्स, मम्प्स, रुबेला, न्यूमोनिया, इन्फ्लूएंजा, डिप्थीरिया, टिटनस, परट्यूसिस, पोलियो और एचआईबी इन्फेक्शन जैसी 14 बीमारियों से बचा सकते हैं। एक साल की उम्र होने के बाद भी बच्चों में संक्रामक बीमारियों का खतरा ज्यादा रहता है, क्योंकि उनका इम्यून सिस्टम पूरी तरह विकसित नहीं होता है। इससे संक्रमित होने और स्थिति जटिल होने का खतरा बढ़ जाता है। ये जटिलताएं उनके विकास को बाधित कर सकती हैं और उनके फॉर्मेटिव एक्सपीरियंस (रचनात्मक अनुभव) पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। शोध बताते हैं कि अधूरे टीकाकरण से पोषण की स्थिति भी खराब हो सकती है। इससे संक्रमणों की चपेट में आने और देरी से ठीक होने का खतरा और भी बढ़ जाता है। इतना ही नहीं, बच्चों को होने वाली बीमारियां माता-पिता के लिए भी चुनौती होती हैं, क्योंकि उन्हें मेडिकल केयर के लिए पैसों की जरूरत पड़ती है। इसके साथ-साथ इस बात की आशंका भी बढ़ जाती है कि परिवार का कोई अन्य सदस्य भी संक्रमण की चपेट में आ जाए।



इन टीकों को बचाव योग्य संक्रमणों के नियंत्रण, महामारी को रोकने, बीमारियों को खत्म करने और परिवारों एवं स्वास्थ्य व्यवस्था पर आर्थिक दबाव कम करने में प्रभावी पाया गया है। माता-पिता को टीकाकरण के पूरे शेड्यूल का पालन करने के लिए अपने पीडियाट्रिशियन से कंसल्ट करना चाहिए और प्राथमिकता के साथ ये 7 टीके लगवाने चाहिए, जिससे उनके बच्चों का स्वस्थ, प्रसन्न एवं बेहतर भविष्य सुनिश्चित हो।

# हॉस्पिटल में पांच दिनों तक चलता रहा लाश का इलाज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

रजधानी लखनऊ के एक हॉस्पिटल में 5 दिन से लाश का इलाज किया जा रहा था। घटना ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के चरक हॉस्पिटल की है। यह आरोप मृतक के परिजनों का है, जिन्होंने युवक की मौत के बाद अस्पताल में जमकर हंगामा भी किया। परिजनों का कहना है कि परिवार के विशाल पांडेय का डेंगू का इलाज चल रहा था, लेकिन डॉक्टर उन्हें मरीज से मिलने नहीं दे रहे थे। बुधवार को जब परिजन जबरन वार्ड में घुसे तो वहां विशाल मृत पाया गया, उसके शरीर से दुर्गंध आ रही थी। इस पर परिजन भड़क गए और हंगामा करने लगे। उनका साफ कहना है कि अस्पताल ने मौत की जानकारी नहीं दी और लाश का इलाज करते रहे। इस बीच 5 लाख रुपए हॉस्पिटल वालों ने ले लिए। गुरुवार सुबह कुछ किसान नेता भी पहुंचे और हंगामा बढ़ गया। जानकारी के मुताबिक, सीतापुर के सिधौली थाना क्षेत्र के अटरिया दरियापुर गांव निवासी विशाल पांडेय को बुखार था। 20 अक्टूबर को डेंगू के इलाज के लिए लखनऊ के ठाकुरगंज स्थित चरक अस्पताल में एडमिट कराया गया था, जहां इलाज चल रहा था। परिजनों ने बताया कि उन्हें मरीज से मिलने से नहीं दिया जा रहा था। शक होने पर बुधवार देर रात परिजन जबरन वार्ड में घुसे तो उन्हें मरीज मृत हालत में मिला। परिजनों ने बताया कि देखने से लग रहा था कि विशाल की मौत बुधवार सुबह ही हो गई थी। मृत विशाल के शरीर से बदबू भी आ रही थी, जिसके बाद परिजनों ने बवाल शुरू कर दिया। मौत के बाद परिजनों ने देर रात बवाल काटा और सुबह गांव से किसान यूनियन के लोग भी पहुंच गए। उनके साथ मिलकर गुरुवार सुबह फिर अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया गया। आक्रोशित लोगों ने बताया कि डॉक्टरों ने इलाज में लापरवाही बरती। सही तरह से इलाज नहीं किया। परिजनों ने बताया कि अब तक करीब 5 लाख रुपए अस्पताल वाले ले चुके हैं। यहां तक कि मरीज की मौत हो जाने के बाद भी इलाज करने का बहाना बनाते रहे। हम लोगों को मरीज से मिलने नहीं दिया जा रहा था। अस्पताल प्रशासन इलाज के नाम पर पैसे वसूल रहा था। अस्पताल प्रशासन ने हंगामा कर रहे परिजनों व लोगों को शांत कराया और बातचीत करके मामले का हल निकालने का आश्वासन दिया। परिजनों व अस्पताल प्रशासन में बातचीत हुई है।




**चरक हॉस्पिटल में हंगामा**

# दो टुकड़े हुई केटीएम बाइक, दो दोस्तों की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी लखनऊ में भीषण सड़क हादसे में दो दोस्तों की मौत हो गई। 100 की स्पीड से जा रही केटीएम बाइक को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक के 2 टुकड़े हो गए। एक युवक का सिर बुरी तरह से कुचल गया। हुसैनगंज निवासी तीनों युवक देवा से मेला देखकर घर जा रहे थे।

हादसा गुरुवार सुबह करीब 8 बजे चिनहट क्षेत्र के सुगंध लॉन के पास हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों युवकों को हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने दो को मृत घोषित कर दिया। तीसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। परिजनों को जानकारी दे दी गई है।




पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक की रफ्तार तेज थी और किसी ट्रक या बड़े वाहन ने टक्कर मार दी। इससे बाइक अनियंत्रित होकर दीवार से टकरा गई। तीनों के सिर सहित हाथ और पैरों में गंभीर लगी थी। चिनहट थाना इंस्पेक्टर अश्वनी चतुर्वेदी ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 8 बजे हमें हादसे की सूचना मिली। हुसैनगंज निवासी मो. शकील का बेटा बब्बू (30) अपने दोस्त अरशद (25) और कामरान के साथ देवा से मेला देखकर लौट रहा था। वह चिनहट इलाके के उमंग लॉन के पास पहुंचे थे, इसी दौरान किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। केटीएम बाइक की रफ्तार तेज थी। जिसकी वजह से बाइक पर कंट्रोल नहीं रहा। बाइक पास ही दीवार से टकरा गई और तीनों लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि देवा-माती रोड पर सुबह ट्रैफिक काफी कम था, लेकिन केटीएम बाइक की स्पीड बहुत ज्यादा थी। यही वजह रही कि टक्कर लगने के बाद बाइक बेकाबू हो गई और दीवार से जा टकराई, जिससे इनकी मौत हो गई। तीसरे दोस्त की हालत गंभीर बनी हुई है।

### सीएम आवास की ओर किसानों ने किया कूच, पुलिस ने रोका

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में गुरुवार दोपहर 2 बजे बड़ी संख्या में किसान मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच कर गए। किसान पथ स्थित खुरदही बाजार में सैकड़ों की संख्या में किसान जमा हुए। इसके बाद मुख्यमंत्री आवास की ओर रवाना हुए। इससे पहले पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने किसानों को समझाने की कोशिश की, लेकिन किसान नहीं माने। प्रशासन ने किसानों को 3 किलोमीटर बाद एचसीएल गेट के पास बैरिकेडिंग कर रोक लिया है। नाराज किसान रोड पर बैठ गए हैं और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। इस दौरान रोड की एक ओर जाम लग गया है। यूनियन के प्रदेश जिला अध्यक्ष आलोक वर्मा ने एलडीए और आवास विकास पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

**उपलब्धि** — उत्तर प्रदेश ने स्वास्थ्य सेवाओं में पूरे देश में लहराया अपना परचम

# आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउंट बनाने में पहले नंबर पर यूपी

**प्रदेश में अब तक 12.45 करोड़ आभा आईडी बनाई गई**

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**




उत्तर प्रदेश ने स्वास्थ्य सेवाओं में पूरे देश में अपना परचम लहराया है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की विभिन्न इकाइयों में उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर है। आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउंट (ABHA) बनाने में भी यूपी देश में पहले स्थान पर है।

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सचिव रंजन कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप पूरे प्रदेश में युद्धस्तर पर आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएस) के तहत प्रदेशवासियों की हेल्थ यूनिक आईडी बनाने का काम चल रहा है। ऐसे में उत्तर प्रदेश पूरे देश में एबीडीएस की विभिन्न इकाइयों को बनाने में पहले स्थान पर है। इनमें उत्तर प्रदेश आभा आईडी, हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्री, हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री, 100 माइक्रोसाइट प्रोजेक्ट, स्कैन एण्ड शेयर मॉड्यूल के मामले में पूरे देश में पहले पायदान पर है जबकि इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड में पूरे देश में दूसरे स्थान पर है।

सचिव रंजन कुमार ने बताया कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत आभा (ABHA) को प्रदेश में पिछले एक वर्ष से लागू किया गया है। अब तक प्रदेश लगभग 12.45 करोड़ आभा आईडी को बनाकर पूरे देश में पहले पायदान पर है। वहीं दूसरे नंबर पर महाराष्ट्र है।

इसी तरह हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्री (HPR) में स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के स्वास्थ्य कर्मियों जैसे डॉक्टर, नर्सेज, सीएचओ, एएनएम, आशा इत्यादि का पंजीकरण किया जा रहा है। अब तक 74,789 रजिस्ट्री की जा चुकी है और वर्तमान में प्रदेश पूरे देश में प्रथम स्थान पर है। वहीं दूसरे स्थान पर कर्नाटक है, जहां पर अभी तक लगभग 58,919 हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्री का सृजन किया जा चुका है।

### अब तक 61,015 हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री को फैसिलिटीजे रजिस्टर किया जा चुका

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सचिव रंजन कुमार ने बताया कि हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री (HFR) में सभी चिकित्सा संस्थानों, चिकित्सालयों, स्वास्थ्य केंद्र, उपकेंद्र, प्राइवेट चिकित्सालय, क्लीनिक, डायग्नोस्टिक इत्यादि का पंजीकरण होना है। अब तक 61,015 हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री को फैसिलिटीज़ रजिस्टर किया जा चुका है। इस मामले में भी वर्तमान में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है।

### प्रदेश भर में 35 माइक्रोसाइट का किया जा रहा संचालन

भारत सरकार के राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा लागू 100 माइक्रोसाइट प्रोजेक्ट में से 35 माइक्रोसाइट का संचालन प्रदेश में किया जा रहा है। माइक्रोसाइट निजी क्षेत्र में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंगीकरण के लिए लागू किया गया है। इसमें वर्तमान में सर्वाधिक हेल्थ रिकार्ड प्रदेश से ही जोड़े जा रहे हैं। इसमें राजधानी लखनऊ देश में पहला माइक्रोसाइट है, जिसने निर्धारित लक्ष्य को सर्वप्रथम प्राप्त किया है। इसके जरिये न सिर्फ मरीजों को सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं बल्कि अस्पतालों में बेहतर ढंग से कतार प्रबंधन, अस्पताल प्रबंधन एवं डाटा प्रबंधन करते हुए चिकित्सकीय व्यवस्थाओं को और पारदर्शी एवं सरल बनाया जा रहा है।

# 2000 कैब ड्राइवर्स नहीं चलाएंगे उबर-रैपिडो

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी लखनऊ में भारतीय कैब कंपनी नियंत्रण बोर्ड संगठन ने 10 दिनों तक सिर्फ ओला कैब चलाने का फैसला लिया है। संगठन ने कैब ड्राइवर्स से अन्य कंपनियों के ऐप डिलीट करने को बात कही है। संगठन के इस फैसले से शहर में करीब 80 हजार पैसेंजर्स को परेशानी झेलनी पड़ सकती है। कैब ड्राइवर्स का कहना है कि कंपनियों की तरफ से उन्हें एक किलोमीटर की राइड करने पर सिर्फ 7-8 रुपए के औसत से पैसे दिए जा रहे। इसके कारण गाड़ी का खर्च निकालना भी मुश्किल हो रहा है।

हमारी मांग है कि ड्राइवर को राइड का सही कमीशन दिया जाए। कैब ड्राइवर्स ने कहा हमसे 30 से 35: कमीशन लिया जा रहा है, जिसको कम करके 15: किया जाए। प्रति किलोमीटर के हिसाब से रेट निर्धारित किया जाए। चालकों को बीमा की सुविधा भी दी जाए। लखनऊ में करीब 6000 ओला कैब ड्राइवर्स हैं। 2 हजार कैब ड्राइवर्स ने सिर्फ ओला चलाने का फैसला लिया है। कैब ड्राइवर्स का कहना है कि 80 फीसदी ड्राइवर ने सिर्फ ओला चलाने की बात कही। क्योंकि ओला प्रति किलोमीटर 15 रुपए ड्राइवर्स को देने को तैयार हो गया है। उबर, रैपिडो और इन ड्राइव कैब कंपनियों के लोगों ने हमसे कोई बात नहीं की है, जो कंपनी हमें अच्छी पेमेट करेगी। हम उसी के साथ में काम करेंगे। इसके लिए कल से पंपलेट लगाकर सिर्फ ओला कैब चलाने की मांग की जाएगी। इसके साथ ही अन्य कंपनियों से भी बात की जाएगी।

**दस दिन तक सिर्फ ओला कैब की लेंगे बुकिंग**

संगठन के अध्यक्ष जाहिद प्रधान का कहना है कि कल से 10 दिनों तक ओला कैब का ट्रायल करेंगे। अगर ओला हमें अच्छा पेमेंट देती है तो इसके साथ काम करेंगे नहीं तो नहीं करेंगे। इस दौरान कैब ड्राइवर्स से ओला के अलावा सभी ऐप को डिलीट करने की बात कही जा रही। साथ ही 10 दिनों तक ट्रायल में सहयोग देने को कहा जा रहा। ताकि ओला ड्राइवर्स को फायदा मिल सके। कैब ड्राइवर आनंद सिंह का कहना है की सबसे बड़ी परेशानी पैसे की है। 13-14 किलोमीटर तक गाड़ी चलाते हैं तो सिर्फ 100 रुपए तक मिल रहा है। सात- आठ लाख की गाड़ी लेने के बाद उसका खर्च तक निकालना मुश्किल हो रहा है। हमसे अच्छे ऑटो वाले हैं, जो 150-200 तक ले रहे हैं। नीरज यादव ने बताया कि गाड़ी का खर्च नहीं निकल रहा है। हमने वोटिंग की है। इसमें पहले ओला को मौका देंगे। कल से हम लोग शहर में सिर्फ ओला की राइड चलाएंगे।

# 24 घंटे के बाद भी पुलिस के हाथ खाली

- अपहरण की गई छात्रा का नहीं लगा पाई सुराग
- जगतपुर एसएचओ अजय राय की लापरवाही आई सामने



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

भय मुक्त समाज को लेकर सरकार लगातार दावे करती है सरकार के मंत्री और सूबे के मुखिया महंत योगी आदित्यनाथ के द्वारा सब की सुरक्षा और सुशासन के दावे किए जाते हैं मगर धरातल पर स्थितियां कुछ अलग ही नजर आ रही है। जगतपुर थानेदार अजय राय की लापरवाही की वजह से 24 घंटे होने के बाद भी पुलिस के हाथ अभी तक अपहरणकर्ताओं तक नहीं पहुंच पाए हैं। मामला जगतपुर थाना क्षेत्र का है। जहां पर अर्धवार्षिक परीक्षा देने जा रही इंटरमीडिएट की छात्रा को बाइक सवार युवकों ने अगवा कर लिया।छात्रा को उस वक्त अग़वा किया गया जब वह अपनी सहेली के साथ स्कूल पहुँचने ही वाली थी। पुलिस इस मामले में फूँक फूंककर कदम बढ़ा रही है। पुलिस का कहना है कि हमारा पहला प्रयास है कि छात्रा सुरक्षित रहे। मामला जगतपुर थाना इलाके के राजकीय बालिका इंटर कालेज गुरगुजपुर के पास का है। यहाँ अवस्थी का पुरवा की रहने वाली छात्रा आज अर्धवार्षिक परीक्षा के तहत इंग्लिश का पेपर देने अपनी सहेली के साथ जा रही थी। कालेज पहुँचने से पहले ही छात्रा को रास्ते में ही रोककर पल्सर सवार बाइक सवारों ने उसे बलपूर्वक बाइक पर बैठाया और फरार हो गए। सहेली के शोर मचाने पर लोग इकठ्ठा हुए लेकिन तब तक मुहं पर मास्क लगाए बदमाश फरार हो चुके थे। सूचना पाकर सीओ डलमऊ और जगतपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुँच गई है। फिलहाल पुलिस की पहली प्राथमिकता है कि छात्रा सकुशल बरामद हो जाये। फिलहाल पुलिस ने अपहरण की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर छात्रा की तलाश में कई टीमें गठित कर दी हैं।

**पत्नी का इलाज कराने प्रतापगढ़ गया था पिता:** अगवा की गई छात्रा का पिता उसकी मां का इलाज कराने प्रतापगढ़ गया था। जब उसे बेटी के अगवा होने की सूचना मिली तो वह पत्नी के साथ गांव पहुंचा। पिता ने बताया कि उसकी बेटी हर दिन स्कूल जाती थी। ऐसा कुछ नहीं होता था। पता नहीं यह सब कैसे हो गया। बेटी के अगवा होने पर मां के आंसू नहीं बंद हो रहे हैं। उसका कहना है कि मेरी बिटिया मुझे सुरक्षित मिल जाए, कोई अनहोनी न हो। ग्रामीण घटना से आक्रोशित हैं।

**घर पर ही था मोबाइल:** परीक्षा होने के चलते छात्रा का मोबाइल घर पर ही रखा था। बताते हैं कि एक सप्ताह पहले उसकी एक अन्य सहेली ने छात्रा को बात करने के लिए फोन किया था। इस पर छात्रा ने सहेली से बात करने से मना कर दिया था। पुलिस ने घर में रखे छात्रा के मोबाइल को कब्जे में ले लिया है। मोबाइल कॉल डिटेल के जरिए पुलिस पता लगाने का प्रयास कर रही है कि उसके पास किन-किन लोगों के फोन आते थे और उनसे क्या बातें होती थी। इस घटना ने पुलिस की सुरक्षा पर भी सवाल उठा दिया है।

**मामले में क्या कहना है सीओ डलमऊ अरुण कुमार नौहवार का**



सीओ डलमऊ अरुण कुमार नौहवार ने पहुंचकर सहेली व आसपास के लोगों के बयान दर्ज किए। सीओ ने बताया कि छात्रा का अपहरण किया गया है। अपहरण करने वालों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज निकलवाई जा रही है। जल्द छात्रा को खोज लिया जाएगा। अपहरणकर्ता गिरफ्तार होंगे।

# 13 साल की लव मैरिज का दुखद अंत, पत्नी ने लगाई फांसी, तो ट्रेन के आगे कूदा पति

- आपसी विवाद आत्महत्या में बदला
- पत्नी के फांसी लगाने के तीन घंटे बाद पति भी ट्रेन के आगे कूद गया

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

पति-पत्नी के बीच विवाद इस कदर विवाद बढ़ा का 13 साल की लव मैरिज का दुखद अंत हो गया। विवाद के बाद पत्नी फांसी पर झूली तो पति ने ट्रेन के सामने कूद कर आत्महत्या कर ली। मामला लालगंज थाना इलाके के सातनपुर गांव का है। यहां के रहने वाले अनिल कुमार की गांव में ही रहने वाली बाऊआ से लगभग 13 वर्ष पहले प्रेम विवाह हुआ था। जानकारी के मुताबिक कुछ सालों से अनिल कुमार शराब ज़्यादा पीने लगा था, जिसके कारण पति-पत्नी के बीच झगड़ा होता था। बुधवार शाम को भी अनिल शराब पीकर घर पहुंचा तो पत्नी ने उलाहना दिया। इसी को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ और पत्नी ने फांसी लगा ली। अनिल देर रात उठा और पत्नी का शव फन्दे पर झूलता देख खुद भी बाहर निकला और कुछ दूर स्थित रेलवे लाइन पर प्रयागराज-कानपुर पैसेंजर ट्रेन के सामने कूद गया।



**घर में मचा कोहराम**

एक ही परिवार में दो मौतों से घर में कोहराम मचा हुआ हैं। पति-पत्नी के इस कदम ने ग्रामीणों को अचंभित कर दिया है। 13 साल पहले प्रेम विवाह करने वाले अनिल और उसकी पत्नी ऐसा भी कदम उठा सकते हैं, किसी यकीन नहीं हो रहा। दोनों के दो बेटियां भी हैं। एक की उम्र 6 साल और दूसरे की 2 वर्ष है. दोनों मासूमों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि किस वजह से दोनों ने यह कदम उठाया है उसकी तफ्तीश की जा रही है।

# बाइकसवार ने वृद्धा को मारी टक्कर, दोनों घायल

**बछरावा रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांदा बहराइच मार्ग पर फायर ब्रिगेड के पास बाइक की टक्कर से एक महिला घायल हो गई, साथ ही बाइक सवार भी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गयाद्य जहां वृद्धा की हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर का दिया गया है। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि घायल वृद्धा सूरजकला पत्नी स्वर्गीय राम लखन उम्र 70 वर्ष निवासी विशुनपुर उस समय घायल हो गई जब वह रोड पार कर रहे थी तभी अपने गांव बन्नावा से बछरावां जा रहे धीरेंद्र मिश्रा पुत्र हीरालाल मिश्रा उम्र 33 वर्ष की बाइक उनको बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हो गई और वह भी गिरकर घायल हो गए, सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा दोनों घायलो को इलाज के लिए सीएचसी बछरावां पहुंचाया गयाद्य जहां वृद्धा सूरजकला की हालत को गंभीर देखते हुए उन्हे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# ईंट भट्टे पर किया काम, बच्चों ने रोशन किया पिता का नाम

**महाराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



पहले ईंट भट्ठा पर काम किया फिर लोगों के खेत काटे और की मजदूरी और आज वही पिता पूरे क्षेत्र के लिए उदाहरण बन गया। महराजगंज तहसील क्षेत्र के कस्बे से सटी हुई ग्राम पंचायत है जिसका नाम है पाली ग्राम पंचायत और इसी ग्राम पंचायत का एक पुरवा है बाबूजी का पुरवा बाबूजी पुरवा गांव निवासी दुजई पासी की इच्छा शक्ति और समर्पण ऐसा है कि उन्होंने तमाम तरह की तकलीफ उठाते हुए आज समाज में एक उदाहरण पेश किया ।मजदूरी करके बिना किसी सुख सुविधा के अपने बच्चों को पढ़ाते चले गए और वो पढ़ते चले गए आगे बढ़ते चले गए गांव सहित क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया। दुजई पासी ने बताया मेरा बड़ा लड़का कॉलेज में प्रोफेसर है तथा दूसरा लड़का कमांडो है एवं तीसरा बच्चा उत्तर प्रदेश पुलिस में सेवाएं दे रहा है। दुजई पासी दलित समाज से आते हैं और इस समय मौजूदा ग्राम प्रधान भी हैं इनकी त्याग तपस्या का कारण ही है कि आज इनके बच्चों ने क्षेत्र सहित जिले का नाम रोशन करके दिखाया और आगे बढ़ने मे गरीबी को आड़े नहीं आने दिया तथा कठिन परिश्रम से आज भारत देश की सेवा कर रहे हैं।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिलसवार की मौत

**सूची सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार बुजुर्ग को जोरदार टक्कर मार दिया।जिससे बुजुर्ग की दर्दनाक मौत हो गई।घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मामला सलोन कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी सूची अंतर्गत रेवहारा मोड के पास का हैं।जहां जयशंकर सिंह उम्र लगभग साठ वर्ष निवासी पूरे खम्हरिया कुशल सूची से घर की तरफ साइकिल से जा रहे थे।इसी दौरान अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया।टक्कर इतनी जोरदार थी की साइकिल सवार काफी दूर गड्ढे में गिर गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलोंन पहुंचाया।जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।बताया जा रहा की सरिया लदे भार वाहन ने टक्कर मार कर फरार हो गया।मौत की खबर सुनते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हैं।पुलिस ने शव को अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया।

## खबरें एक नजर में

### वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**बछरावां, रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक रायबरेली डॉक्टर यशवीर सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली एवं क्षेत्राधिकारी महाराजगंज के कुशल पर्यवेक्षण व थाना प्रभारी बछरावां के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अंतर्गत विभिन्न धाराओं के अंतर्गत पंजीकृत अभियोग के तहत रामपाल पुत्र श्रीनाथ निवासी ग्राम भवानी खेड़ा मजरे पश्चिम गांव थाना बछरावां को थाना क्षेत्र से नियमानुसार गिरफ्तार का न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली इस पुलिस टीम में उप निरीक्षक सुखपाल सिंह, उप निरीक्षक सैयद नियाजी हुसैन, कांस्टेबल मनोज कुमार सोनकर मौजूद रहे।

### बंदर के हमले से वृद्ध घायल

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत साधु खेड़ा मजरे जलालपुर गांव में बंदर के हमले से एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। आपको बताते चले कि घायल वृद्ध को गोकरणनाथ पुत्र स्वर्गीय मंगलनाथ उम्र 92 वर्ष निवासी साधु खेड़ा मजरे जलालपुर उस समय बंदर के हमले से घायल हो गए जब वह अपने दरवाजे पर निजी कार्य में व्यस्त थे, आनन फानन में पारिवारिक जनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया जहां मौजूद चिकित्सक गणनायक पांडे ने प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उन्हें घर भेज दिया है।

### निजी भूमि पर कब्जा, पीड़ित ने न्याय की गुहार लगाई

**उतरौला (बलरामपुर)।** ग्राम गुलरहा निवासी अवधेश, पुत्र सत्य नारायण, ने अपनी निजी भूमि पर हुए अवैध कब्जे को लेकर एसडीएम उतरौला से न्याय की मांग की है। अवधेश ने अपने शिकायती पत्र में बताया कि गाटा संख्या 175, रकबा 0.0500 हेक्टेयर की भूमि, जिसे उन्होंने वर्ष 2017 में खरीदा था और जो इस वर्ष खाली पड़ी थी, उस पर सिकरामाफी के निवासी अशोक कुमार, अनिल कुमार, अभय कुमार, दुर्गेश कुमार, और अखिलेश कुमार ने 20 अक्टूबर 2024 की रात को जबरन कब्जा कर लिया। जब अवधेश ने इसका विरोध किया तो विपक्षियों ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। इस घटना से पीड़ित परिवार डरा हुआ है और न्याय की उम्मीद में प्रार्थना पत्र देकर अवैध कब्जे को हटाने की मांग कर रहा है। परिवार ने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की अपील की है।

### नैनिहालों ने लंबी कूद, दौड़ और कबड्डी में किया बेहतरीन प्रदर्शन



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** न्याय पंचायत देवरिया आदम में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ जलेबी दौर से शुरू किया गया। इसमें न्याय पंचायत के सभी विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय की बालक वर्ग में 100 मीटर प्रतियोगिता में मो. इस्माइल यूपीएस ओबरीडीह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा द्वितीय स्थान अहमद यूपीएस जिगनी का रहा। 100 मीटर बालिका वर्ग में रोहणी यूपीएस जिगनी प्रथम स्थान पर रही रीना देवी सीएस ओबरीडीह प्राथमिक विद्यालय वर्ग सीएस ओबरीडीह प्रथम स्थान तथा द्वितीय स्थान सीएस कथरहा एवजपुर का रहा। लंबी कूद बालक वर्ग में रामकिशन जिगनी प्रथम स्थान, अहमद द्वितीय स्थान जिगनी, इस्माइल तृतीय स्थान ओवरीडीह, खो-खो में ओवरीडीह प्रथम रहा। लंबी कूद बालिका वर्ग में रोहिणी प्रथम स्थान ,रीना देवी द्वितीय स्थान ओवरीडीह का रहा।सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया।।इस अवसर पर नोडल शिक्षक बारी मास्टर इरशाद अहमद (ब्लॉक मंत्री/प्राथमिक शिक्षक संघ), सुरेंद कुमार ,वीना यादव,आरोही गुप्ता,अर्चना देवी, एजाज अहमद ,लक्ष्मण, ब्रजेश ,एलपी सिंह,मो0शरीफ,सुरेंद्र कुमार,आदि उपस्थित रहे।

# खनन माफियाओं पर शिकंजा कसने वाली न्यायप्रिय जिलाधिकारी की साख पर बट्टा लगा रहे जिम्मेदार अधिकारी

- जिला खनन अधिकारी के संरक्षण में बेखौफ हुए खनन माफिया, अंधाधुंध अवैध खनन जारी
- जिला खनन अधिकारी ने कहा, जहां शिकायत करनी हो कर लो



**ऊंचाहार रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

हाइवे के ठेकेदारों द्वारा मनकों की धज्जियाँ उड़ाते हुए उपजाऊ ज़मीनों को तालाबों के रूप में लागातार तब्दील किया जा रहा है, मनकों की और नियमों को तार तार करके जबरदस्त तरीके से अवैध खनन किया जा रहा है बावजूद इसके जिला खनन अधिकारी हाँथ पर हाँथ रखे बैठे हुए हैं, शिकायत या मीडिया के हस्तक्षेप के बाद जिला खनन अधिकारी का बयान अल्फाज होते हैं कि जहाँ शिकायत करनी हो कर लो, ऐसे में सवाल बड़ा है कि जहाँ एक तरफ न्यायप्रिय जिलाधिकरी द्वारा लागातार खनन माफियाओं पर शिकंजा कसा जा रहा है तो वहीं दूसरी तरफ जिला खनन अधिकारी द्वारा खनन माफियाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। ताज़ा मामला ऊंचाहार क्षेत्र के सरायभान गांव का है जहाँ पर हाइवे निर्माण में सहयोगी कार्यदाई संस्था महादेव कंस्ट्रक्शन द्वारा खुलेआम रातो दिन नियमों और मनकों की धज्जियाँ उड़ाते हुए किसानों के उपजाऊ खेतों को तालाब के रूप में तब्दील किया जा रहा है।

**बेखौफ ठेकेदार ने बिना अनुमति खोद डाली थी कई बीघे भूमि, मामले में खनन अधिकारी थे उदासीन**

महादेव कंस्ट्रक्शन नामक संस्था का ठेकेदार इतना बेखौफ़ है कि उसने किसान चंद्र पाल पाल के खेत में तो बिना आदेश के ही अवैध रूप से खनन करके उसे तालाब बना दिया गया। जिसे तत्कालीन समय में मीडिया ने उजागर भी किया था, इस मामले में भी जिला खनन अधिकारी ने भी कार्यवाही करने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया था। अब मौजूदा समय में गांव के किसान मुन्ना के खेत से भयंकर तरीके से मिट्टी निकालने का कार्य जारी है।

# एमएलके पीजी कॉलेज में पाठ्य सहगामी क्रियाओं के तहत आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन

- प्रतियोगिता में मोहित सिंह ने पहला स्थान प्राप्त किया



**बलरामपुर।** महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन में तथा डॉ के पी मिश्र के संयोजकत्व में आशुभाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में शिक्षा का महत्व, संचार के साधन, प्रदूषण, बेरोजगारी, मिशन 2047 आदि विषयों पर प्रतिभागियों ने अपने अपने विचार रखे। प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ अभयनाथ ठाकुर, लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान व डॉ शकुंतला सिंह ने तथ्य, प्रस्तुतिकरण व भाषा शैली के आधार पर बीएड द्वितीय के मोहित सिंह प्रथम,बीए तृतीय की सुमायला कय्यूम को द्वितीय तथा एम प्रथम की शिखा पाण्डेय को तृतीय स्थान के लिए चुना गया। विभागाध्यक्ष वाणिज्य डॉ एस के त्रिपाठी ने विजयी प्रतिभागियों के नाम घोषणा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संयोजक डॉ के पी मिश्र ने प्रतियोगिता का संचालन करते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ पी एन पाठक, डॉ के के सिंह,डॉ अमित वर्मा, डॉ दिनेश कुमार, डॉ संदीप यादव, डॉ दिनेश तिवारी, सिद्धार्थ मोहन्ता व सनाउल्लाह सहित कई लोग मौजूद रहे।

# मिनरल वाटर के नाम पर बेचे जा रहे संदिग्ध पानी के डिब्बे, प्रशासन की नजर से बाहर

**उतरौला(बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

उतरौला क्षेत्र में मिनरल वाटर के नाम पर खुलेआम संदिग्ध गुणवत्ता वाले पानी से भरे डिब्बों की बिक्री जोरों पर है, लेकिन प्रशासन और खाद्य विभाग की इस पर कोई निगरानी नहीं है। शहर के मोहल्लों से लेकर दुकानों और सरकारी दफ्तरों तक हर जगह आरो (आरओ) वाटर के डिब्बे रखे हुए दिखाई देते हैं। हालांकि, इन डिब्बों में भरे पानी की शुद्धता पर बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है।

तहसील क्षेत्र में दर्जनों पानी के प्लांट मिनरल वाटर के नाम पर संचालित हो रहे हैं। प्लांट संचालक इन डिब्बों को मिनरल वाटर बताकर मोटी कमाई कर रहे हैं, लेकिन अब तक किसी प्रशासनिक अधिकारी ने इनके शुद्धता की जांच नहीं की है। गर्मी का मौसम शुरू होते ही पानी का यह कारोबार अपने चरम पर पहुंच गया है। घरों, दुकानों और सरकारी कार्यालयों में इस्तेमाल हो रहे इन डिब्बों में पानी की गुणवत्ता पर संदेह है, क्योंकि अधिकांश लोग मानते हैं कि शुद्ध मिनरल वाटर की पहचान सील बंद बोतलों में होती है, जबकि खुले डिब्बों में बिकने वाले पानी की शुद्धता की कोई गारंटी नहीं होती। सूत्रों के अनुसार, कई मिनरल वाटर प्लांट छोटे-छोटे कमरों में बोरिंग कराकर पानी निकालते हैं, जिसे फिल्टर मशीन से गुजारने के बाद फ्रीजर में ठंडा किया जाता है और फिर उसे 10 से 20 लीटर के डिब्बों में भरकर 20 से 30 रुपये में बेचा जाता है। हैरानी की बात यह है कि इस संदिग्ध पानी को कई जिम्मेदार अधिकारी भी इस्तेमाल कर रहे हैं, बावजूद इसके किसी ने इसकी गुणवत्ता की जांच की ओर ध्यान नहीं दिया। क्षेत्रवासियों में इस बात की चिंता है कि शुद्ध पानी के नाम पर वे क्या पी रहे हैं। प्रशासन की उदासीनता और पानी की शुद्धता की अनदेखी से लोगों की सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है। यह आवश्यक है कि संबंधित अधिकारियों द्वारा जल्द से जल्द इन मिनरल वाटर प्लांट्स की जांच कराई जाए और तय मानकों का सख्ती से पालन हो, ताकि लोग शुद्ध पानी के नाम पर दूषित जल का सेवन न करें।

# किशोर-किशोरी स्वास्थ्य मंच का आयोजन

- बलरामपुर सिटी मांटेसरी स्कूल में स्वास्थ्य विभाग ने आयोजित किया कार्यक्रम





**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

आज दिनांक 24 अक्टूबर 2024 को नगर के स्थित सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज में स्वास्थ्य विभाग द्वारा किशोर किशोरी स्वास्थ्य मंच का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया जिसमें रंगोली मेहंदी पेंटिंग वाद विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया इसके पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुकेश कुमार रस्तोगी विशिष्ट अतिथि डीपी सिंह बैस प्रतिनिधि नगर पालिका परिषद जनपद बलरामपुर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मीनाक्षी चौधरी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राघवेंद्र शर्मा डॉक्टर एकता श्रीवास्तव आरबीएस के मैनेजर सीतांशु रजत डॉक्टर मोहसिन सिद्दीकी डॉक्टर तेरी भवन चौरसिया नगरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खलवा से फार्मासिस्ट समीर सिद्दीकी द्वारा कार्यक्रम का संचालन कराया गया जिसमें प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं को पुरस्कृत किया गया और समस्त छात्राओं का हीमोग्लोबिन जांच करके महिला और जिला अस्पताल के काउंसलरों द्वारा सलाह दिया गया साथ-साथ आयरन की गोलियां दिया गया और बालिकाओं को सेनेटरी पैड का भी वितरण किया गया।

# भाकिसं ने जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**श्रीदत्तगंज/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष खलील शाह और अन्य पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन जिला सहायक विकास खंड अधिकारी श्रीदत्तगंज के नाम भेजा गया, जिसमें किसानों की समस्याओं और विकास कार्यों की अनदेखी पर ध्यान आकर्षित किया गया।

ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम पादरी रैकवार, श्री वाहनागंज, राजेंद्रपुर, और नगनाहा के कई किसान गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं और उन्हें आवासीय मकानों की सख्त आवश्यकता है। इन गांवों में जलभराव की समस्या गंभीर है, विशेष रूप से श्रीदत्तगंज में, जहां अभी तक बाउंड्री का निर्माण नहीं हो सका है। पिछली बैठक में इस पर चर्चा हुई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वर्तमान समय में ग्राम पंचायत स्तर पर चल रहे विकास कार्यों, जैसे शौचालय, सोख्ता, वृद्धा एवं विधवा पेंशन, और आवास योजनाओं का भी जिक्र किया गया। ज्ञापन में इस बात पर जोर दिया गया कि इन कार्यों में पारदर्शिता होनी चाहिए और उनका क्रियान्वयन तेज गति से किया जाए, ताकि गरीब और जरूरतमंद किसान इसका लाभ उठा सकें। ज्ञापन के अंत में बकराज वर्मा, बड़े लाल पांडे, और अन्य पदाधिकारियों ने भी हस्ताक्षर किए और प्रशासन से किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की अपील की।

# रामलीला के चौथे दिन ताड़का वध की प्रस्तुति देख भक्त हुए भाव-विभोर

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



स्थानीय क्षेत्र के लौकिया ताहिर में स्थित बाबा लौकिया में रामलीला के चौथे दिन पुष्प वाटिका का मनमोहक दृश्य मे जनकपुर की बाबली सखी भगवान राम व लखन के दृश्य को देखकर स्तम्भ रहकर प्रेम मे पागल हो जाती है ऐ दृश्य माँ जानकी जी बताती है। जब फुलवारी मे सीता जी का दृश्य राम जी पर पडती है तो आखे एकटक देखती रही है। वही राम सीता को देखकर कहते है।

हे लक्ष्मण बडा अचम्भा है छा गई सरस्वती कमलो मे भौरो का दल गुंजाय हुआ। इन सुन्दर शब्दो को सुन्कर भाषित होता है। मन को सहित सीता जी राम जी के प्रति प्रेम व गिरजापूजन कर भगवान राम को वर के रूप में मांगना का दृश्य दर्शको का मनमोहा। ताड़का वध का दृश्य राम और लक्ष्मण के वनवास के दौरान आता है। ऋषि विश्वामित्र राम और लक्ष्मण को जंगल में लेकर जाते हैं। जहां राक्षसी ताड़का का आतंक फैला हुआ होता है।ताड़का एक शक्तिशाली राक्षसी है।जो जंगल में साधुओं और ऋषियों को परेशान करती है।उसके बाद विश्वामित्र का आगमन होता है। विश्वामित्र राम और लक्ष्मण को ताड़का के बारे में बताते हैं। और उन्हें उसके वध का कार्य सौंपते हैं।ताड़का का प्रवेश- ताड़का जंगल में चीखते हुए प्रवेश करती है। और राम और लक्ष्मण पर हमला करती है।राम का बाण- राम ताड़का को चेतावनी देते हैं, लेकिन वह नहीं मानती। राम अपने धनुष से बाण चलाते हैं। ताड़का वध- राम के बाण से ताड़का मारी जाती है। उसके वध के साथ जंगल में शांति लौट आती है, और ऋषि-मुनि राम का आभार व्यक्त करते हैं। इस दृश्य में राम का धैर्य, शक्ति और धर्म की रक्षा के उनके संकल्प को दिखाया जाता है। इसी क्रम मे अहिल्या उद्धार व नगर भ्रमण सहित पुष्प वाटिका का मनमोहक दृश्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर आयोजक मंहन्थ पूर्व ब्लाक प्रमुख महंन्थ वीरेन्द्र दास रामलीला के कार्यक्रम सफल बनाने के लिए मनोज यादव, जगत नारायण यादव, श्याम नारायण यादव, अमरजीत यादव, बलराम यादव, नंदलाल यादव, सियाराम यादव, लवकुश यादव, अर्जुन यादव, अरविंद यादव, अर्जुन यादव, राम गोविंद, संचित, मुकेश यादव, रामकुमार व शिवाजी नये कमेटी सदस्य गठित किए गए। इस अवसर पर नवनीत ओझा, मनमोहन दास ऊर्फ राजन ओझा, अन्नू ओझा, सुमित सिंह, रमेश चौहान, अशोक पाल, शेषमणि तिवारी व विनोद कृष्ण शास्त्री सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# धान की पीड़ा

पंजाब में धान की भरपूर पैदावार के बाद किसानों का हैरान-परेशान होना व्यवस्था की विसंगतियों व तंत्र की नाकामी को ही दर्शाता है। राज्य की अनाज मंडियों में धान बहुतायत में पड़ा होना न केवल खरीद एजेंसियों की अक्षमता को दर्शाता है बल्कि केंद्र और राज्य सरकारों में व्यावहारिक तालमेल न होना भी बताता है। जिसके चलते विपणन से जुड़े हितधारक विरोध जता रहे हैं। विडंबना देखिए कि किसान खून-पसीने से उगायी फसल को भी समय पर नहीं बेच पाने से परेशान हैं। किसान धीमी खरीद प्रणाली से चिंतित हैं। वहीं चावल मिल मालिकों की दलील है कि उनके पास अतिरिक्त भंडारण की क्षमता नहीं है। दूसरी ओर धान की खरीद से जुड़े आढ़ती अपने कमीशन को बढ़ाए जाने की मांग कर रहे हैं। निश्चित रूप से ये हालात किसानों को परेशान करते हैं और खरीद प्रणाली में सुधार की जरूरत को बताते हैं। विडंबना है कि यह सारा हंगामा एक ऐसी फसल को लेकर हो रहा है, जिसको उगाने में प्रयुक्त पानी ने राज्य में एक गंभीर जल संकट को जन्म दे दिया है। वजह है धान की फसल की पैदावार बढ़ाने के लिये भूजल का अंधाधुंध दोहन। फलतरू राज्य का एक बड़ा इलाका मरुस्थलीकरण की ओर उन्मुख है। ऐसे में स्वाभाविक सवाल उठता है कि पंजाब आखिर कब तक धान की खेती के जरिये अपने इन अनमोल प्राकृतिक संसाधनों का निर्यात करता रहेगा? इसमें दो राय नहीं है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी पर सुनिश्चित खरीद पंजाब के धान उत्पादकों को केंद्रीय पूल में अधिक अनाज के योगदान के लिये प्रेरित करती रही है। निस्संदेह, हरित क्रांति के बाद देश की खाद्य सुरक्षा शृंखला को मजबूत बनाने में पंजाब का बड़ा योगदान रहा है। जिसके चलते देश खाद्यान्न संकट व कुपोषण के अभिशाप से किसी हद तक मुक्त हो सका है। जबकि एक हकीकत यह भी है कि यह फसल पंजाब का मुख्य भोजन नहीं रही है। निश्चित तौर पर केंद्र व राज्य सरकार को तालमेल बनाकर इस संकट के समाधान की दिशा में गंभीर प्रयास करना चाहिए। वहीं दूसरी ओर प्रदेश में लबालब भरे अन्न भंडार राज्य की अपेक्षाओं और केंद्र की आवश्यकताओं के बीच तालमेल के अभाव को दर्शाते हैं। विडंबना देखिये, इसी धान के उत्पादन का एक प्रतिप्रभाव यह भी है कि पंजाब के हिस्से में प्रदूषण बढ़ाने वाला पराली दहन का आक्षेप आता है। जिसे उत्तर क्षेत्र में अक्तूबर-नवंबर में बढ़ने वाले वायु प्रदूषण का प्रमुख घटक बताया जाता रहा है। जबकि हकीकत यह है कि एक तो किसानों को पराली निस्तारण का कारगर विकल्प केंद्र व राज्य सरकारें नहीं दे पायी हैं। वहीं दूसरी ओर किसानों के पास रबी की फसलों की बुआई के लिये अधिक समय नहीं बचा होता। जिसके चलते उनको पराली जलाने के अलावा दूसरा कारगर विकल्प नजर नहीं आता। बहरहाल, इस चौतरफा संकट के बीच यह स्पष्ट हो गया है कि पंजाब में धान की खेती की समाप्ति के लिए चरणबद्ध तरीके से बहुप्रचारित फसल विविधीकरण योजना को अविलंब लागू किया जाना चाहिए। इस योजना के क्रियान्वयन में देरी कई तरह के संकटों को बढ़ावा ही देगी। यह एक हकीकत है कि लंबे समय तक किसानों का धान की ही खेती करना, राज्य के लिये घातक ही साबित होगा। ऐसा लगता है कि केंद्र सरकार ने तीन विवादास्पद कृषि कानूनों के खिलाफकिसानों के साल भर चले आंदोलन से कोई सबक नहीं सीखा। हालिया घटनाक्रम से किसानों की वह आशंका बलवती हो रही है कि केंद्र सरकार लंबे समय तक धान की खरीद को जारी नहीं रखना चाहती। दरअसल, कुछ चुनिंदा फसलों के लिये ऊंची एमएसपी की घोषणा अन्य फसलों के उत्पादन के लिये किसानों को प्रेरित करने हेतु पर्याप्त नहीं है। जितनी जल्दी हो सके, केंद्र सरकार को मक्का और दाल जैसी फसलों की एमएसपी पर खरीद के लिये एक मजबूत व्यवस्था बनानी होगी। ऐसे में धान की खेती के लिये किसानों को हतोत्साहित करने से जमीनी स्तर पर बड़ा बदलाव आ सकता है।

# सनातन धर्म का पालन करने वाली अंतरराष्ट्रीय हस्तियों से कौन परेशान है

पंकज जगन्नाथ जयस्वाल



सनातन या हिंदू संस्कृति और देवी-देवताओं में विश्वास की अभिव्यक्ति सभी क्षेत्र के लोगों के बीच आम हो रही है। हालाँकि, यह सनातन धर्म के विरोधियों को एक शक्तिशाली संकेत देता है, जो ऐसे व्यक्तियों को अपनी विचारधारा का दुश्मन मानते हैं। पिछले साल, इसरो के अध्यक्ष और वैज्ञानिकों ने अनुष्ठान करने के लिए मंदिरों का दौरा किया और इसरो अध्यक्ष ने मंदिर के दौरे के महत्व को खुले तौर पर प्रोत्साहित किया। भारत के मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ईश्वर में आस्था दिखाने का एक हालिया उदाहरण हैं। उन्होंने राममंदिर के बारे में क्या कहा कि मैं भगवान के सामने बैठा और उनसे कहा कि उन्हें समाधान खोजने की जरूरत है। उन्होंने भगवान में अपने विश्वास पर जोर दिया और कहा कि मेरा विश्वास करो, अगर आपके अंदर विश्वास है, तो भगवान हमेशा एक रास्ता खोज लेंगे।

हालाँकि, जड़ जमाए हुए स्वार्थी हित, चाहे जानबूझ कर हों या अनजाने में, आमतौर पर मानव मन के समग्र या अंतिम परिप्रेक्ष्य में रुचि नहीं रखते हैं, विशेष रूप से सनातन धर्म में, जैसा कि हमारे प्राचीन ऋषियों ने खोजा था। कई अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त वैज्ञानिक और दार्शनिक सनातन धर्म के विशाल ज्ञान के साथ-साथ कार्यों, प्रथाओं को वैज्ञानिक मानते हैं, खासकर मानव जाति और पर्यावरण संरक्षण के संबंध में। हालाँकि, सनातन धर्म से नफरत करने वाले जिनमें कई कम्युनिस्ट, मिशनरी, इस्लामिक उपदेशक और राजनेता शामिल हैं, इसके बारे में गलत मिथक फैलाते हैं।

**किस तरह सनातन को निशाना बनाते हैं:** भारतीय मार्क्सवादियों का मानना है कि इस्लाम एक प्रगतिशील धर्म है जिसके सिद्धांत अमीर और गरीब के बीच समानता को बढ़ावा देते हैं। दूसरी ओर, सनातन धर्म मूर्तिपूजा और इससे होने वाली बुराइयों में अपने विश्वास से प्रभावित है। यह समझ से परे है कि कैसे आरएस शर्मा और सभी मार्क्सवादी हिंदू मूर्तिपूजा को एक स्व-स्पष्ट बुराई मानते हैं, जबकि गुलामी व्यापार, हलाला, ट्रिपल तलाक, बहुविवाह और अन्य बर्बर शरीयत कानूनों, कुफ्र के लिए अंतर्निहित घृणा, जो अन्य धर्मावलंबियों के लिए घोषित असहिष्णुता से अधिक कुछ नहीं है और इस्लामी प्रथाओं में हिंसा और गंदी राजनीति की अभिन्न भूमिका में ये मार्क्सवादी कोई बुराई नहीं देख पाते हैं। उलटा, हमारे मार्क्सवादी इतिहासकार इन सभी को प्रगतिशील सिद्धांत मानते हैं। आरएस शर्मा की कम्युनल हिस्ट्री और राम की अयोध्या में न केवल हिंदू विरोधी भावनाएँ शामिल हैं, बल्कि इस्लाम के प्रति एक सुखद रवैया दिखाने की सोची-समझी आदत भी दिखाई देती है, जिसे दुनिया भर के कम्युनिस्टों ने शीतयुद्ध की शुरुआत से ही हासिल कर लिया है। जैसा कि हम अब देख सकते हैं, यह समय के साथ एक स्थायी मार्क्सवादी आदत बन गई है।

**भारतीय रीति-रिवाजों का वैज्ञानिक आधार है:** सनातन धर्म की परंपराओं को पहले अंधविश्वास माना जाता था लेकिन विज्ञान के आगमन के साथ यह स्पष्ट हो रहा है कि ये परंपराएँ वैज्ञानिक ज्ञान पर आधारित हैं और सदियों से परंपराओं के रूप में चली आ रही हैं। हालाँकि आम लोगों को इसमें विज्ञान नहीं पता था लेकिन उन्होंने समय के साथ इसका पूरी ईमानदारी से पालन किया। सनातन धर्म अपने ÷साधकों÷ को बदलने के लिए बल का उपयोग नहीं करता है। यह साधक ही हैं जो आंशिक रूप से या पूरी तरह से खुद को परिवर्तित करते हैं क्योंकि सनातन धर्म उन्हें अपनी इच्छानुसार किसी भी भगवान की पूजा करने की अनुमति देता है, साथ ही उन्हें अपने मूल धर्म का पालन जारी रखने की भी अनुमति देता है, चाहे वह ईसाई धर्म हो, इस्लाम हो या कोई और। सनातन धर्म में धर्मांतरण करने के बाद भी किसी भी धर्म का पालन करने में कोई सौ फीसदी कट-ऑफ या रोक नहीं है।

**सनातन धर्म अपनाने वाले अंतरराष्ट्रीय हस्तियों के कुछ उदाहरण:** जूलिया रॉबर्ट्स : 2010 के एक साक्षात्कार में रॉबर्ट्स ने खुद को हिंदू धर्म के मार्ग पर प्रशस्त कहा और कहा कि उनका परिवार उनके साथ मंत्रोच्चार, प्रार्थना और उत्सव मनाने जाता है।

सिल्वेस्टर स्टेलोन : सनातन धर्म के एक प्रमुख अनुयायी।

विल स्मिथ : सनातन धर्म के एक प्रमुख अनुयायी।

रॉबर्ट डाउनी जूनियर : सनातन धर्म में दृढ़ विश्वास रखने वाले और भगवान कृष्ण की विचारधारा के अनुयायी।

माइली साइरस : मानसिक शांति के लिए अपने घर में लक्ष्मी पूजा करती हैं।

मैडोना : कुछ हिंदू परंपराओं का पालन करती हैं और योग का अभ्यास करती हैं।

रसेल ब्रांड : सनातन धर्म में अपार आस्था रखने वाली प्रसिद्ध हास्य कलाकार।

लीना हेडी : गेम ऑफ थ्रोन्स के लिए प्रसिद्ध, उनकी सनातन धर्म में अपार आस्था है।

जैकी हंग : सनातन धर्म में अपार आस्था रखने वाली मार्शल आर्ट कलाकार।

-एनएफएल खिलाड़ी रिकी विलियम्स एक हिंदू और शाकाहारी हैं। चोटों से उबरने के लिए वह हिंदू-आधारित प्राणिक उपचार का उपयोग करते हैं।

-संगीतकार ट्रेवर हॉल जब दौरे पर नहीं होते हैं तो हिंदू साधु की तरह रहते हैं। 2013 में वे भारत की यात्रा पर गए थे।

-आर्मी वाइव्स की अभिनेत्री केली विलियम्स ने 1996 में अपने पति अजय सहगल से शादी करने के बाद हिंदू धर्म अपना लिया था।

-ब्रिटिश उपन्यासकार क्रिस्टोफर इशरवुड एक हिंदू थे।

-मैनहट्टन परियोजना की देखरेख करने वाले सैद्धांतिक भौतिक विज्ञानी रॉबर्ट ओपेनहाइमर भगवद् गीता, महाभारत और भारतीय इतिहास से प्रभावित थे। उन्होंने संस्कृत सीखी और भगवद् गीता को उसकी मूल भाषा में पढ़ा। पहले परमाणु बम के विस्फोट से दो दिन पहले, ओपेनहाइमर ने भगवद् गीता से एक श्लोक पढ़ा।

-नील्स हेनरिक डेविड बोहर इस सूची में एक और नोबेल शांति पुरस्कार विजेता हैं। डेनिश भौतिक विज्ञानी परमाणु संरचना और क्वांटम सिद्धांत में अपने जबरदस्त योगदान के लिए जाने जाते हैं। स्टीफन प्रोथेरो की पुस्तक गॉड इज़ नॉट वन (पृष्ठ 144) में, नील बोहर ने उद्धृत किया है:

मैं प्रश्न पूछने के लिए उपनिषदों में जाता हूँ।

-अमेरिकी खगोलशास्त्री, ब्रह्मांड विज्ञानी, खगोल भौतिकीविद्, खगोल जीवविज्ञानी और दार्शनिक कार्ल सागन का ब्रह्मांड विज्ञान और आधुनिक अंतरिक्ष विज्ञान में योगदान अभूतपूर्व है। वे एक कट्टर हिंदू थे और उन्हें यह कहते हुए देखा गया है:

हिंदू धर्म दुनिया के मुख्य धर्मों में से एकमात्र ऐसा धर्म है जो इस विश्वास को समर्पित है कि ब्रह्मांड स्वयं बहुत बड़ी संख्या में, यहाँ तक कि आंतरिक रूप से, मृत्यु और पुनर्जन्म का अनुभव करता है। यह एकमात्र ऐसा धर्म है जिसमें समय के पैमाने आधुनिक वैज्ञानिक ब्रह्मांड विज्ञान से मेल खाते हैं। इसके चक्र हमारे सामान्य दिन और रात से लेकर ब्रह्मा के दिन और रात तक होते हैं, जो 8.64 बिलियन वर्ष तक चलते हैं। पृथ्वी या सूर्य की आयु से अधिक और बिग बैंग के बाद की अवधि का लगभग आधा। और अभी भी बहुत लंबे समय के पैमाने हैं। [कार्ल सागन, कॉसमॉस]।

-निकोला टेस्ला को व्यापक रूप से सभी समय का सबसे महान वैज्ञानिक माना जाता है और उनके आविष्कारों ने मानवता के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है; वे कई क्षेत्रों में अग्रणी थे। सर्बियाई-अमेरिकी वैज्ञानिक और इंजीनियर अपने क्षेत्र में अच्छी तरह से प्रसिद्ध हैं, जिसमें टेस्ला कॉइल, रेडियो, वैकल्पिक धारा और टेलीफोन शामिल हैं। हालांकि, उन्हें वेदांतिक अवधारणाओं का हवाला देते हुए देखा गया है:

सभी बोधगम्य पदार्थ एक प्राथमिक पदार्थ, या अवधारणा से परे तनुता से आते हैं, जो सभी जगह को भरता है, आकाश या एल्युमिनीफेरस ईथर, जिस पर जीवन देने वाली प्राण या रचनात्मक शक्ति द्वारा कार्य किया जाता है, जो कभी न खत्म होने वाले चक्रों में, सभी चीजों और घटनाओं को अस्तित्व में लाती है। [मैन्स ग्रेटेस्ट अचीवमेंट, जॉन जे. ओ नील, और प्रोडिगल जीनियस, द लाइफ ऑफ निकोला टेस्ला, 1944]

-फ्रटजॉफ कैपरा की अनकॉमन विजडम : कन्वर्सेशन विद रिमार्केबल पीपल (1988) में रवींद्रनाथ टैगोर और वर्नर हाइजेनबर्ग के बीच एक बातचीत का वर्णन किया गया है उन्होंने यह देखना शुरू कर दिया कि सापेक्षता, अंतर्संबंध और अस्थायित्व को भौतिक वास्तविकता के मूलभूत पहलुओं के रूप में पहचानना, जो उनके और उनके साथी भौतिकविदों के लिए बहुत कठिन था, भारतीय अध्यात्म परंपराओं का आधार था। वर्नर हाइजेनबर्ग

क्वांटम सिद्धांत उन लोगों को हास्यास्पद नहीं लगेगा जिन्होंने वेदांत पढ़ा है।

भारतीय दर्शन के बारे में बातचीत के बाद, क्वांटम भौतिकी के कुछ विचार जो बहुत ही अजीब लगते थे, अचानक अधिक समझ में आने लगे।

स्टालिन, राहुल गांधी, शरद पवार और अन्य विपक्षी नेता जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सनातन धर्म को निशाना बनाते हैं, उन्हें मशहूर हस्तियों और वैज्ञानिकों से इन तथ्यों के बारे में सीखना चाहिए। सनातन सार्वभौमिक शांति और सहयोग के लिए खड़ा है, न कि शत्रुतापूर्ण धार्मिक रूपांतरण और स्वार्थ के लिए।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

विचार

# मणिपुर की जातीय हिंसा, अधिकारियों की अग्नि परीक्षा

*प्रियंका सौरभ*

मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जातीय हिंसा 3 मई, 2023 को भड़क उठी। इस संघर्ष में 200 से अधिक मौतें हुईं और 60, 000 लोग विस्थापित हुए। मैतेई और कुकी समुदायों के बीच संघर्ष की जड़ें मणिपुर के जातीय और ऐतिहासिक संदर्भ में गहराई से जुड़ी हुई हैं। मुख्य रूप से घाटी क्षेत्रों में रहने वाले मेइतेई और पहाड़ी जिलों में रहने वाले कुकी समुदाय के बीच लंबे समय से सामाजिक-राजनीतिक और भूमि सम्बंधी विवाद हैं। राजनीतिक सत्ता, भूमि और सरकारी संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा ने इन समुदायों के बीच तनाव बढ़ा दिया है। आरक्षण, भूमि स्वामित्व और स्वायत्तता से सम्बंधित नीतियाँ इस टकराव के केंद्र में हैं। आदिवासी और गैर-आदिवासी समूहों को वर्गीकृत करने की ब्रिटिश काल की नीतियों ने विभाजन पैदा किया जो आज भी गूंजता है।

कानून-व्यवस्था की स्थिति तेजी से बिगड़ गई, सांप्रदायिक तनाव बढ़ गया और हिंसक घटनाएँ सामने आईं। सांप्रदायिक विभाजन ने अखिल भारतीय सेवाओं (एआईएस) के अधिकारियों के कामकाज को गहराई से प्रभावित किया, जिससे उनके बीच भौगोलिक और मनोवैज्ञानिक बाधाएँ पैदा हुईं, संघर्ष के कारण पहाड़ी और घाटी जिले दुर्गम हो गए। वर्तमान स्थिति सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा परिकल्पित स्टील फ्रेम के लिए ख़तरा है, जिसमें अखिल भारतीय सेवाएँ भारत की प्रशासनिक मशीनरी की रीढ़ हैं। हिंसा और जातीय विभाजन के कारण एस्प्रिट डे कॉर्प्स (अधिकारियों के बीच एकता और आपसी सम्मान) तनाव में है, जिससे अधिकारियों के बीच सहयोग और विश्वास कमजोर हो रहा है। संघर्ष ने एआईएस अधिकारियों के बीच पारस्परिक सम्बंधों पर गहरा प्रभाव डाला है, सामाजिक आदान-प्रदान और सहयोग दुर्लभ हो गए हैं। नफ़रत फैलाने वाले भाषण, प्रचार और ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से सार्वजनिक चर्चा के ध्रुवीकरण ने रिश्तों को और अधिक तनावपूर्ण बना दिया है, जिससे विभिन्न जातीय पृष्ठभूमि के अधिकारियों के लिए एक साथ काम करना मुश्किल हो गया है।

मनोवैज्ञानिक युद्ध, दुष्प्रचार और आर्थिक व्यवधान जैसे गैर-गतिशील तत्वों ने मणिपुर में तनाव को बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हाइब्रिड युद्ध के हिस्से के रूप में इन युक्तियों ने जनता के मनोबल और शासन में विश्वास को कम कर दिया है, जिससे कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए ज़िम्मेदार आईएएस और अन्य सेवाओं के लिए एक महत्त्वपूर्ण चुनौती पैदा हो गई है। विभिन्न जातीय पृष्ठभूमि के सिविल सेवकों को अपनी जातीय पहचान के साथ अपने पेशेवर कर्तव्यों को संतुलित करने में दुविधाओं का सामना करना पड़ता है। सामुदायिक अपेक्षाओं और वफादारी का दबाव बनाम प्रशासनिक तटस्थता बनाए रखने की आवश्यकता एक महत्त्वपूर्ण नैतिक चुनौती प्रस्तुत करती है। कई अधिकारियों को उनकी जातीयता के कारण व्यक्तिगत सुरक्षा खतरों का सामना करना पड़ता है। सरकारी अधिकारियों को भीड़ द्वारा निशाना बनाए जाने और सुरक्षा की आवश्यकता की रिपोर्टें उनके सामने आने वाले गंभीर खतरों को रेखांकित करती हैं। इससे मनोवैज्ञानिक तनाव पैदा हो गया है और उनके कर्तव्यों को पूरा करने की क्षमता में बाधा उत्पन्न हुई है।

दुष्प्रचार, घृणास्पद भाषण और भड़काऊ सामग्री फैलाने में सोशल मीडिया प्लेटफार्मों की भूमिका ने संघर्ष को बढ़ा दिया है। हिंसा और



भड़काऊ भाषणों के वीडियो ने समुदायों को और अधिक ध्रुवीकृत कर दिया है, जिससे नागरिक अधिकारियों के लिए कहानी को प्रबंधित करना मुश्किल हो गया है। चुनौतियों के बावजूद, मणिपुर संघर्ष को लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) और भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए) जैसे संस्थानों द्वारा अनुसंधान और दस्तावेज़ीकरण के अवसर के रूप में देखा जा सकता है। इस मामले के आधार पर संघर्ष प्रबंधन, सुलह और प्रशासनिक तटस्थता पर प्रशिक्षण मॉड्यूल और क्षमता-निर्माण कार्यशालाएँ विकसित की जा सकती हैं। इस तरह के केस अध्ययन लोकतांत्रिक ढांचे के भीतर जातीय केंद्रित संघर्षों से निपटने में व्यावहारिक अंतर्दृष्टि प्रदान करेंगे, जो संघर्ष क्षेत्रों में शासन की शैक्षणिक और व्यावहारिक समझ में योगदान देंगे।

वेबर द्वारा प्रतिपादित नौकरशाही की अवैयक्तिक प्रकृति का लाभ संघर्षग्रस्त राज्य में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए किया जा सकता है। बैचमेट्स के बीच पेशेवर टीम भावना और राष्ट्रीय एकीकरण के एजेंट के रूप में एआईएस अधिकारियों की तटस्थ भूमिका संघर्षों को हल करने के लिए एक लचीला ढांचा प्रदान करती है। शांति-निर्माण प्रयासों में अधिकारियों को शामिल करने के लिए नवीन कार्मिक प्रबंधन नीतियों का कार्यान्वयन। विभिन्न जातीय समुदायों के अधिकारियों के बीच नियमित आभासी बैठकें बेहतर सम्बंधों को बढ़ावा दे सकती हैं और संघर्ष से उत्पन्न मनोवैज्ञानिक अलगाव को कम कर सकती हैं। इस तरह के उपाय मणिपुर में उभरे प्रशासनिक सिलोस को तोड़ने में मदद कर सकते हैं, सिविल सेवाओं के भीतर बेहतर सहयोग की सुविधा प्रदान कर सकते हैं और शांति प्रक्रिया में योगदान दे सकते हैं। यह संघर्ष भारत में संघीय एकता के महत्त्व को भी रेखांकित करता है। संचार चैनलों को मज़बूत करने और राज्य और केंद्र सरकारों के बीच साझा जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने से भविष्य के संकटों को कम करने में मदद मिल सकती है।

मणिपुर में जातीय हिंसा ने गहरे जड़ें जमा चुके सांप्रदायिक संघर्षों से निपटने में भारत की प्रशासनिक प्रणाली की कमजोरी को उजागर कर दिया है। हालाँकि यह स्थिति अखिल भारतीय सेवाओं की अखंडता के लिए गंभीर चुनौतियाँ प्रस्तुत करती है, यह संघर्ष-ग्रस्त क्षेत्रों में शासन के दृष्टिकोण पर पुनर्विचार और सुधार करने का एक अनूठा अवसर भी प्रदान करती है। क्षमता निर्माण, अनुसंधान और नवीन नीति उपायों पर ध्यान केंद्रित करके, आईएएस और अन्य सेवाएँ संकट को एक सीखने के अनुभव में बदल सकती हैं जो भविष्य के संघर्षों में स्टील फ्रेम के लचीलेपन को मज़बूत करती है।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

साहित्य



## पुरानी हंसी

**अनीता वर्मा**



मुझे अच्छी लगती है पुरानी कलम
पुरानी कापी पर उल्टी तरफ़ से
लिखना
शायद मेरा दिमाग पुराना है या मैं हूं
आदिम
मैं खोजती हूं पुरानापन
तुरत आयी एक पुरानी हंसी मुझे
हल्का कर देती है
मुझे अच्छे लगते हैं नए बने हुए पुराने
संबंध
पुरानी हंसी और दुख और चप्पलों के
फ़ीते
नयी परिभाषाओं की भीड़ में
संभाले जाने चाहिए पुराने संबंध
नदी और जंगल के
रेत और आकाश के
प्यार और प्रकाश के।



# राशिफल

**मेषः**- सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। रोजगार में लाभ के नये अवसर मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। किसी मेहमान के आगमन से घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**वृषभः**- नई घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। जरूरी कार्य की समय से पूर्ति करें।

**मिथुनः**- नये क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**कर्कः**- सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। रोजगार में क्षमता का पूर्ण लाभ मिलेगा।

**सिंहः**- कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**कन्याः**- मन को सकारात्मक दिशा की ओर केंद्रित करें। भाग्य से प्राप्त अच्छी बुरी सभी स्थितियों के साथ समझौतावादी बने। अपने सुख-दुख छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। आलस्य कतई न करें।

**तुलाः**- पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें।

**वृश्चिकः**- भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। किसी नई दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**धनुः**- मूल्यवान समय को व्यर्थ के कार्य में न जाया करें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकते हैं। जरूरी कार्य की पूर्ति समय से करें।

**मकरः**- योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा।

**कुंभः**- किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्टप्रद माहौल होगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। रोजगार में आ रही समस्याओं से निराश न हों।

**मीनः**- प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

# प्रियंका की चुनावी सियासत का आगाज

अपने बड़े भाई राहुल गांधी की केरल के वायनाड की छोड़ी लोकसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिये प्रियंका गांधी-वाड्रा ने बुधवार को परचा भरकर अपनी चुनावी राजनीति की शुरुआत कर दी है। परिवारवाद को लेकर भारतीय जनता पार्टी को एक और हमले का अवसर देते हुए कांग्रेस ने प्रियंका को मैदान में उतारा तो है, लेकिन राजनीतिक विश्लेषक प्रियंका का पलड़ा इस कदर भारी बतला रहे हैं कि भारतीय संसद पहली बार एक नहीं, दो नहीं बल्कि गांधी-नेहरू परिवार के तीन सदस्यों को एक साथ देखने जा रही है। राहुल ने 2024 का आम चुनाव वायनाड के साथ रायबरेली से लड़ा था। दोनों सीटों पर जीतने के बाद उन्होंने वायनाड की सीट छोड़ दी जहां से वे 2019 में भी निर्वाचित हुए थे। उस बार भी वे दो जगहों से चुनाव लड़े थे। दूसरा लोकसभा क्षेत्र अमेठी था, जहां उन्हें स्मृति ईरानी ने हराया था। 1998 से रायबरेली का प्रतिनिधित्व कर रही उनकी मां सोनिया गांधी इस साल हुए चुनाव में खड़ी नहीं हुईं परन्तु उन्हें पार्टी ने राज्यसभा में भेजा है। यदि वायनाड में होने जा रहे उपचुनाव में प्रियंका जीत जाती हैं तो वे परिवार की तीसरी मौजूदा सांसद होंगी।

वे बेशक गांधी परिवार की सदस्य हैं, लेकिन उन्होंने पिछले कुछ वर्षों से चुनावी प्रबंधन में अपनी कुशलता का परिचय दिया है। आकर्षक व्यक्तित्व की धनी प्रियंका सड़कों पर संघर्ष करना जानती हैं, विमर्श रचती हैं, भाजपा के आरोपों का मुंहतोड़ जवाब देती हैं और मुद्दों को लेकर सरकार पर टूट पड़ती हैं। पिछले 5 वर्षों के दौरान पार्टी की बतौर महासचिव उन्होंने सबसे पहले उत्तर प्रदेश का जिम्मा सम्हाला। हालांकि 2019 के लोकसभा और 2022 के विधानसभा चुनावों में उनके नेतृत्व में कांग्रेस को बहुत सफलता नहीं मिल सकी थी। इसके कारण काफी लोगों को लगने लगा था कि प्रियंका में वह बात नहीं है जिसकी उम्मीद थी। भाजपा के लिये यह विशेष संतोष की बात थी। नाकामी से विचलित हुए बिना प्रियंका ने अपनी लड़ाई का मुंह सड़कों की तरफ मोड़ दिया। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के साथ महिला सुरक्षा और उनके साथ होने वाले अत्याचारों को लेकर वे मुखर रहीं। उप्र में श्लड़की हूं, लड़ सकती हूंश् का नारा चाहे विशेष कामयाब न हो पाया परन्तु उन्होंने प्रदेश में होने वाले बलात्कारों तथा उत्पीड़न के खिलाफ जोरदार आवाजें उठाईं। प्रशासन ने कई जगहों पर उन्हें जाने से रोकने की कोशिशें की थीं, पर वे हाथरस, उन्नाव आदि गयीं और अपनी कटिबद्धता व साहस का परिचय देती रहीं। ऐसा नहीं है कि उन्हें राजनीतिक समझ उनके पिता राजीव गांधी की तरह सक्रिय राजनीति में उतरने के बाद हुई। जब राजीव प्रधानमंत्री बने तो वे बहुत छोटी उम्र में उनके साथ पिता के चुनावी क्षेत्र अमेठी जाया करती थीं। उनके परिवार के प्रति लोगों के अनुराग को उन्होंने नजदीक से देखा था और उनमें देश के प्रति दायित्व की समझ कम उम्र में विकसित हो गयी थी। उन्होंने अपने भाई के साथ-साथ पहले दादी इंदिरा गांधी और बाद में राजीव की शहादत को भी देखा था। निराशा व नाराजगी के बावजूद उन्होंने देश के लिये परिवार के इन दो लोगों के त्याग का महत्व समझा। देश के प्रथम राजनीतिक परिवार



की सदस्य होने के नाते सियासत का प्रशिक्षण उन्हें स्वाभाविकतः बचपन से ही मिलता गया। इसका लाभ लेते और उसका प्रदर्शन करते हुए प्रियंका लगातार सक्रिय रहीं। कर्नाटक, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा आदि राज्यों में उन्होंने जमकर चुनाव प्रचार किया। यह अलग बात है कि उनकी पार्टी को कहीं सफलता मिली तो कहीं असफलता, लेकिन उनके करिश्माई व्यक्तित्व के ज्यादातर लोग मुरीद होते गये। मौजूदा लोकसभा में यदि कांग्रेस की सदस्य संख्या लगभग दोगुनी हुई है तो उसमें राहुल एवं कांग्रेसाध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ प्रियंका के भी योगदान से कोई इंकार नहीं कर सकता। वैसे प्रियंका का चुनावी प्रबन्धन का 35 वर्षों का अनुभव है- कभी अपनी मां सोनिया तो कभी राहुल के लिये। इस बार उन्होंने अमेठी में किशोरीलाल शर्मा को जीत दिलाई थी।

पिछले दिनों राहुल द्वारा की गयी दो पदयात्राओं के दौरान जो विमर्श गढ़ा गया तथा जिसे लोकसभा में सांसद के तौर पर स्वयं राहुल व कांग्रेस ने बढ़ाया, उसे सड़कों पर प्रियंका ने मजबूती दी। राहुल जिस प्रकार महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, सामाजिक न्याय आदि की बातें उठाते रहे, उसमें अपना सशक्त स्वर प्रियंका ने मिलाया है। मोदी सरकार तथा देश के सबसे बड़े उद्योगपतियों के खिलाफभी बेखौफहोकर प्रियंका ने अपनी रैलियों में आवाज उठाई। वायनाड सीट पर राहुल दो बार चुनाव जीत चुके हैं। उनका यहां अच्छा खासा प्रभाव है- बावजूद इसके कि वे यह सीट छोड़ चुके हैं। इसलिये प्रियंका जब यहां नामांकन भरने पहुंची तो उस मौके पर आयोजित रोड शो के रूप में जो जनसैलाब उमड़ा, उसने इस बात का आभास दे दिया है कि चुनावी परिणाम क्या होगा। प्रियंका की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले दिनों एक सभा में खुद राहुल ने कहा था कि श्यदि प्रियंका वाराणसी से चुनाव लड़तीं (2024 का), तो मोदी संसद में नहीं होते। वायनाड में राहुल की ताकत तो उनके साथ होगी ही, जिन्होंने 2019 में 4.1 लाख और 2024 में 3.64 लाख वोट पाये थे। प्रियंका यदि 13 नवम्बर को होने वाले उपचुनाव में (परिणाम 23 नवम्बर को) जीतकर लोकसभा पहुंचती हैं तो यह भाजपा, विशेषकर मोदी के लिये नयी मुसीबत होगी। जो मोदी-भाजपा अकेले राहुल के संसद के भीतर हमलों से पहले ही हलाकान हैं, भाई-बहन का दोहरा हमला कैसे झेलेंगे, यह देखना दिलचस्प होगा।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# राज्यपाल ने कहा- बेटी अलीशा खूब पढ़ो आगे बढ़ो व देश के लिये उपयोगी बनो

**राज्यपाल ने अलीशा की पीठ थपथपाकर दिया आशीर्वाद, बीबीए की छात्रा है अलीशा**



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी में कुलाधिपति राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने युग चेतना महाविद्यालय नजरपुर, सुमेरपुर की छात्रा अलीशा खान पुत्री जलीस खान को कांस्य पदक देकर सम्मानित किया गया। अलीशा को यूनीवर्सिटी में बीबीए व बीसीए ऑनर्स की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर सम्मान पदक डिग्री व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है।

बुधवार को बुंदेलखंड विवि झांसी का 29वां दीक्षांत समारोह विवि के गांधी ऑडीटोरियम हाल में संपन्न हुआ था। छात्रा अलीशा को कुलाधिपति ने कांस्य पदक प्राप्त करने पर पीठ थपथपाकर आशीर्वाद दिया और कहा कि बेटी खूब पढ़ो आगे बढ़ों और देश के लिए उपयोगी बनो। छात्रा अलीशा शुरु से ही पढ़ने में बहुत होशियार व होनहार छात्रा है। इनके पिता जलीश खान जिले के प्रतिष्ठित व्यक्तियों में गिने जाते है। अलीशा को शिक्षकों व समाजसेवियों आशीर्वाद प्रदान किया है। छात्रा अलीशा ने हाईस्कूल व इंटर बहुत ही अच्छे अंको में उत्तीर्ण किया है। इस अवसर पर कुलपति प्रो. मुकेश पांडेय मुख्य अतिथि के रूप में डा. जी सतीश रेड्डी अध्यक्ष एरोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया अध्यक्ष डीआरडीओ रक्षा सलाहकार रक्षामंत्री के अलावा उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय व राज्यमंत्री रजनी तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थी। साथ ही बुंदेलखंड विवि के तमाम उच्च पदस्थ अधिकारी.कर्मचारी पदक पाने वालों के परिजन व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## उधार रुपये मांगें तो मारपीट की

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली के टोला गांव निवासी अरविंद पुत्र सेवाराम ने बताया कि गांव के एक व्यक्ति ने अपना इलाज कराने के लिए उससे छह हजार रुपए उधार लिए थे। बुधवार की शाम करीब पांच बजे रुपए मांगे तो वह बोला कि घर चलो देता हूं। जब वह उसके घर के बाहर खड़ा था। तभी युवक हाथ में तमंचा लेकर बाहर आया और रुपए न देने की धमकी देने लगा। बताया कि उक्त युवक गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर तमंचे की बट से मारा.पीटा। मारपीट से उसके शरीर में गंभीर चोटें आई हैं। डॉ चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि युवक के सीने व सिर पर चोटें होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि वह मामले की जांच करा रहे हैं।

# पुलिस ने दंगा नियंत्रण रिहर्सल का किया सफल आयोजन

**कई थानों की फोर्स ने किया मॉकड्रिल**



**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

आगामी पर्वों के दृष्टिगत नगर के रहमानिया कॉलेज ग्राउंड में दंगा नियंत्रण रिहर्सल परेड का आयोजन किया गया जहां जिले भर के तमाम थानों का फोर्स मौके पर पहुंचा और क्षेत्राधिकारी की अगुवाई में सफलतापूर्वक अभ्यास संपन्न कराया गया। आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा के निर्देशानुसार कस्बे के रहमानिया ग्राउंड में दंगा नियंत्रण रिहर्सल परेड का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय कोतवाली सहित थाना सिसोलर थाना बिवांर समेत पुलिस लाइन से सैकड़ों पुलिसकर्मी यहां पहुंचे। रिहर्सल के दौरान अग्निशमन विभाग भी मौजूद रहा। यह पूरा एंटी राइट ड्रिल क्षेत्राधिकारी मौदहा विनीता पहल की अगुवाई में सम्पन्न हुआ। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि जब कहीं कोई दंगा होने की स्थिति उत्पन्न होती है तो उन्हें नियंत्रित करने एवं तितर.बितर करने की पूरी कार्य प्रणाली इस ड्रिल के दौरान फोर्स को समझाया जाता है। उन्होंने बताया कि दंगा नियंत्रण करने के लिए पुलिस की दस टीमें बनाई जाती हैं जो अलग.अलग प्रकार से बलवाइयों को समझाने बुझाने तथा बलवा न करने के लिए प्रयास करते हैं। वहीं गुरूवार को सुबह 8 बजे से आयोजित बलवा नियंत्रण परेड में भी पुलिस की एक टीम को दंगाई बनाया गया तथा भारी मात्रा में मौजूद फोर्स की अलग.अलग दस टीमें बनाकर दंगा नियंत्रण करने का अभ्यास किया। हालांकि चल रहे रिहर्सल में आंसू गैस के गोले छोड़ते समय पुलिस के पुराने हथियार जवाब देते नजर आए लेकिन मौजूद अधिकारियों ने जल्द ही इस उजागर होती नाकामी को कामयाबी में तब्दील कर दिया। वहीं इस रिहर्सल परेड का नेतृत्व टीएसआई हरवेंदर सिंह ने किया।इस दौरान मौदहा क्षेत्राधिकारी के अलावा प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी कृष्णकांत त्रिपाठी समेत थाना सिसोलरए बिवांर एवं क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर मौके पर मौजूद रहे।

# खबरें एक नजर में

## पीस कमेटी की बैठक संपन्न



**पनवाड़ी महोबा।** आगामी दीपावली लक्ष्मी पूजा त्योहार के मद्देनजर गुरुवार को महोबकंठ थाना में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम वर्मा ने की। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक ने शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। अपने संबोधन में प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम वर्मा ने कहा कि त्योहार मिलजुल कर मनाने से इसकी खुशी और बढ़ जाती है। कहा कि दीपावली खुशी प्यार और शांति का पर्व है। पवित्र मन और प्यार भरे माहौल में इसे मनाने से इसकी पवित्रता कायम रखी जा सकती है। कहा की प्रशासन त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को प्रतिबद्ध है। दुकानदारों को निर्देशित किया कि आतिशबाजी की दुकानें आबादी से दूर लगाईं जाएं तथा छोटे बच्चों को पटाखा न दिए जाए। इस मौके पर जयप्रकाश नायक, स्वतंत्र राजपूत, मनोज पटेल, रवि पटेल, अनूप पटेल, रविन्द्र खरे, चंद्रशेखर रिछारिया ,रामाधीन आदि मौजूद रहे।

## एक किलोग्राम गांजा बरामद

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के बचरौली गांव निवासी बीनू पुत्र रामप्रकाश को बीस क्वार्टर देशी शराब के ले जाते समय उपनिरीक्षक राकेश कुमार ने गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया है। वही कस्बा इंचार्ज शिवकुमार सिंह ने भोली रोड कांशीराम कालोनी निवासी राजन पुत्र ओमप्रकाश को गांजा ले जाते समय गिरफ्तार किया। तौल करने पर सूखा गांजा एक किलो सौ ग्राम निकला। मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की गई है।

## मासूम के गायब होने पर गुमशुदगी दर्ज

**राठ(हमीरपुर)।** जन्मदिन के दिन बड़े भाई से कहासुनी हो जाने पर 13 वर्षीय बालक घर से चला गया। जब बालक घर में नहीं दिखा तो उसकी खोजबीन शुरू कर दी। बालक के पिता ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है।कस्बे के खुशीपुरा मोहल्ला निवासी एजाज पुत्र रशीद ने बताया कि उसका 13 वर्षीय अयाज कस्बे के एक इंग्लिश मीडियम स्कूल में कक्षा छह का छात्र है। बुधवार को अयाज की अपने बड़े भाई से कहासुनी हो गई। जिससे वह नाराज होकर शाम करीब चार बजे साइकिल से कहीं चला गया। काफी समय बीत जाने के बाद अयाज घर में नहीं दिखाया तो उसकी खोजबीन की। लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला है। बताया कि उसके पुत्र का बुधवार को जन्मदिन भी था। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों में देख रहे हैं। बालक की तलाश जारी है।

## आत्महत्या का प्रयास

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली के जखेड़ी गांव निवासी 30 वर्षीय धीरेंद्र पुत्र महेश कुमार गुरुवार को घरेलू कलह के चलते फांसी लगा ली। स्वजनों ने जब युवक को फांसी पर लटका देखा तो हड़कंप मच गया। आनन.फानन में सीएचसी ले गए। जहां डॉ अखिलेश सिंह ने युवक को मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है।

## मदरसा के चार बच्चे बने हाफिज-ए-कुरान



**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे के मदरसा रहमानिया हलीम मुस्लिम यतीमखाना मे हाफिज-ए-कुरान बनने पर बच्चों स्वागत किया गया। हाफिज बनने पर मदरसे में दुआ एवं फातहा का आयोजन किया गया। मदरसा में पढ़कर चार बच्चों ने मुकम्मल किया हिफ्ज़ए कुरान हिफ्ज करने वाले चारों हाफिजों को मदरसा कमेटी सहित कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने मुंह मीठा कर दी मुबारकबाद दिया। मदरसा कमेटी के मैनेजर नसीम भाई सहित मदरसा के सदर मुदररिस कारी सनाउल्लाह साहब ने हाफिज बने बच्चों को मुबारकबाद दी। कस्बे में मदरसा रहमानिया हलीम मुस्लिम यतीमखाना में दुआ एवं फातहा का आयोजन किया गया। इस दौरान शहर इमाम मौलाना करामत उल्ला उस्ताद हाफिज अकमल सगीर कारी फारूक जुम्मू सभासदए भोला भाई ज़ुबैर सहित मदरसा स्टाफ एवं मोहल्ला वासी उपस्थित रहे। वहीं मदरसे के सदर मुददर्रिश ने बताया की हाफिज हुए चारों बच्चों की दस्तारबंदी का जलसा आगामी 25 दिसंबर को मदरसा प्रांगण में आयोजित होगा।

## 65 वर्षीय किसान की करंट लगने से मौत



**महोबा।** चरखारी कोतवाली क्षेत्र के चौपड़ खेड़ा गांव में खेत में बने कुएं में पंपिंग सेट से पानी लगा रहे 65 वर्षीय किसान की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई है। पंपिग सेट से निकले करंट की चपेट में आकर कुएं में गिरे बुजुर्ग किसान को दमकल कर्मियों व ग्रामीणों द्वारा बेमुश्किल बाहर निकाल पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है ।चरखारी कोतवाली क्षेत्र के चौपड़ खेड़ा गांव में रहने वाले बुजुर्ग किसान करण सिंह राजपूत अपने खेत में बने कुएं में पंपिंग सेट से पानी लगा रहे थे । तभी पंपिंग सेट से निकले करंट की चपेट मैं आकर वह सीधे कुएं में गिर गए थे । बुजुर्ग किसान के दोपहर तक घर न पहुंचने पर परिजनों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई थी । जिसके आधार पर पुलिस ने तमाम जगह तलाश शुरू कर दी है। जहां कुछ ही देर बाद पुलिस को किसान के ही खेत मे बने कुएं में किसान का उतराता मिला है । घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू कर शव को बेमुश्किल बाहर निकाल पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच में जुट गई है।

## पुलिस ने नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार, अपहता को परिजनों के सुपुर्द किया

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपहता/गुमशुदा की बरामदगी एवं इस आपराध में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा सर्विलांस के माध्यम से किये जा रहे सार्थक प्रयासों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली महोबा प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गई उप निरीक्षक सुजीत कुमार जायसवाल, चौकी प्रभारी भटीपुरा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना कोतवाली नगर महोबा में पंजीकृत मु0अ0सं0 304/24 धारा 363/366/376 भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट व 3(2)5 व 3(2)5क एससी/एसटी एक्ट के वांछित अभियुक्त शिवम सेन पुत्र सुरेश सेन उम्र करीब 19 वर्ष नि0ग्रा0 काकून थाना चरखारी महोबा व हाल मुकाम काशीराम कालोनी कबरई मार्ग जनपद महोबा को थाना क्षेत्र के हमीरपुर चुंगी तिराहा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार करते हुए आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया। इस प्रकरण से सम्बन्धित नाबालिग अपहता/पीडिता को बरामद कर नियमानुसार परिजनों के सुपुर्द किया गया है, शेष अग्रिम कार्यवाही प्रचलित है।

## राम-सीता विवाह होने पर हुई फूलों की वर्षा

**राठ (हमीरपुर)।** बुधवार की रात श्री राठ रामलीला सांस्कृतिक समिति द्वारा मेला महोत्सव में राम विवाह और कैकई मंथरा संवाद का मंचन किया गया। राम सीता विवाह के दौरान फूलों की वर्षा की गई। मंगलवार की रात राम की बारात नगर भ्रमण के बाद गुरुवार की रात पहुंची जनकपुरी पहुंची। जहां राजा जनक ने बारात का स्वागत किया। दूल्हा बने राम और बाराती सहित गुरुओं का सम्मान किया। विवाह की रस्मों के बाद राम के गले में सीता ने माला पहनाई। विवाह होते ही मंच पर फूलों की वर्षा की गई और राम सीता की जयकार के नारे गूंज उठे। राम विवाह के मंचन के बाद कैकई मंथरा संवाद का मंचन हुआ। जिसमें अयोध्या नगरी के लोगों के दिलों पर धक्का लगाए जब कैकई ने राजा दशरथ से राम के लिए 14 वर्ष का वनवास और भरत को राजगद्दी का वरदान मांगा। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री निवास बुधौलिया समिति के मंत्री सुरेश खेवरिया बसंत नगायच केजी अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# त्योहार के नजदीक अतिक्रमण हटाने पर व्यापारी नाराज, कहा- व्यापारियों के साथ हो रहा अन्याय

**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**



नगर पंचायत कुरारा द्वारा बेरी तिराहा में अतिक्रमण हटाया गया। त्योहार के मौसम में नगर पंचायत द्वारा चलाए जा रहे अभियान से व्यापारियों में नाराजगी दिखी। व्यापार मंडल अध्यक्ष ने अधिकारियो से वार्ता कर इस फैसले को व्यापारियों के साथ अन्याय बताया है। नगर पंचायत प्रशासन व नायब तहसीलदार की मौजूदगी में कस्बे के बेरी तिराहा में बिना किसी सूचना के हाइवे किनारे से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू हुई। नगर पंचायत के अधिकारी एकर्मचारी व नायब तहसीलदार की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाया गया। दीपावली का पर्व नजदीक होने पर नगर पंचायत की इस कार्यवाही से छोटे दुकानदारों में नाराजगी दिखी।इसकी जानकारी मिलने पर व्यापार मंडल अध्यक्ष अश्विनी दिवेदी व्यापारियो के मौके पर गए तथा नगर पंचायत ई ओ रामबदन व नायब तहसील दार से वार्ता कर इस अभियान को दीपावली पर्व के बाद शुरू किया जाए। जिससे व्यापारी का नुकसान न हो। तब कुछ जगह का अतिक्रमण हटा कर मामला शांत हुआ। इस दौरान लोगो की भीड़ जमा हो गई।तथा सुरक्षा के लिए कस्बा इंचार्ज शिवकुमार सिंह हमराह के साथ मौजूद रहे।

# पानी टंकी में आपरेटर न होने से किसानों के खलिहान जलमग्न

**सुमेरपुर (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**



विकास खण्ड सुमेरपुर के ग्राम टेंढा में नमामि गंगे योजना की बनी टंकी में कोई आपरेटर न होने से पानी किसानो के खलिहानों में भर गया है। पानी भर जाने से किसानो के समक्ष धान की फसल रखने के लिये समस्या खड़ी हो गयी है।

ग्राम टेढा के किसान कमल यादवए कन्हैयाए राममिलन यादवए हरिशंकरए राममनोहर दीप सिंहए शंकर गुप्ताए अगर यादव आदि ने बताया कि गाँव में नमामि गंगे योजना के तहत बनी टंकी में कोई आपरेटर न होने से टंकी से पानी लगातार बहता रहता है। किसानों का कहना है टंकी के पानी से उनके खलिहानों में जल भराव हो गया है। गलिमत यह रही कि धान की फसल अभी खलिहानों में नही रखी गई भी अन्यथा बरबाद हो जाती। किसानो ने बताया कि जल भराव हो जाने से अब उनके समक्ष धान की फसल रखने की समस्या पैदा हो गयी है। विभाग की लापरवाही का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग ने जहा पर काम कराया है वहा के पूरी तरह काम अधूरा छोड़कर चले गये है। जबसे इस विभाग ने काम कराया तब से गांवों की गलियों का सत्यानाश हो गया है पानी तो आधे से ज्यादा गांवों में आज तक नही पहुच पाया है केवल विभाग कागजों में पेयजल मुहैया कराकर अपनी पीठ थपथपा रहा है। विभागीय अभियंता शासन को गुमराह कर रहे है जिससे लोगो में सरकार के प्रति नाराजगी बढती जा रही है।

# खूंखार शियार ने ग्रामीण महिला पर किया हमला

**गम्भीर हालात में महिला को जिला अस्पताल से किया गया हायर सेंटर रेफर**



**महोबा।** उत्तर प्रदेश के बहराइच में ग्रामीण पर सियार के जानलेवा हमले के बाद आप बुंदेलखंड के ग्रामीण इलाकों में सियार ने अपनी दस्तक दे दी है। महोबा में खेत में काम कर रही बुजुर्ग महिला को नरभक्षी सियार ने जानलेवा हमला कर लहूलुहान कर दिया। ग्रामीण महिला पर नरभक्षी सियार के हमले के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है । महोबा जिला अस्पताल अपनी मां को लेकर पहुंचे भागीरथ ने बताया कि पनवाड़ी थाना क्षेत्र के नटर्रा गांव में मेरी मां खेत में मूंगफली उखाड़ने का काम कर रही थी। तभी जंगली नरभक्षी सियार ने उन पर अचानक हमला बोल दिया है। घटना की सूचना मिलते ही हम सभी परिजन अपनी मां को लेकर पनवाड़ी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां हालत नाजुक होने पर डॉक्टर में जिला अस्पताल रेफर कर दिया था अब जिला अस्पताल में भी मन की हालत में कोई सुधार न होने पर डॉक्टर ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है जंगली सियार के आतंक से गांव में दहशत का माहौल है।

# विकासखंड स्तरीय कृषि निवेश मेला आयोजित



**पनवाड़ी, महोबा।** त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम योजना अंतर्गत पनवाड़ी विकासखंड स्तरीय कृषक गोष्ठी एवं कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण योजना अंतर्गत विकासखंड स्तरीय कृषि निवेश मेले का आयोजन विकासखंड सभागार पनवाड़ी में किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी पवन सोनी एवं जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा राजा दीक्षित द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर द्वीप प्रज्वलित कर किया गया कार्यक्रम में पूर्व वैज्ञानिक डॉ रामसेवक चौरसिया द्वारा किसानों को उन्नतशील तकनीकी अपनाकर फसलों के रोग एवं कीटों के प्रबंधन की जानकारी दी गई रुद्र प्रताप मिश्रा सलाहकार ग्रमोन्नति संस्थान महोबा द्वारा किसानों को रसायन मुक्त खेती जैविक खेती प्राकृतिक खेती आदि अपनाने पर जोर दिया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा किसानों जैविक और रसायन मुक्त खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया गया और मोटे अनाज की खेती के लिए प्रोत्साहित किया कार्यक्रम में पशुपालन , मृदा परीक्षण,और फसल बीमा विभाग आदि ने अपने-अपने स्टॉल लगाकर संबंधित जानकारी किसानों को दी ,पशुचिकित्सा अधिकारी भानु प्रताप द्वारा पशुओं की बीमारियों के प्रबंधन की जानकारी किसानो को दी, कार्यक्रम के आयोजन प्रभारी डॉ हरी प्रकाश नामदेव द्वारा किसानों को मक्का की खेती, सोलर पंप की बुकिंग से लेकर सोलर पंप प्राप्त करने और घरेलू संसाधनों का प्रयोग कर खाद बनाकर लागत कम करते हुए मृदा स्वास्थ्य रखने के लिए मृदा परीक्षण की जानकारी किसानों को दी गई कार्यक्रम में कृषि विभाग पनवाड़ी के राजकीय बीज भंडार प्रभारी संजय कुमार, रक्षा प्रभारी शीतल प्रसाद, कम्प्यूटर ऑपरेटर सुनील रावत,बी टी एम ऋषिकेश, विभाग के सभी कर्मचारी एवं विकासखंड पनवाड़ी के सैकड़ों किसानों ने कार्यक्रम में प्रतिभा किया।

## एक बीघा जमीन के विवाद के चलते किसान ने की आत्महत्या

**महोबा।** कबरई थाना क्षेत्र के सिंघनपुर बघारी गांव में एक बीघा जमीन के विवाद के चलते किसान द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक किसान के परिजनों ने पड़ोसी ग्रामीण पर लेखपाल से मिलीभगत कर जमीन की पैमाइश में गड़बड़ी होने के चलते आत्महत्या करने का आरोप लगाया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच शुरू कर दी है। कबरई थाना क्षेत्र के सिंघनपुर बघारी गांव में रहने वाले बुजुर्ग किसान टीजवा कुशवाहा का पड़ोस में ही रहने वाले भजनलाल कुशवाहा से 3 साल से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। भजनलाल ने लेखपाल से मिलकर जमीन की गलत पैमाइश कर दी थी। महोबा सदर तहसील में कई बार शिकायत के बावजूद भी उन्हें किसी प्रकार का कोई न्याय नहीं मिला है।

# चित्रकूट धाम मंडल बांदा के संयुक्त निदेशक ने निरीक्षण के दौरान अस्पताल में अव्यवस्थाएं देखी, हुए नाराज

**सीएमएस को लगाई कड़ी फटकार और जिला अस्पताल में क्षमता से अधिक 55 लोगों के प्रशिक्षण लेते पाए पर प्रशिक्षण पर रोक लगाने के दिए निर्देश**

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



जिला अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे चित्रकूट धाम मंडल बाँदा के संयुक्त निदेशक ने निरीक्षण के दौरान अस्पताल में अव्यवस्थाएं मिलने पर नाराजगी जाहिर कर व्यवस्थाएं सुधारने के सीएमएस को निर्देश दिए हैं। संयुक्त निदेशक के निरीक्षण के दौरान जिला अस्पताल में तैनात स्वास्थ्य कर्मियों में हड़कम्प मचा गया है। महोबा जिला अस्पताल में चित्रकूट धाम मंडल बाँदा के संयुक्त निदेशक डॉ राजेश मोहन गुप्ता जिला अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे जहाँ उन्होने सबसे पहले जीरियाट्रिक वार्ड, चार नंबर वार्ड,ओपीडी,ओटी,गैलरी, औषधि भंडारण सहित जिला अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी स्थानों पर अव्यवस्थाएं पाए जाने पर सीएमएस को कड़ी फटकार लगाई और जिला अस्पताल में क्षमता से अधिक 55 लोगों के प्रशिक्षण लेते पाए पर प्रशिक्षण पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होने बताया कि एक फार्मासिस्ट पर दो लोग ही प्रशिक्षण ले सकते हैं अस्पताल प्रशासन रुपयों की लालच में ज्यादा लोगों को प्रशिक्षण दे रहा है जो गैर कानूनी है। निरीक्षण के दौरान शौचालयों में गंदगी पाई गई फिजियोथेरेपिस्ट सुरेंद्र,अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ देव प्रकाश के ड्यूटी से गायब मिलने पर सीएमएस को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने माना कि चारों ओर अव्वस्थाएं फैली हैं और सीएमएस अस्पताल की व्यवस्थाएं सुधारने में नाकाम साबित हो रहे हैं वह अपनी रिपोर्ट लखनऊ भेजकर सीएमएस का स्थानांतरण कराने की मांग करेंगे।

# अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के सयुंक्त राष्ट्रीय महामंत्री का हुआ जोरदार स्वागत

**महोबा।** अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के सयुंक्त राष्ट्रीय महामंत्री डॉ अजय गुप्ता प्रदेश महामंत्री शिव कुमार सोनी के यहां चरखारी आगमन हुआ। चरखारी जाते समय उनका महोबा आई वी एफ की टीम ने किडारी रेलवे क्रासिंग पर अंतरर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन महोबा के युवा जिलाध्यक्ष अमित सोनी की अगुवाई में गाड़ियों के काफिले के साथ पहुँच कर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहना कर स्वागत किया। तत्पश्चात वो पेट्रोलियम एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता के कार्यालय पहुचे जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर डॉ अजय गुप्ता ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन वैश्य समाज का विश्व का सबसे बड़ा संगठन है इस संगठन में विश्व के कई देशों के उधोगपति एवं राजनीतज्ञ जुड़े हुए है,संगठन का उद्देश्य वैश्य समाज को संगठित कर उनका हक दिलाना है,तथा वैश्य समाज के सहयोग से सम्पूर्ण समाज के हित में कार्य करना है।आई वी एफ सदैव से सामाजिक,धार्मिक कार्यो को करता चला आ रहा और हमेशा किसी भी जाति वर्ग के जरूरत मन्द लोगों की सहायता करता रहेगा।डॉ गुप्ता ने एकता का संदेश देते हुए कहा कि अगर हमें कुछ प्राप्त करना है तो आपसी मतभेदों को दरकिनार करते हुए एक मंच पर आना होगा। अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष डॉ अजय बरसैयां के क्लिनिक पर उनके बड़े भाई डॉ विजय बरसैयाँ जो की पिछले दिनों एक एक्सीडेंट मे गंभीर स्तिथि मे चले गए थे का कुशलक्षेम लिया। फिर उनके निवास स्थान पर जाकर परिवार के लोगों कों शीघ्र स्वस्थ्य होने व ईश्वर पर विश्वास रखने की संतवना दी।

# यातायात प्रभारी सुनील कुमार ने स्कूली छात्रों को पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में स्कूली बच्चों (नौनिहालों) की सुरक्षा के दृष्टिगत एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने व यातायात व्यवस्था को गतिमान बनाये रखने तथा जनपदवासियों में यातायात नियमों के प्रति जनजागरुकता के उद्देश्य से प्रभारी यातायात महोबा सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा निरन्तर सघन चेकिंग/जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में विशेष अभियान के तहत आज प्रभारी यातायात के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम जनपद के विभिन्न स्थलों में ऐसे स्कूली छात्र जो बिना हेलमेट पहने हुए तथा तीन सवारी के साथ अपनी जान जोखिम में डालकर यात्रा करते पाये गये ऐसे छात्रों की जीवनरक्षा को ध्यान में रखकर चेकिंग अभियान चलाया गया है, इस दौरान यातायात पुलिस टीम द्वारा सम्बन्धित छात्रों को यातायात नियमों के साथ छेडछाड़ न किये जाने व यातायात नियमों का पालन किये जाने की अपील की गयी साथ ही छात्रों के परिजनों को सूचित कर भविष्य में ऐसी गलती न करने की सलाह दी गयी है।

# पुलिस अधीक्षक ने परिवार परामर्श कमेटी की महिला सदस्यों को मिशन शक्ति फेज़ 5.0 के तहत किया सम्मानित

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत जनपद महोबा में संचालित परिवार परामर्श केन्द्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाली नारी शक्ति (महिला काउंसलर) को सम्मानित किये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, इस दौरान परिवार परामर्श केन्द्र में कई वर्षों से सक्रिय रहकर पुलिस का सहयोग कर माह सितम्बर 2024 तक कुल 77 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराने में अपना अमूल्य योगदान देने वाली महिला सदस्यों को उनके द्वारा किए जा रहे सराहनीय प्रयासों की प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है। साथ ही सभी से अपेक्षा की गयी है कि भविष्य में इसी प्रकार से पति-पत्नी के मध्य आपसी प्रेम तथा उनके दाम्पत्य एवं सुखमय जीवन के प्रति प्रेरित करते हुए बिखरे परिवारों को एकसूत्र में पिरोते हुए अपना अमूल्य योगदान देते रहेंगे। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे, महिला थानाध्यक्ष श्रीमती सुषमा चौधरी सहित परिवार परामर्श केन्द्र की सम्मानित महिला काउंसलर क्रमशः नेहा चन्सौरिया, नीतू पालिवाल, अंशु शिवहरे, डॉ. विभा पुरवार मौजूद रहीं।

उल्लेखनीय है कि जनपद महोबा में पति-पत्नी के घरेलू विवाद को महोबा पुलिस की पहल से बेहद आसान तरीके से सुलझाकर परिवारों को मिलाया जा रहा है, यहां ऐसे विवादों को निपटारा बिना किसी कोर्ट कचहरी के किया जाता है, जिसमें सभी पक्षों को बुलाकर महिला अधिकारी और सामाजिक सरोकार से जुड़े व्यक्तियों के द्वारा ऐसे विशेष मामले निपटाए जाते हैं, जिनमें परिवार में आपसी मनमुटाव, पति-पत्नी का विवाद होते हैं। ऐसे मामलों को महिला थाना की महोबा पुलिस के द्वारा दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केन्द्र में बुलाया जाता है और उनकी काउंसलिंग कर उनकी सहमति के आधार पर समझाया जाता है और मामले का समाधान कर दोनों पक्षों को हंसी-खुशी परिवार परामर्श केंद्र से हंसी खुशी घर भेज दिया जाता है।

# किसान मेला प्रदर्शनी का सांसद ने किया शुभारंभ

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



उप्र मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत एकदिवसीय जनपदस्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी एवं जनपदस्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन जीआईसी आडीटोरियम में मुख्य अतिथि सांसद तनुज पुनिया एवं मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन की उपस्थिति में किया गया।

इस अवसर पर उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. एके अवस्थी, जिला कृषि अधिकारी राजित राम, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, विजय कुमार, भूमि सरंक्षण अधिकारी, गोमती, सौरभ कुमार, कृषि विज्ञान केन्द्र, हैदरगढ़, के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. समीर पाण्डेय, जिला उद्यान अधिकारी, बाराबंकी डॉ. धीरेन्द्र सिंह, प्रगतिशील किसान राम किशोर पटेल, विक्रान्त सैनी सहित कृषि एवं सम्वर्गीय विभागों मत्स्य, सिंचाई, नलकूप, विद्युत, मण्डी, विपणन आदि के कार्मिक एवं भारी संख्या में किसान उपस्थित रहे। महिला कृषकों द्वारा भी किसान मेले में भारी संख्या में प्रतिभाग किया गया। अतिथियों एवं अधिकारियों द्वारा मेले में लगे कृषकोपयोगी स्टालों का अवलोकन करने के उपरान्त दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। उप कृषि निदेशक द्वारा मिलेट्स फसलों की विविधिताओं एवं लाभ के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही पराली प्रबन्धन के विशय में भी कृषकों को जानकारी प्रदान की गई। जिला कृषि रक्षा अधिकारी, बाराबंकी विजय कुमार द्वारा कृषि रक्षा रसायनों के प्रयोग को कम करने के साथ ही आईपीएम के बारे में विशेष जानकारी दी गई।

जिला कृषि अधिकारी राजित राम द्वारा रबी हेतु कृषि निवेशों की उपलब्धता एवं उनकी गुणवत्ता एवं मूल्य नियंत्रण के सम्बन्ध में की जा रही कार्यवाही के बारे में अवगत कराया गया। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. समीर पाण्डेय द्वारा बाराबंकी के किसानों के सम्बन्ध में बताया गया कि किसान कृषि विविधीकरण के क्षेत्र में अत्यन्त अग्रणी हैं एवं राज्य की उत्पादकता में उनका विशेष योगदान है तथापि अभी भी जनपद में कृषि के क्षेत्र में विशेष रूप से औद्यानिक खेती, मत्स्य पालन, पशुपालन आदि में अपार संभावनायें हैं जिनके माध्यम से यहां के कृषक अकल्पनीय प्रगति कर सकते हैं सांसद तनुज पुनिया जी द्वारा कृषकों को आश्वस्त किया गया वह जनपद के किसानों के प्रतिनिधि के रूप में संवैधानिक रूप से अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं एवं कृषकों की समस्याओं को संसद में गम्भीरतापूर्वक उठाया जा रहा है। मेले में लोकप्रिय लोकगायक जमुना प्रसाद कनौजिया एवं उनकी टीम द्वारा खेती किसानी से सम्बन्धित लोकगीतों की भी प्रस्तुति की गई।

# सर्पदंश का शिकार हुई महिला अस्पताल में भर्ती

▸ डॉक्टरों ने बताया कि महिला की हालत गम्भीर है और उसका इलाज जारी है

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र में एक महिला को खेत में काम करते समय सांप ने काट लिया।घटना की जानकारी होने पर महिला के पति संतोष कुमार ने न केवल अपनी पत्नी को तत्काल अस्पताल पहुंचाया बल्कि सांप को भी एक डिब्बे में बंद करके साथ ले गए। गुरुवार को संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर यह अनोखी घटना हुई जिससे अस्पताल में अफरा तफरी का माहौल बन गया। बदोसराय निवासी सन्तोष कुमार की पत्नी अनारकला धान की कटाई कर रही थी जब अचानक सांप ने उसे काट लिया तो अनारकला ने अपने पति को सूचना दी।

संतोष कुमार ने तत्परता दिखाते हुए सांप को पकड़कर उसे डिब्बे में बंद कर लिया और पत्नी को इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे।अस्पताल में डॉक्टरों ने अनारकला का उपचार शुरू किया और सांप को देखकर आश्चर्यचकित रह गए। मरीजों और तीमारदारों की भीड़ सांप को देखने के लिए एकत्रित हो गई। डॉक्टरों ने बताया कि महिला की हालत गम्भीर है और उसका इलाज जारी है।

# 11 किलो चरस के साथ आरोपी गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज




**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** मुखबिर की सूचना पर जैदपुर पुलिस ने 11 किलो 582 ग्राम चरस के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।जानकारी के अनुसार अहमदपुर चौकी इंचार्ज शोम्य कुमार जायसवाल ने मुखबिर की सूचना पर नेशनल हाईवे अहमदपुर टोल प्लाजा पर बस बीआर 28 पी 3621 को रोककर बस में बैठे लोगो की तलाशी के दौरान नीली जींस पहने तौफीक़ रजा पुत्र जमाल निवासी रकसिया,थाना सीतामणी बिहार के पास से एक बैग बरामद किया गया। जिसमे 13 पैकेटो मे 11 किलो 582 ग्राम चरस बरामद कर दिल्ली से गोरखपुर का टिकट लिये अभियुक्त के विरुद्ध संबंधित धाराओ मे मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# अवधी लोकनृत्य से दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

**बाराबंकी।** देवा मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में गुरुवार को पंख एक पहल फाउंडेशन की निदेशक निधि श्रीवास्तव की टीम ने उपशास्त्रीय नृत्य एवं अवध के लोक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। उन्होंने अपने कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से की। इसके बाद, हे गजवदन वक्रतुंड महाकाय गीत की प्रस्तुति दी।

इसके बाद, अलबेला सजन आयो री मोरा अतिमन सुख पायो री गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी इसके बाद रंगी सारी गुलाबी चुनरिया रे, सैंया मिले लरकईया, और छोटे से नन्हे से हमका मिले बालम, होली खेले रघुवीरा अवध में आदि मनमोहक गीतों की प्रस्तुतियों पर दर्शक मंत्रमुग्ध होकर तालियां बजाते रहे।

# धूमधाम से मनी पंडित सुरेन्द्रनाथ अवस्थी की जयंती

## हैदरगढ़ का जो शैक्षिक विकास पुत्तू भैया ने किया है वह आद्वितीय है : डॉ राम बहादुर मिश्र

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



ग्राम्यांचल पीजी कॉलेज प्रेक्षागृह में महाविद्यालय के संस्थापक हैदरगढ़ क्षेत्र में शिक्षा के क्रांतिदूत पूर्व विधायक स्वर्गीय सुरेंद्रनाथ अवस्थी पुत्तू भैया की जयंती एवं महाविद्यालय का स्थापना दिवस समारोह बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान ग्राम्यांचल परिवार से जुड़े लोगों का हुजूम मौजूद रहा।

इस अवसर पर महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका ग्राम्या के स्वर्गीय प्रेमा स्वास्थ्य स्मारिका विशेषांक का विमोचन भी किया गया। इस मौके पर राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित शिक्षक डॉ राम बहादुर मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि हैदरगढ़ का जो शैक्षिक विकास पुत्तू भैया ने किया है वह आद्वितीय है, जीवन वही है जिसकी कीर्ति रहती है। राष्ट्रकवि रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी प्रलयंकर ने ग्राम्यांचल संस्थान नाम ही ही इस क्षेत्र की शैक्षिक पहचान है। इसके पूर्व ग्राम्यांचल समिति के निदेशक शरद अवस्थी, महासचिव आशुतोष अवस्थी, कोषाध्यक्ष पंडित सिद्धार्थ अवस्थी, वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया, वरिष्ठ पत्रकार एसपी सिंह, पूर्व प्रबंधक गंगा बख्श सिंह, दिनेश शुक्ला आदि गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका ग्राम्या का विमोचन किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के मेधावियों को प्रशस्ति पत्र व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के निदेशक पंडित सिद्धार्थ अवस्थी ने आए हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज वह इतनी बड़ी जिम्मेदारी आप सब के सहयोग व स्नेह से निभाने की भरपूर कोशिश कर रहे हैं, माता-पिता के सपनों को पूरा करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखूंगा, बस आप सब का सहयोग, सानिध्य व संभल इसी तरह हमको मिलता रहे।

इस अवसर पर पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर लालमणि शुक्ल, चेयरमैन आलोक तिवारी, अप प्रचार डॉक्टर राजेंद्र यादव, डॉ सुधीर मिश्रा, चौधरी सरताज हुसैन, वरिष्ठ अधिवक्ता जगदीश प्रसाद वाजपेई, प्रबंधक शिवकुमार चतुर्वेदी, गंगा बख्श सिंह, वरिष्ठ पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया, वरिष्ठ पत्रकार एसपी सिंह, माता-पिता धाम के संरक्षक पंकज मिश्रा, महाविद्यालय के कोऑर्डिनेटर परणित श्रीवास्तव, युवा नेता गोविंद पाठक सरवर सिद्दीकी, प्रधान गौतम पाठक सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक व ग्राम्यांचल परिवार से जुड़े लोगों की भारी संख्या में मौजूदगी रही।

# छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध पटाखे हुए बरामद

**जैदपुर बाराबंकी।** काफी समय से पटाखे का अवैध कारोबार करने वाले एक कारोबारी के घर में सीओ सदर सहित जैदपुर पुलिस ने छापे मारी कर भारी तादात में पटाखा बरामद कर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

मामला जैदपुर थाना क्षेत्र के गांव डेहुआ का है जहां गुरुवार को सुबह सुबह सीओ सदर हर्षित चौहान व थाना प्रभारी अमित प्रताप सिंह सहित भारी संख्या पुलिस ने विरेन्द्र कुमार के घर में छापे मारी कर भारी तादात में अवैध रूप से रखे पटाखों को बराबर कर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की है। वहीं सूत्रों ने बताया कि पुलिस के गांव में आने की सूचना मिलते ही अन्य तमाम पटाखा कारोबारी ने अपने मकान में ताला लगाकर फरार होने में सफल हो गये? जबकि बंगला बाजार व आस पास दीपावली के मौके पर बिना लाइसेंस के अवैध दर्जनों दुकानें हर वर्ष लगती है। और कार्यवाही न होने से अपने घरों में पहले से लाखों रुपए के पटाखे खरीद कर भंडारण होता है।

# बीस अभ्यर्थियों को वितरण किये गये नियुक्ति पत्र

▸ जिले को मिले 18 ग्राम पंचायत अधिकारी, एक ग्राम विकास अधिकारी व एक समाज कल्याण पर्यवेक्षक

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के द्वारा निष्पक्ष, पारदर्शी प्रक्रिया से चयनित 1526 ग्राम पंचायत अधिकारी, 360 ग्राम विकास अधिकारी (समाज कल्याण), 64 समाज कल्याण पर्यवेक्षक के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम लखनऊ में मुख्यमंत्री ने किया।

सांसद नारायण दास अहिरवार, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान, विधान परिषद सदस्य के प्रतिनिधि आरपी निरंजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने मुख्यमंत्री का सजीव प्रसारण एलईडी के माध्यम से विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में देखा। उसके पश्चात जनपद जालौन में 18 ग्राम पंचायत अधिकारी, 01 ग्राम विकास अधिकारी (समाज कल्याण), 01 समाज कल्याण पर्यवेक्षक के पद पर नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण किए गए। उन्होंने नवचयनितों को बधाई देते हुए कहा कि आपका पद महत्वपूर्ण है, ग्राम स्तर पर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के संचालन की जिम्मेदारी आप पर है, यदि आपके द्वारा पदीय दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा से किया जायेगा तो हम सब विकसित भारत के संकल्प को पूरा कर सकेंगे।

# देवा मेले के दंगल प्रतियोगिता में पहलवानों ने की जोर आजमाइस

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को देवा मेले में आयोजित दंगल प्रतियोगिता में दूसरे दिन पहलवानों ने एक दूसरे को हराने के लिये खूब जोर आजमाइश की। गुरुवार को पहली कुश्ती बबलू पहलवान फतेहपुर और संजय फरुखाबाद के बीच हुई जिसमें बबलू पहलवान ने जीत हासिल की, इसके बाद ओमबीर कानपुर और अदनान केसरई के मध्य हुई जिसमें ओमबीर विजयी रहे। इसके बाद ओमप्रकाश ग्वालियर और रामबली गोरखपुर के मध्य हुई जिसमें रामबली ने फतेह हासिल की। इसके बाद अमित यादव देवा और गणेश पहलवान सफदरगंज के बीच हुई कुश्ती में अमित विजयी हुए, राजा कुरैसी करियर शरीफ और रॉकी दिल्ली के बीच मुकाबला रोमांचक रहा जिसमें राजा कुरैसी ने फतेह हासिल की।

इसके बाद काली घटा पहलवान और मनसबदार के बीच हुई कुश्ती में मनसबदार विजयी रहे। साबिर पहलवान और वाजिद के बीच मुकाबले में साबिर पहलवान ने जीत हासिल की। वहीं महिला पहलवान मुस्कान कन्नौज और निर्जला पहलवान हरियाणा के बीच हुए मुकाबले में निर्जला पहलवान हरियाणा ने फतेह हासिल की। आखड़े में पहलवानों की कुश्तियों को देखने के लिये काफ़ी भीड़ रही।

# लूट की वारदात करने वाले दो अपराधी गिरफ्तार



**धुरियापार,उरुवा,गोरखपुर समृद्धि न्यूज।**

जनपद में अपराध एवं अपराधियो पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाये जाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय गोरखपुर द्वारा रोकथाम अपराध व अपराधियों की गिरफ्तारी के लिये चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी गोला के पर्यवेक्षण में प्रभारी थानाध्यक्ष उरूवा बाजार विकास नाथ द्वारा मुखबिर की सूचना पर गुरूवार को मु.अ.सं. 212/2024 धारा 309(4), 318(4),भा.न्या.सं. थाना उरुवा बाजार जनपद गोरखपुर से संबधित वाछिंत अभियुक्तगण शमीम उर्फ इन्तीजार पुत्र खुरमुल्ली निवासी ग्राम चक्र महेशपुर पोस्ट खिरकिटा दूबे थाना गोला जनपद गोरखपुर उम्र करीब 19 वर्ष ,सैयद उर्फ भुअर उर्फ टिल्टू पुत्र स्व0 उन्नू निवासी ग्राम चक्र महेश पोस्ट खिरकिटा दूबे थाना गोला जनपद गोरखपुर उम्र 40 वर्ष को भरवलिया रोड पर पन्डितान टोला मोड़ के पास से समय 09.40 बजे पुलिस द्वारा गिरफ्तार व निम्न समान एक अदद मंगलसूत्र पीली धातु लाल एंव काले रंग की गुरिया में लगी हुई व एक अदद अंगूठी पीली धातु की व घटना में प्रयुक्त एक अदद पल्सर बरामद कर आरोपियों को न्यायालय भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार बीते 21 अक्टूबर को समय 9 बजे वादिनी ललिता यादव पत्नी भजुराम यादव निवासिनी ग्राम नराईचपार थाना उरूवा बाजार जनपद गोरखपुर मो.न. को जेवर साफ करने की बात कहकर छल से माला (मंगलसूत्र) गुनने के लिए बुलाना तथा जेवरात का बैग जिसमें एक सोने की चैन,एक झूमका, पायल, विछुआ तथा एक सोने की अंगूठी छिन कर भाग गए थे। तभी से पुलिस ने अपनी सक्रियता दिखाते हुए, इस घटना का खुलासा किया।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत हुए कार्यक्रम

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** पंचायत भवन सिरौलीगौपुर में मिशन शक्ति महिला सशक्तिकरण अभियान अन्तर्गत बदोसराय पुलिस ने एक कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं किशोरियो को जागरूक किया। गुरुवार को बदोसराय थाने में तैनात वरिष्ठ उपनिरीक्षक विष्णु शर्मा ने कार्यक्रम मे उपस्थित किशोरियो एव युवतियो से रूबरू होते हुए कहा कि स्कूल कॉलेज रास्ते आते जाते समय अगर कोई मनचला शोहदा उनके साथ छेड़छाड़ करता है तो घबराएं नहीं बल्कि यूपी सरकार द्वारा महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए जारी किए गए।




## श्रीराम के आदर्शो पर चलकर समाज का कल्याण संभवः खब्बू

**अयोध्या।** श्रीराम लीला समिति चौरेबाजार के तत्वाधान मे एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस सम्मान समारोह मे गोसाईगंज के पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू व केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष मनोज जायसवाल द्वारा संयुक्त रूप से बतौर मुख्य अतिथि राम लीला मंचन कार्यक्रम के कलाकारोंएआयोजकों व दुर्गा पूजा महोत्सव को सफल एवं शांति पूर्ण ढंग से संपन्न कराने वाले लोगों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व विधायक श्री तिवारी ने लोगों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्शो पर चलकर ही समाज का कल्याण संभव है। रामलीला समिति के अध्यक्ष मनीष सिंह एंव केंद्रीय दुर्गा समिति के अध्यक्ष अशोक अग्रहरि ने मुख्य अतिथियों सहित सराहनीय सहयोग के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन को स्मृति चिन्ह भेंटकर आभार व्यक्त किया।इस मौके पर उत्तर प्रदेश श्रीराम सेना के अध्यक्ष विनोद सिंह,जिला सहकारी बैंक के पूर्व डायरेक्टर पूर्व प्रधान बबलू दूबे,डॉ जेपी द्विवेदी, वरिष्ठ पत्रकार विनोद श्रीवास्तव, भाजपा चौरे मंडल अध्यक्ष प्राचार्य वीरभान सिंहए राजन शुक्ल, विनोद दूबे, अविनाश श्रीवास्तव, विजय शंकर तिवारी,सूर्य नारायण शुक्ल, दिवाकर तिवारी आदि लोग प्रमुख रुप से मौजूद रहे।

# सैकड़ो लोगों की मदद कर रहे समाजसेवी बीपी गुप्ता

▸ तहसीलदार सहजनवां राकेश कुमार कनौजिया ने अंग वस्त्र और गीता देकर किया सम्मानित

**सहजनवां गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**




तहसील क्षेत्र के पाली ब्लॉक स्थित ग्राम पंचायत मिनवा के रहने वाले बीपी गुप्ता डीटीसी सर्विस में कार्यरत रहे। रिटायर होने के बाद उन्होंने समाज में गरीबों की पीड़ा को देखते हुए तमाम घर की बेटियों को तमाम बेबस और लाचार लोगों का निस्वार्थ भाव से प्रत्येक दिन धन बल और मन से समर्पित होकर कि उनकी सेवा में सदैव आगे रहे।वही समाज में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बीपी गुप्ता को सहजनवा तहसीलदार राकेश कुमार कनौजिया ने अंगवस्त्र और गीता की पुस्तक देकर सम्मानित किया।वही दिल्ली जैसी जगह में लोगों के लिए महापुरुष के रूप में बीपी गुप्ता ने एक अहम भूमिका निभाई है साथ ही साथ गोरखपुर जनपद के दर्जनों से अधिक मजबूर और बेबस लोगों के परिवार को शिक्षा, शादियों में सहयोग, और भी सामाजिक कार्य करके यह साबित कर दिया है की अच्छा काम करने के लिए इंसान का मन होना चाहिए, वही उनके सहयोग में संजय मद्धेशिया ने भी एक अहम भूमिका निभाई है।

कई ऐसे अनेक लोगों के फंक्शन में निस्वार्थ भाव से तन मन धन-बल का सहयोग देकर एक अच्छा मुकाम हासिल किया है। वही इस संदर्भ में जब हमने बीपी गुप्ता से सवाल किया तो उन्होंने बताया हमें फेसबुक और सोशल मीडिया पर खुद को बेहतर शो करने की आदत नहीं है हमें लोगों के साथ खड़ा होना और गरीब घर के बच्चियों के पढ़ाई के साथ उनके सादियों तक उनका सहयोग करना यह मेरा बचपन का एक स्वभाव रहा है। और मैं दिल्ली मुंबई गुजरात उत्तर प्रदेश सहित अनेकों जिलों में लोगों का निस्वार्थ भाव से मदद किया और सेव किया और सदैव करता रहूंगा।

# विद्यालय में दिया सजाओ व रंगोली प्रतियोगिता आयोजित



**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

दीपावली के शुभ अवसर से पूर्व पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में एक भव्य दिया सजाओ एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने बड़े उत्साह और सृजनशीलता के साथ हिस्सा लिया, जहाँ बच्चों ने अपनी अद्भुत कलात्मक क्षमता का प्रदर्शन किया। रंग-बिरंगी रंगोलियों और सजीव दीयों ने समूचे वातावरण को आलोकित कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. रमाकांत यादव, प्रो-वाइस चांसलर, रिम्स सैफई, ने बच्चों के द्वारा प्रदर्शित कला की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इससे पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर कैलाश चंद्र यादव ने मुख्य अतिथि डॉक्टर रमाकांत यादव का स्वागत सम्मान किया।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र सुहैब अंसारी पुत्र मोहम्मद यासीन अंसारी व सगी बहू तब्बसुम पत्नी सुहैब अंसारी पुत्री हिदायतुल्ला जो आये दिन मुझे अकारण परेशान करते हैं और मेरा कहा नहीं मानते तथा मनमानी करते हैं। उनके चाल चलन ठीक न होने एवं दुर्व्यवहार के कारण मैंने उन्हें अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर अपने समस्त संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होगे। इनके द्वारा किये गये कृत्यों से मेरा कोई लेना-देना नहीं है।

**नसीम बानो अंसारी पत्नी मोहम्मद यासीन अंसारी**
**निवासी मोहल्ला-463 हाथीपुर उत्तरी**
**थाना कोतवाली सदर**
**जिला-लखीमपुर खीरी।**

**सूचना**

पति के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम LALITA DEVI दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम (आधार कार्ड व पेन कार्ड के अनुसार) LALITA है। LALITA W/o of Army/JC NO-481931P, रैंक, सूबेदार सुकेन्द्र सिंह, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी- ग्राम-रंकोली, पोस्ट-बूँद कलान, तहसील-चरखी दादरी, जिला चरखी दादरी, राज्य हरियाणा।

# नारायन कालेज में तैराकी प्रतियोगिता आयोजित

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**




नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आट्र्स के विशाल तरण ताल में तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, इस प्रतियोगिता का शुभारम्भ डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा, प्रधानाचार्य नारायन कालेज ऑफ साइंस एण्ड आट्र्स एवं योगेश दुबे प्रधानाचार्य हायर एजूकेशन नारायन कालेज ऑफ साइंस एण्ड आट्र्स के द्वारा तैराकों को ग्रीन फ्लैग दिखा कर किया गया।

तैराकी प्रतियोगिता दो वर्गों जूनियर तथा सीनियर में आयोजित की गई। जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्रिंस पाल कक्षा 6 द्वितीय स्थान ओजस कक्षा 5 व अंश कुमार कक्षा 6 एवं तृतीय स्थान कृष्णा शर्मा कक्षा 6 व देवांग कक्षा 6 का रहा वहीं सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान अर्नव कक्षा 8, द्वितीय स्थान कृष्णा तिवारी कक्षा 8 तथा तृतीय स्थान अंकुर यादव कक्षा 8 का रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा ने सभी छात्र/छात्राओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि हर बच्चे के अंदर अलग-अलग प्रतिभा होती है जो कि आज नारायन कॉलेज के तरण-ताल में देखने को मिली। हम छात्र/छात्राओं के समग्र विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध हैं ताकि यही बच्चे आगे चलकर अपनी मंजिल को पा सकें। उन्होने कहा कि तैराकी व्यायाम का अच्छा माध्यम है। कार्यक्रम के अंत में सभी विजयी प्रतिभागियों को विद्यालय प्रधानाचार्य व विद्यालय तैराकी शिक्षक इफ्तिखार अहमद और यादवेन्द्र पाल सिंह द्वारा पुरस्कृत करके सम्मानित किया गया।

## बगैर प्रपत्र मौरम ले जाते चार ट्रकों को एसडीएम ने किया सीज

**कालपी,जालौन।** प्रशासन का बालू के अवैध परिवहन के खिलाफअभियान जारी है। बुधवार रात फ़िर एसडीएम ने बिना खनिज प्रपत्र के 4 ट्रकों को सीज किया है। अभी तहसील क्षेत्र में वालू घाटों का संचालन शुरू नही हुआ है ज्यादातर ट्रकों में भण्डारण और गैरजनपद से बालू लाई जा रही है हालांकि ज्यादातर ट्रकों में मानक से अधिक बालू होती है जिसकी वानगी कभी भी हाईवे पर देखी जा सकती है और शायद इसकी जानकारी प्रशासन को भी है इसी के चलते अधिकारी आकस्मिक अभियान चलाकर कार्यवाही करते रहते हैं और इसी कडी मे वुधवार रात एसडीएम सुशील कुमार सिंह व सीओ अवधेश कुमार सिंह ने कदौरा क्षेत्र में आकस्मिक छापेमारी कर दी जिसमें उन्हें 4 ट्रक बगैर खनिज प्रपत्र के बालू का परिवहन करते मिले थे।

# आतिशबाजी बिक्री को लेकर कालपी प्रशासन सतर्क

▸ विक्रेताओं को सुरक्षा उपायों से समझौता न करने की दी नसीहत

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

आतिशबाजी की बिक्री को लेकर प्रशासन बेहद सतर्क है। इस दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसको लेकर गुरुवार सुबह एसडीएम ने सीओ के साथ फ़िर आकस्मिक निरीक्षण किया है जिसमें उन्होंने बिक्रेताओं को सुरक्षा उपायों से किसी प्रकार का समझौता न करने की नसीहत दी है।

दीपावली का त्योहार अब ज्यादा दूर नही है जिसमें अन्य सामान की खरीददारी के साथ आतिशबाजी का सबसे ज्यादा मांग रहती है और इसी के चलते इस कारोबार में अधिक से अधिक मुनाफा कमाने के लिए दुकानदार सक्रिय हो जाते हैं हालांकि इसकी बिक्री के लिए लाइसेंस आवश्यक होता है लेकिन बिक्री मानक के अनुसार हो यह जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होती हैं। अग्निशमन विभाग के अनुसार नगर में 6 लोगों के पास स्थाई लाइसेंस है हालाकि जिलाधिकारी प्रतिवर्ष इसकी बिक्री के लिए अस्थाई लाइसेंस भी जारी करते हैं और इतना ही नही बारूद की बिक्री के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसको लेकर इसकी दुकानें निर्जन स्थान पर लगाई जाती है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मुजहा विकास खण्ड राजेपुर, फर्रुखाबाद**

पत्रांकः/ग्रा0पं0/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2024-25 दिनांक 22/10/2024

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में वर्ष 2024-25 अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुजहा की स्वीकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 23/10/2024 से दिनांक 28/10/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 28/10/2024 शाम 04 बजे निर्माण समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | मैन सड़क से अशोक के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त/मनरेगा | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 4.85 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |
| 2- | आर0आर0सी0 सेंटर मुजहा | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त/मनरेगा | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 2.32 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |
| 3- | लालमणि के घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त/मनरेगा | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 1.90 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |

**नियम व शर्तेः**- निविदा दाता का जीएसटी व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफडीआर व एनएससी व चेक द्वारा ली जायेगी।

**ग्राम प्रधान -मुजहा , राजेपुर** **सचिव-मुजहा, राजेपुर**

# दो ग्राम विकास अधिकारी व दस ग्राम पंचायत अधिकारी को मिली जिम्मेदारी

- विधायक-जिलाधिकारी ने नवचयनित ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारी को दिए नियुक्ति पत्र

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



नियुक्ति पत्र के साथ मौजूद नवचयनित अधिकारीगण व विधायक और डीएम

जनपद में दस ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र विधायक कैलाश राजपूत व जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल द्वारा हर्षवर्धन सभागार विकास भवन में दिया गया। मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण संबंधित अधिकारियों एवं नवचयनित अभ्यर्थियों द्वारा देखा और सुना गया। विधायक ने कहा कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया से आप सबको यह रोजगार प्राप्त हुआ है। प्रदेश सरकार युवाओं के बेहतर भविष्य हेतु निरंतर प्रयासरत है, उसी का परिणाम है। आज युवा निष्पक्ष पारदर्शी चयन प्रक्रिया के माध्यम से लगातार सेवाओं में आ रहे है। उन्होंने सभी नवचयनितों को बधाई दी। जिलाधिकारी ने नवचयनितों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी तथा अपने पदीय दायित्वों का निष्ठापूर्वक व जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने की अपेक्षा व्यक्त किया।

जनपद में दो ग्राम विकास अधिकारी समाज कल्याण कु. दिव्या व अभिषेक कुमार यादव को प्रदेश स्तर पर तथा दस ग्राम पंचायत अधिकारी शिवम यादव, विनीत द्विवेदी, रोहित नायक, रूपाली, सुधीर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, नितिश कुमार, विशाल सिंह, श्यामेन्द्र सिंह व नीरज कुमार को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चैधारी, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## मच्छरों को देखते हुए नगर में कराई गई फागिंग

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** गुरुवार देर शाम कस्बा समधन में टाउन कार्यालय के कर्मचारियों ने मशीन से फागिंग कराई गई। नगर पंचायत कार्यालय के अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह व अध्यक्ष आसमा बेगम के निर्देश पर नगर की मुख्य सड़क व अशफाक उल्ला खां नगर, गोरीनवादा, किदवई नगर, कादर खान नगर आदि मोहल्लों में फागिंग कराई गई। अध्यक्ष प्रतिनिधि अखलाक हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि नगर में मच्छरों की बजह से लोग परेशान है नागरिकों की मांग पर फागिंग मशीन चलवाकर मच्छरों से राहत दिलवाने का काम किया जा रहा सभी वार्डो में फागिंग मशीन चलवाकर दवा का छिड़काव किया जायेगा अध्यक्ष प्रतिनिधि ने नगर की आवाम से साफ सफाई रखने में संयोग करने की अपील की है।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को किया बेघर

- पति सहित ससुरालियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

शादी के बाद दहेज की अतिरिक्त मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने महिला से गाली गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया।

इसके बाद जेवरात व बच्चे छीनकर घर से बेघर कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाकर कोतवाली में ससुरालियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम इस्माइलपुर निवासिनी शिवानी पुत्री नरेंद्र मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसका विवाह 15 दिसंबर 2018 को जलालपुर पनवारा निवासी रचित दुबे पुत्र सर्वेश दुबे के साथ हुआ था। जिसमें उसके पिता ने 10 लाख रुपये खर्च किया था। जिसमें 06 लाख नगद व घरेलू सामान भी दिया था। जिससे पीड़िता के पति रचित, सास शकुंतला,ससुर सर्वेश व नन्दे मोना, सोना संतुष्ट नहीं थे और विवाह के कुछ दिनों बाद से ही उसके पति और ससुर पीड़िता को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित कर 05 लाख की अतिरिक्त मांग करने लगे। पीड़िता ने बताया कि उसके एक 05 वर्ष का लड़का है और 05 महीने की पुत्री है। दहेज की मांग पूरी न होने पर पति सहित ससुरालियों ने 18 अक्टूबर को उसके साथ मारपीट की और कपड़े जेवरात व बच्चों को छीन कर घर से निकाल दिया। जान से मारने की धमकी भी दी। बताया कि पति व सास का चाल चलन भी ठीक नहीं है। वह उससे अनैतिक कार्य करने के लिए कहते है। कोतवाली पुलिस ने एसपी के आदेश पर पति सहित ससुरालियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

## युवक से मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गांव के लोगों ने बेवजह युवक से गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम डिगसरा निवासी राजीव पुत्र रामलाल ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 20 अक्टूबर की शाम लगभग 07 बजे वह गांव की पंचायत घर के सामने था। तभी गांव के ही पिंटू पुत्र रामतीर्थ, राम शंकर व गिरीश चंद्र, रामतीर्थ पुत्रगण दर्शन लाल आए और बेवजह उससे गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की जांच शुरू कर दी है।

# हत्या के लिए प्रेरित करने वाले आरोपी को भेजा जेल

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



निजी विद्यालय में शिक्षिका के पद पर कार्यरत शिक्षिका का सब मकान के अंदर जाल में लटकता हुआ मिला परिजनों ने कोतवाली में भी सूचना ग्राम बहावलपुर निवासी अनुसूचित जाति की महिला ने बताया कि खोजपुर निवासी अनुराग त्रिपाठी ने 2 साल पहले उनकी जमीन खरीदी थी तभी से उसका घर पर आना जाना हो गया था इसी बीच अनुराग हमारी 19 वर्षीय बेटी से फोन से बात करने लगा शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करता रहा जानकारी होने पर कई बार बेटी से फोन से बात करने के लिए मना किया लेकिन अनुराग ने फोन करना बंद नहीं किया 22 अक्टूबर के सुबह उनसे फोन कर बेटी ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली घटना की जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक सचिन कुमार ने बताया की घटना का अभियोग दर्ज कर लिया गया है अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया घटना का आरोपी अभियुक्त अनुराग तिवारी भारतीय जनता पार्टी के नगर उपाध्यक्ष के पद पर कार्यरत है।

# सीडीओ ने स्थलीय निरीक्षण कर जाना दिव्यांगों का हाल

- लकी मानसिक मंदित आश्रय गृह का किया निरीक्षण

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**


लकी मानसिक मंदित अनाथ आश्रय गृह का निरीक्षण करते सीडीओ।

नगर के मोहल्ला आजाद नगर स्थित लकी मानसिक मंदित एवं अनाथ आश्रय गृह का गुरूवार की दोपहर मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी ने स्थलीय निरीक्षण किया। जिसमें उन्हे आश्रय गृह में 32 लाभार्थी मौजूद मिले।

उन्होने मानसिक मंदितों से वार्ता कर उनका हाल जाना और प्रबंधक डॉ. वाईपी सिंह से व्यवस्थों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होने मानसिक मंदितों के आवास, भोजनालय, शिक्षण व प्रशिक्षण कक्ष सहित परिसर का जायजा लिया। आश्रय गृह में प्रकाश, मनोरंजन, खेलकूद, स्नान, स्वच्छता आदि की बेहतर व्यवस्था को देख उन्होने प्रबंधक की सराहना की। इसके बाद उन्होने दीपावली पर्व पर लाभार्थियों के द्वारा बनाई गई मोमबत्ती भी देखी। प्रबंधक डॉ. वाईपी सिंह ने बताया कि आश्रय गृह में आने वाले लाभार्थी को क्षमतानुसार शिक्षा व प्रशिक्षण देने का कार्य किया जाता है। जो लाभार्थी क्षमतावान है उनकी प्रतिभा को निखार कर प्रशिक्षण दिया जाता है। बताया कि आश्रय गृह में बिजली, पानी, मनोरंजन, भोजन, निवास आदि की व्यवस्था है।

सीडीओ ने आश्रय गृह के 32 मानसिक मंदितों को कपड़े, फल व मिठाई वितरित कर दीपावली पर्व की बधाई दी। इस दौरान प्रभारी दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी अनुपम राय, वरिष्ठ लिपिक राजकुमार सिंह, समन्यवक आयुषी, रामदास, अजीत, आरती, पुष्पा देवी, पातीराम, लक्ष्मी देवी, शिवराज सिंह, निशा राजपूत, दीपक, मीनाक्षी आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### केबिल डालने के विवाद में वृद्ध से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** समर की केबिल डालने को लेकर गांव के लोगों ने गाली गलौज की और वृद्ध को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित वृद्ध ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम इंदुईयागंज निवासी वृद्ध श्याम सुंदर पुत्र पातीराम प्रजापति ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके पड़ोसी रामकुमार प्रजापति, राधा देवी, बेंचेलाल व प्रमोद प्रजापति 20 अक्टूबर की दोपहर लगभग 12 बजे समर की केबिल डालने को लेकर गाली गलौज की। मना करने पर उसे लाठी डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### एसपी ने किया तालग्राम का किया निरीक्षण

**तालग्राम, छिबरामऊ।** कन्नौज पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार द्वारा थाना तालग्राम का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें थाना कार्यालय के विभिन्न रजिस्टर चेक किये गये तथा थाना कार्यालय, शस्त्रागार, हवालात, सीसीटीएनएस कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, आरक्षी बैरक एवं थाना परिसर का निरीक्षण किया गया। विवेचकों को विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण, माल निस्तारण हेतु निर्देश दिए गए। आगामी त्योहार दिवाली के दृष्टिगत शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिये।

### सुप्रीम कोर्ट की विशाखा गाइड लाइन के अनुसार जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन


कार्यक्रम में मौजूद प्राचार्य व अन्य

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के अनौगी स्थित डॉ.भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय में मिशन शक्ति फेज- 5 के तहत सुप्रीम कोर्ट की विशाखा गाइड लाइन के अनुसार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि 1997 में जयपुर में भंवरी देवी कांड के आधार पर भारत के सुप्रीम कोर्ट ने विशाखा गाइडलाइन जारी की जिसके तहत कार्य स्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के बारे में विस्तृत गाइडलाइन संस्थाओं को जारी किए गए। गाइडलाइन के अनुसार हर संस्था में लैंगिक उत्पीड़न प्रकोष्ठ गठित किया जाएगा जिसके आदेश से अधिक सदस्य महिलाएं होंगी। समिति के निराकरण से संतुष्ट न होने पर महिला पुलिस केस कर सकती है। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ.सुशील कुमार ने बताया कि इस महाविद्यालय में भी आंतरिक लैंगिक उत्पीड़न निरोध सेल गठित कर लिया गया है। और विशाखा गाइडलाइन को पूरी तरीके से महाविद्यालय में लागू किया गया है।

# वार्ड स्तर तक मनाया जायेगा नगर पालिका उत्सव

- पालिका के तकनीकी सलाहकार गौरव त्रिपाठी अमर को सौंपी गई प्रतिस्पर्धा संबधित कार्यों की जिम्मेदारी

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



करीब 50 वर्ष पहले छिबरामऊ नगर पालिका की स्थापना 22 नवंबर को हुई थी, बीते वर्ष नगर पालिका ने प्रथम स्थापना दिवस मनाया था। इस वर्ष के स्थापना उत्सव को अभूतपूर्व बनाने के लिये नगर पालिका ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया कि 20, 21 एवं 22 नवंबर को होने वाले उत्सव की गूंज गली गली पहुंचाने की योजना है जिसके लिये अंतरविद्यालय प्रतिस्पर्धा के अलावा वार्ड स्तर पर प्रतियोगिताये एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, वार्डों के बीच प्रतियोगिताये भी होगी जिनका प्रतिनिधित्व वार्ड सभासद करेंगे।

उत्सव में दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, भाला, डिस्कस थ्रो, हैमर थ्रो, खो खो, नृत्य, गायन, इनडोर गेम्स, चित्रकला, रंगोली, मेहंदी, भाषण प्रतियोगिताओ के अलावा बैडमिंटन एवं वालीबॉल टूर्नामेंट भी प्रस्तावित है।

वही दूसरी तरफ सांस्कृतिक कार्यक्रम, विराट कवि सम्मेलन, संगीत संध्या, छिबरामऊ की संस्कृति एवं विरासत प्रदर्शनी, स्थानीय उद्योग प्रदर्शनी, स्वच्छता नवाचार प्रतियोगिता, व्यापार गोष्ठी, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण गोष्ठी इत्यादि प्रस्तावित है। शारिरिक खेलों के अलावा सभी कार्यक्रम नगर पालिका परिसर में होंगे। उन्होंने बताया कि पालिका के तकनीकी सलाहकार गौरव त्रिपाठी अमर को प्रतिस्पर्धा संबधित कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई है वही जल लिपिक संजय सिंह को आयोजन प्रभारी, ऑपरेटर प्रवेश यादव को लिपिकीय कार्यों हेतु अधिकृत किया गया है।

अधिशासी अधिकारी सुनील सिंह ने बताया कि विद्यालयों की एंट्री की समय सीमा 26 अक्टूबर है वही प्रतियोगियों की सूची 6 नवंबर तक पालिका के नगर सेवा ऐप में अपलोड करनी होगी।पुनः स्पर्धा के लिये गत वर्ष के विद्यालयों से चल वैजन्ती ट्रॉफी ढोल नगाड़े के साथ पालिका में वापस लाई जायेगी जिसे 6 से 9 नवंबर तक प्रतियोगी विद्यालयों में भ्रमण हेतु ले जाया जायेगा।




## तिर्वा में 77वां रामलीला महोत्सव चार नवंबर से

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के रामलीला मैदान में होने वाले 77वें रामलीला महोत्सव के लिए बुधवार की देर शाम एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से ब्रहम स्वरूप तिवारी को पुना अध्यक्ष तथा भोला तिवारी को दोबारा महामंत्री चुना गया। बैठक के दौरान नवनियुक्त अध्यक्ष ब्रहम स्वरूप तिवारी ने बताया कि प्रतिबर्ष की भांति इस बर्ष भी रामलीला महोत्सव का आयोजन धूमधाम के साथ किया जाएगा। आगामी 04 नवंबर से इस कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष राजेन्द्र गुप्ता, संयोजक रामऔतार मनवसिया, सह संरक्षक राजेश गुप्ता गोल्डी, मंत्री प्रदीप यादव, उपाध्यक्ष लल्लू गुप्ता को नियुक्त किया गया। आयोजित बैठक की अध्यक्षता पूर्व चेयरमैन विनोद कुमार गुप्ता ने की।

# सीओ ने थाना तालग्राम का किया निरीक्षण, जांचे अभिलेख



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार द्वारा थाना तालग्राम का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें थाना कार्यालय के विभिन्न रजिस्टर चेक किये गये तथा थाना कार्यालय, शस्त्रागार, हवालात, सीसीटीएनएस कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, आरक्षी बैरक एवं थाना परिसर का निरीक्षण किया गया। विवेचकों को विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण, माल निस्तारण हेतु निर्देश दिए। आगामी त्योहार दिवाली के दृष्टिगत शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए गए।

# जिस क्षेत्र में हो रूचि, उसी में आगे बढ़े छात्र: ब्लाक प्रमुख

- उमर्दा के राजकीय इंटर कॉलेज में एक दिवसीय कैरियर मेले का हुआ आयोजन

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**


छात्र-छात्राओं द्वारा लगाए गए स्टॉल को देखते ब्लाक प्रमुख अजय वर्मा

उमर्दा में संचालित राजकीय इंटर कॉलेज में गुरूवार को उड़ान भरता भारत कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कैरियर मेला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे ब्लाक प्रमुख उमर्दा अजय वर्मा ने मेले का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होने कहा कि छात्रों को जिस क्षेत्र में रूचि हो। उसी क्षेत्र में आगे बढ़ने का प्रयास करें। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे ब्लाक प्रमुख अजय वर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने पोस्टर करियर कार्ड, चार्ट, के द्वारा करियर के विभिन्न आयाम को दिखाया। करियर मेले में विज्ञान वर्ग मानविकी वर्ग तथा व्यावसायिक वर्ग के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख ने बच्चों की प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने अपने भाषण में सभी अभिभावकों से भी बच्चों को करियर को लेकर उनपर दबाव न बनाने की बात की। जिसमें बच्चों की रुचि हो उसे इस वर्ग की शिक्षा दिलाये। करियर मेला के इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख ने बच्चों के लिए उपलब्ध कराई गई शुद्ध पेयजल व्यवस्था वाटर कूलर का रिबन काटकर उद्घाटन किया गया।

इस मौके कॉलेज के प्रधानाचार्य एनके गुप्ता, वरिष्ठ प्रवक्ता महेश यादव, अनिल कुशवाहा, मंजू वर्मा, पंख नोडल अंजेश दीक्षित, देवेश गुप्ता, दीपा सिंह, अनूप शर्मा, शिशुपाल सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

# उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता पर करें निस्तारण

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु की बैठक हुई आयोजित

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**


गांधी सभागार में बैठक करते जिलाधिकारी

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला उद्योग बंधु की बैठक हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि उद्योग बंधु समिति की बैठक का मुख्य उद्देश्य उद्यमियों तथा विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय सुनिश्चित करते हुए उद्यमियों की समस्याओं का समाधान कराना है। उन्होंने जनपद में होने वाले औद्योगिक निवेश में तेजी से कार्यवाही करने तथा उद्यमियों द्वारा दिये गये आवेदन पत्रों पर शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कहा कि जिला स्तरीय उद्योग बंधु/ व्यापार मंडल समिति की बैठक का मुख्य उद्देश्य उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने तथा संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत दिए जाने वाले अनुदान एवं ऋण ससमय उपलब्ध कराना है। जिलाधिकारी ने विद्युत ट्रिपिंग की समस्या पर अधिशाषी अभियंता विद्युत को निर्देश दिये कि आगामी त्योहार धनतेरस, दीपावली आदि को दृष्टिगत रखते हुए विशेष व्यवस्था के साथ ही अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाये। लो वोल्टेज, विद्युत ट्रिपिंग पर रोक लगायी जाये। व्यापरियों द्वारा टैम्पों चालकों से अवैध वसूली, मण्डी समिति में स्थापित धर्मकाटा खराब होने की समस्या, मण्डी समिति परिसर पर स्ट्रीट लाइटें लगायें जाने आदि समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया जिस पर उन्होनें संबंधित अधिकारियों को उद्यमी/ व्यापारियों की समस्याओं का सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, उपायुक्त उद्योग धनंजय सिंह, सहित संबंधित विभागीय अधिकारीगण एवं उद्यमी संगठन के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

## पीड़ित महिला ने हेल्पलाइन से भी की थी शिकायत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** परिजनों ने युवतीने महिला हेल्पलाइन से भी करीब दो माह पहले इस मामले की शिकायत की थी जिसमें लखनऊ से भेजी गई पुलिस टीम जांच पड़ताल की थी मृतक्षा के परिजनों का आरोप है कि आरोपी महिला की पुत्री के साथ आए दिन जान से मारने की धमकी गली गलौज करता रहता है जिसकी शिकायत मृतका ने दो माह पहले मृतक आने आप बीती महिला हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज करा कर की थी जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई थी शायद महिला हेल्पलाइन द्वारा मृतक के शिकायत पर कार्रवाई हो जाती तो आज यह घटना घटित ना हो पाती।

# मेडिकल कॉलेज को नवंबर में मिलेगी पीजी सीटों की मान्यता

- विभिन्न विभागों की 59 सीटों पर मेडिकल कॉलेज ने भेजा था प्रस्ताव
- दिल्ली में अफसरों के साथ मान्यता को लेकर हो चुकी है बैठक

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**



राजकीय मेडिकल कॉलेज में पीजी सीटों की मान्यता मिलने की उम्मीदें बढ़ गई है। सबकुछ ठीक रहा, तो अगले माह पीजी सीटों की मान्यता एनएमसी प्रदान कर देगा।

पीजी सीटें मिलने के बाद मेडिकल कॉलेज में मरीजों को उपचार की बेहतर सुविधाएं मिलने लगेगी। राजकीय मेडिकल कॉलेज ने विभिन्न विभागों की 59 पीजी की सीटों के एनएमसी को एक बर्ष पहले आवेदन किया था। एनएमसी ने जब प्रपत्रों की जांच पड़ताल की, तो कुछ खामियां मिलने पर मान्यता प्रक्रिया रोक दी। इसपर मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने इंगित की गई खामियों को दुरस्त कर फिर से एनएमसी को प्रपत्र भेजे थे। जिसको लेकर एनएमसी को विजिट करना था। बाद में एनएमसी ने ऑनलाइन विजिट का प्रस्ताव भेजा था। पर अत्यधिक व्यस्थता के चलते निरीक्षण नहीं हो पाया। जिसके चलते पीजी सीटों की मान्यता का मामला लटका पड़ा था। राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.सीपी पाल ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि उन्होने अपने स्तर से मान्यता के लिए काफी प्रयास किए। पिछले दिनों दिल्ली में अफसरों के साथ बैठक भी हुई। बैठक में सभी मुद्दे उठे।

जिसपर लगभग सहमति बन गई है। उन्होने बताया कि सबकुछ ठीक रहा, तो अगले माह तक पीजी की सीटों की मान्यता मिल जाएगी। बताया कि पीजी शुरू होने से यहां भर्ती होने वाले मरीजों को बेहतर उपचार मिल सकेगा। इसके बाद लोगों को कानपुर, लखनऊ की दौड़ नहीं लगानी होगी।

# मनरेगा में कार्य करने वाली महिला मजदूरों को ही नहीं कार्य की जानकारी

- भ्रष्ट प्रधान महेश व रोजगार सेवक विशुन दयाल द्वारा लगाई जा रही फर्जी हाजिरी

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड की ग्राम पंचायत अजीजाबाद में कैलाश के खेत से वीरेंद्र के खेत तक चकरोड पर मिट्टी का कार्य होना दर्शाया जा रहा है। ये कार्य पिछले 16 अक्टूबर से कागजों में ही चल रहा है। इस कार्य में कभी 39 तो कभी 38 मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी रोजगार सेवक विशुन दयाल व प्रधान महेश द्वारा मनरेगा पोर्टल पर अपलोड कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिसमें भ्रष्ट प्रधान महेश व रोजगार सेवक विशुन दयाल द्वारा फर्जीवाड़ा कर गरीब मजदूरों के हकों पर डांका डाला जा रहा है, जबकि गांव


वह चकरोड जिस पर कार्य होना दर्शाया जा रहा

में रहने वाले ग्रामीणों द्वारा आज तक किसी भी मनरेगा मजदूर को कार्य करते हुए नहीं देखा गया है। सबसे मजेदार बात तो यह है कि जिन महिला मजदूरों की हाजिरी मनरेगा पोर्टल पर रोजगार सेवक विशुन दयाल द्वारा अपलोड की जा रही है उन महिलाओं को पता ही नहीं हैं कि वह भी मनरेगा योजना में मजदूर बन कर मजदूरी का कार्य कर रही हैं।

इस संबंध में जब मनरेगा मजदूर के तौर पर कार्य करने वाली महिलाओं से मजदूरी करने के संबंध में जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें घर के चूल्हा चौका से ही फुर्सत नहीं है तो मनरेगा में मजदूरी करने कैसे जायेंगी।

जब ग्राम पंचायत अजीजाबाद के ग्रामीणों से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि प्रधान महेश द्वारा आज तक मनरेगा योजना से गांव में तो कोई कार्य कराया नहीं गया है। हो सकता है कि प्रधान ने कागजों में मनरेगा योजना से कार्य कराकर अपना विकास कर लिया हो, लेकिन गांव में होने वाले मनरेगा योजना के किसी भी कार्य में उन्होंने आज तक किसी भी मनरेगा मजदूर को कार्य करते हुए नहीं देखा है। वहीं जब कैलाश के खेत से वीरेंद्र के खेत तक चकरोड पर मिट्टी कार्य में महिलाओं के मजदूरी करने के संबंध में जानकारी की गई, तो उन्होंने बताया कि उन्होंने इस जगह किसी मजदूर को कार्य करते हुए नहीं देखा है। महिलाओं द्वारा मजदूरी की बात तो छोड़िए। उन्होंने बताया कि रोजगार सेवक विशुन दयाल के द्वारा दो चार लोगों को खड़ा कर फोटो खींच लिया जाता है और फोटो खींचने के बाद वापस कर दिया जाता हैं जब हकीकत में मौके पर जाकर देखा गया तो वहां कहीं पर भी एक भी फावड़ा मिट्टी पड़ी हुई नजर नहीं आई। ग्रामीणों ने बताया कि रोजगार सेवक विशुन दयाल व प्रधान महेश द्वारा महिलाओं की फर्जी आज भी अपलोड की जा रही है जो पूर्णतया गलत है। फर्जी हाजिरी अपलोड करने वाले भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

## लकड़ी माफिया ने दिन-दहाड़े काट दिए नीम के दस हरे-भरे पेड़

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** इसे शमशाबाद क्षेत्र के लोगों का दुर्भाग्य कहा जाए तो ज्यादा ठीक होगा,क्योंकि शमशाबाद क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक लकड़ी माक्रिया सक्रिय हैं जो आए दिन क्षेत्र में कहीं न कहीं हरे भरे वृक्षों को काटने का कार्य करने से बाज नहीं आ रहे हैं। लकड़ी माफिया रात के अंधेरे या दिन के उजाले में अवैध कटान की प्रक्रिया को अंजाम देते हुए ठिकाने भी लगा देते हैं, जबकि अधिकारीयों द्वारा लकड़ी माफिया पर ढुलमुल रवैया जस का तस बना हुआ है। इसका जीता जागता उदाहरण विकास खंड नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम नगला पाल में देखने को मिला जहां पप्पू शर्मा निवासी नगला पाल के खेत से फैजबाग के लकड़ी माफिया लालू द्वारा नीम के 10 पेड़ों को दिनदहाड़े काटकर ठिकाने लगा दिया गया। जब लोगों ने इसकी शिकायत क्षेत्रीय वन्य अधिकारी से की, तो उन्होंने बताया कि अभी दिखवाते हैं। लकड़ी माफिया लालू द्वारा जब नीम के पेड़ों की लकड़ी को ठिकाने लगाने की तैयारियां की जा रही थीं,


लकड़ी माफिया द्वारा काटे गये नीम के हरे पेड़

उसी दौरान ग्रामीणों का आना हुआ। लोगों का कहना है लकड़ी माफियाओं की कार्यशैली से जहां जंगल थे वहां खेत हो गए और जहां खेत थे वहां गांव बस गए। हालत यह हैं जंगल समाप्त होते जा रहे और हरे भरे वृक्षों की तादात लगातार घाटती जा रही। जो निकट भविष्य में आम जनमानस के लिए एक गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। वहीं जब इस संबंध में क्षेत्रीय वन्य अधिकारी राजेश कुमार से वार्ता की गई, तो उन्होंने बताया कि उन्होंने लकड़ी माफिया लालू को बुलवाया है और उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## अवैध आतिशबाजी के साथ तीन गिरफ्तार

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** बीते दिन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापा मारकर अवैध रुप से आतिशबाजी के नौ कार्टून पकड़े थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार मोहल्ला कबीरनगर में अनुज यादव के मकान से अभियुक्तगण अनुज यादव पुत्र चरन सिंह यादव निवासी कबीर नगर थाना मोहम्मदाबाद जनपद फर्रुखाबाद व नीशू गुप्ता उर्फ कुलदीप पुत्र सुरेन्द्र कुमार गुप्ता निवासी राजीव नगर थाना मोहम्मदाबाद को अवैध आतिशबाजी से भरे 09 कार्टून के साथ गिरफ्तार किया। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने मु0अ0सं0 225/24 धारा–5/9ख(क), 9(ख)(ख) विस्फोटक अधिनियम 1884 पंजीकृत किया गया। **वहीं दूसरी घटना में** जानकारी के अनुसार फतेहगढ़ कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम बिजाधरपुर में एक व्यक्ति द्वारा अपने घर में अवैध आतिशबाजी का भंडारण किया गया है और उसके पास लाइसेंस नहीं है। सूचना पर उप निरीक्षक प्रशांत कुमार मय हमराही पुलिस बल के साथ ग्राम बिजाधरपुर में दविश दी। ग्राम बिजाधरपुर से अभियुक्त ओमकार पुत्र मटरुलाल के मकान से अवैध आतिशबाजी 4000 दैमार पटाखा, 150 अनार गोले, 600 धरधरी, 240 स्काई शॉट पटाखे, 10 पैकेट पॉप बम पटाखा, 5 पैकेट क्लासिक बम, 120 सुतली बम, 8 पैकेट मुर्गा छाप, 120 चरखी, 12 स्काई राकेट, 6 पैकेट छोटी धुरधुरी, 3 बड़ा पैकेट एटम बम, 15 बड़ा पैकेट बीड़ी पटाखा, 1 बड़ा कार्टून मिक्स पटाखे बरामद हुए। पुलिस ने मु0अ0सं0 333/2024 धारा–5/9बी विस्फोटक अधिनियम में मुकदमा पंजीकृत किया है।


बरामद लहन को नष्ट करती पुलिस

## आबकारी निरीक्षकों ने छापा मारकर पकड़ी अवैध कच्ची शराब व लहन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आबकारी निरीक्षक ने महरुपुर राबी में दविश देकर भारी मात्रा में लहन व अवैध कच्ची शराब बरामद कर नष्ट कर दी। छापेमारी से बस्ती में हड़कंप मच गया। कई पुरुष घर से निकलकर मौके से भाग गये।जानकारी के अनुसार गुरुवार को आबकारी निरीक्षक सचिन त्रिपाठी ने मय स्टाफ के साथ फतेहगढ़ कोतवाली अंतर्गत ग्राम महरुपुर राबी में छापा मारा। पुलिस ने मौके से करीब 400 किलोग्राम लहन बरामद कर उसे नष्ट कर दिया। इसके अलावा 42 लीटर कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया। वहीं आबकारी निरीक्षक राजेश कुमार चौबे ने मय स्टाफ के साथ ग्राम प्रेमनगर में दविश दी। जिससे अवैध शराब कारोबारियों में अफरा-तफरी मच गयी। पुलिस ने कच्ची शराब व लहन को बरामद कर नष्ट कर दिया। इसके बाद पुलिस ने आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया। जहां स्टॉक रजिस्टर, ऑनलाइन बिक्री, कैमरा आदि का निरीक्षण किया। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य जारी रहेगा।

# बीडीओ व सचिव के मध्य कार्यालय में महाभारत

- दोनों पक्षों ने कार्यवाही हेतु पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र
- उच्चाधिकारियों से वार्ता के बाद प्रार्थना पत्र वापस लौटाये
- दबाव बनाने पर खंड विकास अधिकारी दिखे बैकफुट पर

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**


घटना की जानकारी देते सचिव अरुण कुमार फौजी


बीडीओ की गाड़ी को रोके खड़े जिलाध्यक्ष व अन्य सचिव

विकास खंड कार्यालय में उस समय जमकर बबाल हो गया जब सचिव छुट्टी का प्रार्थना पत्र लेकर बीडीओ के पास पहुंचे। प्रार्थना पत्र देखते ही विकास खंड अधिकारी बलरा सिंह का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। ग्राम पंचायत सचिव के अनुसार विकास खंड अधिकारी ने सचिव को भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए प्रार्थना पत्र को फाड़ दिया तथा मेज पर रखा डस्टर सचिव के सर में मार दिया। इस दौरान सचिव व बीडीओ के मध्य जमकर गाली-गलौज व मारपीट हुई। देखते ही देखते विकास खंड कार्यालय अखाड़ा में तब्दील हो गया। मारपीट में सचिव की शर्ट फट गयी। सचिव अरुण कुमार फौजी ने अपने साथ हुई मारपीट का प्रार्थना पत्र थानाध्यक्ष को दिया। कुछ देर बाद बीडीओ भी प्रार्थना पत्र लेकर पहुंच गये। कुछ देर बाद थानाध्यक्ष ने ग्राम पंचायत सचिव का प्रार्थना पत्र वापस कर दिया।

जिसके बाद मामला फिर विकास खंड परिसर पहुंच गया। घटना की सूचना मिलते ही सचिव के समर्थन में कई सचिव मौके पर पहुंच गये। जिनमें कायमगंज ब्लाक के सचिव व ग्राम पंचायत संघ के जिलाध्यक्ष शशिदेव सिंह यादव अपने आधा दर्जन समर्थक सचिवों के साथ विकास खंड परिसर पहुंच गए, तभी देखा कि विकास खंड अधिकारी गाड़ी में बैठकर फतेहगढ़ जा रहे थे। विकास खण्ड अधिकारी को देखकर जिलाध्यक्ष ने उनकी गाड़ी को रोक लिया और ऊंची आवाज में बातचीत करने लगे।

ऊंची आवाज में हो रही बातचीत को सुन ब्लाक प्रमुख के ससुर रामकिशोर राजपूत भी पहुंच गए। जिसके बाद विकास खंड अधिकारी गाड़ी से उतरकर अपने कार्यालय में बैठ गए। उनके साथ कायमगंज से आए जिलाध्यक्ष शशिदेव सिंह यादव अपने समर्थकों के साथ विकास खंड अधिकारी के कार्यालय में चले गए। जिसके बाद मीडिया अंदर न जा पाये इसलिये खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय का गेट बंद कर दिया गया। जिसके बाद बंद कार्यालय में 2 घंटे से अधिक बातचीत होती रही। वहीं समाचार लिखे जाने तक दोनो पक्षों में समझौते के प्रयास जारी थे। वहीं यूनियन के जिलाध्यक्ष शशिदेव सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों में वार्ता के बाद आपसी मतभेद दूर कर समझौता हो गया है।

## नवजात बच्ची सास को देकर दवा लेने गयी महिला फरार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नरैनामऊ निवासी निजाउद्दीन पुत्र जमालुददीन ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि मेरा विवाह 4 वर्ष पूर्व शौकीन पुत्री मोहर्रम निवासी सुपासी उन्नाव के साथ हुआ था। मेरी पत्नी शौकीन दिनांक 16 अक्टूबर को छः माह की बेटी को अपनी सास को देकर अस्पताल से दवा लेने गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला।

## खबरें एक नजर में

### पैथोलॉजी संचालक से मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना मेरापुर क्षेत्र के ग्राम तिलयानी निवासी सुबोध कुमार पुत्र जागन सिंह यादव ने कोतवाली मोहम्मदाबाद में प्राथमिकी दर्ज कराई है कि प्राथी 15 अक्टूबर को सुबह 8.30 बजे ग्राम बिहार में अपनी पैथोलॉजी लैब खोलने जा रहा था, तभी रास्ते में चौखड़िया पुलिया के पास खड़े आमोद पुत्र अवधेश, कमलेश पुत्र रामनाथ तथा प्रशांत पुत्र लेखराज यादव ने गाली-गलौज किया। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लात- घूसों, लाठी-डंडे से मारपीट कर दी। जिससे पीड़ित को गुम चोटें आई हैं। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ल ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच कर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### मेड़ तोड़ने का विरोध करने पर दबंगों ने मां-बहन व भाई को पीटा

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रधान द्वारा खेत पर बने नाला व मेड़ तोड़ने का विरोध करने पर दबंगों ने मां बहन तथा भाई को पीटकर घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मदनापुर पोस्ट पिपर गांव निवासी दीवान सिंह यादव के पुत्र धर्मेंद्र यादव ने शिकायत दर्ज कराई कि पीड़ित के खेत पर प्रधान द्वारा नाला व मेड़ें डलवाई गई थी। जिसे गांव के ही वकील पुत्र बादशाह यादव, सोवेंद्र पुत्र वकील, हरमोहन पुत्र रामचंद्र तथा सचिन यादव पुत्र रामरूप नाला तथा मेड़ को तोड़ रहे थे। खेत की तरफ जा रही पीड़ित की मां शिव देवी तथा पीड़ित की चचेरी बहन दामिनी ने जब नाला और मेड़ तोड़ने का विरोध किया, तो उक्त लोगों ने पीड़ित की बहन साथ मारपीट कर दी। जिसकी सूचना पर पीड़ित के भाई जितेंद्र यादव तथा चचेरे भाई रिंकू यादव पहुंचे, तो उक्त लोगों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों तथा फावड़े से मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। जिससे प्राथी की मां, बहन तथा भाई को चोटें आईं। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ल ने बताया कि शिकायत दर्ज कर ली है तथा मामले की जांच कर कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

### नशे में धुत सिपाही ने सभासदों से की अभद्रता

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली में एक मामले में भाजपाई सभासद दोनों पक्षों में समझौता करवा रहे थे, तभी नशे में धुत सिपाही अरविन्द यादव आया और सभासदों को गाली-गलौज करने लगा। जब सभासद ने अपना परिचय देते हुए कहा कि वह सभासद उत्तम कोरी है, तो सिपाही भड़क गया और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को भी अपशब्द कहने लगा। सभासदों से बोला यहां से भाग जाओ नहीं तो इतने डंडे मारुंगा और उठाकर बन्द कर दूंगा। सिपाही की इस हरकत से सभासदों को बहुत ठेस पहुंची है। सभासदों ने उक्त सिपाही का वीडियो भी बना लिया। सभासदों ने कहा कि वह इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से करेंगे।

### जीएसटी टीम का तम्बाकू गोदाम पर छापा, 2.80 लाख ठोंका जुर्माना



छापा मारकर बाहर आती टीम

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** इटावा व फर्रुखाबाद की जीएसटी टीम ने कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुभान स्थित ग्रीन टुबैको कम्पनी में छापा मारकर गोदाम में रखे माल का स्टॉक रजिस्टर से मिलान किया। एसआई वीके बनर्जी ने बताया कि ग्रीन टुबैको कम्पनी में रखे माल व स्टॉक रजिस्टर से मिलान किया गया। मिलान के दौरान दौरान 36840 किलो माल ज्यादा पाया गया। माल से सम्बन्धित फर्म में कोई भी प्रपत्र नहीं मिला। जिस पर 2 लाख 80 हजार रुपये का जुर्माना जमा किया गया। इस दौरान डीसी शैलेन्द्र सिंह, डीसी सुषमा उपाध्याय, अभिषेक मिश्रा, अरविन्द्र मौजूद रहे।

# जिला औषधि निरीक्षक को मेडिकल स्टोर के निरीक्षण में मिलीं खामियां

**फार्मासिस्ट भी नहीं मिला, बिना उचित लेबिल के भंडारित पायी गयीं दवायें**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति के निर्देश पर जिला औषधि निरीक्षक रजत कुमार पांडेय ने नागलदीना फतेहगढ़ स्थित अभय मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संदिग्ध औषधीय के क्रय विक्रय अभिलेख तलब किये। विक्रय बीजक तैयार नहीं था। प्रेस्क्रिपशन की दवाओं का रजिस्टर तैयार नहीं पाया गया व अन्य कमियाँ पाई गयीं।



मेडिकल स्टोर पर छापेमारी करते जिला औषधि निरीक्षक

इसके बाद नागलदीना भोलेपुर फतेहगढ़ स्थित दुबे मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया। जहां पर प्रोप्राइटर व फार्मसिस्ट दोनों ही अनुपस्थित पाए गये। फर्म पर कंपिटेंट व्यक्ति की अनुपस्थिति में विशाल द्वारा औषधियों का विक्रय बिना बीजक जारी किये बिक्री की जा रही था। फर्म के अंदर कालातीत औषधियां बिना उचित लेबिल के भंडारित पाई गयीं। फर्म पर कमियों के निस्तारण हेतु कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है एवं फर्म पर औषधि नियमावली 1940 की धारा 22(1)(डी) के अंतर्गत औषधीय के क्रय विक्रय पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी। साथ ही चेतावनी दी कि फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति में औषधीय का विक्रय न किया जाए। कालातीत दवाइयों का निस्तारण नियमानुसार करें अन्यथा की दशा में विधि अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

## दीपावली का त्यौहार आते ही जहर खुरानी गिरोह हुआ सक्रिय

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** दीपावली का त्यौहार नजदीक आते ही जहर खुरानी गिरोह के सदस्य सक्रिय हो गये हैं। जहर खुरानी गिरोह के सदस्य भोलेभाले यात्रियों को अपना निशाना बनाकर उनसे नकदी व सामान लूटकर फरार हो हो जाते हैं। जानकारी के अनुसार बुधवार की रात में एक युवक जो कि दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता है, वह रोडवेज बस से अपने घर जनपद शाहजहांपुर के हुल्ला आ रहा था। रास्ते में जहर खुरानी गिरोह के सदस्यों ने उसे नशीला पदार्थ खिला दिया। जिससे वह अचेत हो गया। रोडवेज बस के चालक ने उसे कायमगंज के दमदमा पर उतार दिया। घटना की सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने युवक को सीएचसी में भर्ती कराया। समाचार लिखे जाने तक युवक को होश नहीं आया था। जिससे उसके पास से लूटे गये सामान के बारे में जानकारी नहीं हो सकी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

**नवाबगंज,समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं परिजनों ने गांव के ही लोगों पर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव गढ़िया बबुराला निवासी सकटेलाल लाल उर्फ सरवन को परिजनों ने गंभीर हालत में सीएचसी नवाबगंज में भर्ती कराया।

जहां गंभीर अवस्था में उनका उपचार शुरू कराया गया। परिजनों के मुताबिक उन्होंने गांव के ही लोगों पर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। वहीं सकटे लाल के बताए अनुसार आलू की फसल में गांव के लोगों के द्वारा पानी काट दिया गया था। जिससे काफी नुकसान हो गया गया। जब उसकी शिकायत करने वह परिवार के लोगों के पास गए, तो उन्होंने उनका


सीएचसी में भर्ती घायल

उत्पीड़न शुरू कर दिया तथा उनके विरुद्ध थाने में शिकायत कर दी। पीड़ित के बताए अनुसार उसने आरोपियों के उत्पीड़न से त्रस्त होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं परिजन निजी वाहन से निजी चिकित्सक के यहां ले गये।

## शातिर चोर चोरी के ट्रैक्टर सहित गिरफ्तार



चोरी के ट्रैक्टर के साथ अभियुक्त अतुल उर्फ राजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मऊदरवाजा पर पंजीकृत मु.अ.सं.-240/2024 धारा-303(2) बीएनएस में प्रकाश में आये अभियुक्त अतुल उर्फ राजा पुत्र विश्राम सिंह निवासी ग्राम आवाजपुर थाना मऊदरवाजा जनपद फर्रुखाबाद को चोरी किये गये ट्रैक्टर से साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। 19 अक्टूबर को थाना मऊदरवाजा पर गौतम पुत्र राज बहादुर निवासी आकलगंज थाना मऊदरवाजा जनपद फतेहगढ़ द्वारा सूचना दी गयी कि दिनांक 18.10.2024 की रात्रि को उनका ट्रैक्टर पावर ट्रेक यूरो 42 किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। वादी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना मऊदरवाजा पर पंजीकृत 240/2024 धारा-303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में अभियोग से संबंधित चोरी किये गये ट्रैक्टर की पतारसी सुरागरसी के क्रम में दिनांक 23.10.2024 की रात्रि मुखबिर की सूचना पर नवाबगंज रोड के पास आकलगंज तिराहे से अतुल उर्फ राजा पुत्र विश्राम सिंह निवासी ग्राम आवाजपुर थाना मऊदरवाजा जनपद फर्रुखाबाद को चोरी किये गये ट्रैक्टर के साथ गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त अतुल उर्फ राजा पर जनपद में फतेहगढ़ व फर्रुखाबाद में चार मुकदमे पंजीकृत हैं।

# नव नियुक्त सचिव व ग्राम विकास अधिकारी (समाज कल्याण) को वितरित किये गये नियुक्ति पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट सभागार परिसर में नव चयनित ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी (समाज कल्याण) के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य, विधायक भोजपुर नागेंद्र सिंह राठौर, जिलाध्यक्ष भाजपा रूपेश गुप्ता, जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर चयनित 22 अभ्यर्थियों में से 17 व 03 ग्राम विकास अधिकारी (समाज कल्याण) के पद चयनित अभ्यर्थियों कुल 20 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितिरित किये गये।

जनप्रतिनिधियों द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को निष्पक्ष व पारदर्शिता से कार्य करने के लिये निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जनप्रनिधिगण, अधिकारियों व चयनित अभ्यर्थियों ने लखनऊ में मुख्यमंत्री द्वारा किये जा रहे नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा व मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना। उक्त कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी, पीडी, डीआरडीए व संबंधित अधिकारी व नव नियुक्त अभ्यर्थी उपस्थित रहे।


चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देते जनप्रतिनिधि व डीएम

## पुलिस की रोक के बाद भी दबंग मकान पर कर रहे कब्जा

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करथिया से अंगूरी देवी पत्नी स्वर्गीय राधेश्याम ने 18 अक्टूबर को कोतवाली में सूचना दी थी कि उनकी जमीन पर पड़ोस के राजीव मिश्रा पुत्र चंद्र प्रकाश दबंगई से कब्जा कर रहे हैं। जो कि पुलिस मौके पर रुकवा कर आई थी। किन्तु दबंगों ने फिर से प्रार्थी के कच्चे मकान को गिराकर कब्जा करना शुरू कर दिया है। जिसकी शिकायत करने के लिए अंगूरी देवी कोतवाली मोहम्मदाबाद आई थी। कोतवाली में एकाएक अंगूरी देवी की तबियत खराब हो गई। आनन-फानन में पानी डालकर उन्हें होश में लाया गया तथा ई-रिक्शा से घर भेजा गया तथा हल्का इंचार्ज को साथ भेजकर काम मौके की जांच के लिए भेजा।

# बनारस स्टेडियम से सम्पूर्णानंद का नाम हटाने का कांग्रेसियों ने किया विरोध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री द्वारा बनारस के पुराने प्रतिष्ठित स्टेडियम के आधुनिक निर्माण का उद्घाटन किया गया था। उद्घाटन के साथ ही स्टेडियम से जुड़ा बाबू सम्पूर्णानंद का नाम हटा दिया गया। जिससे काशी के लोग आहत हुए है। शहर कांग्रेस कमेटी ने इस अनैतिक कार्य का विरोध करते हुए तहसील पहुंचकर राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार श्रद्धा पाण्डेय को सौंपकर सम्पूर्णानंद स्टेडियम नाम फिर से बहाल किये जाने की मांग की है। शहर अध्यक्ष पुन्नी शुक्ला के नेतृत्व में दिये गये ज्ञापन में दर्शाया गया कि विगत दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बनारस में पुराने प्रतिष्ठित स्टेडियम के आधुनिक निर्माण का उद्घाटन किया था। उद्घाटन के साथ ही



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी

स्टेडियम से जुड़ा बाबू सम्पूर्णानंद का नाम हटा दिया गया। जो काफी आपत्तिजनक एवं शर्मनाक ही नहीं बल्कि काशी एवं उसकी गौरवशाली विरासत का अपमान भी है। इस कार्य से काशी के काफी लोग आहत हुए है। सम्पूर्णानंद जैसे लोकप्रिय मनीषी राजनेता का नाम किसी प्रतिष्ठान से हटा दिया जाना महज एवं काशीवासियों की भावनाओं का अपमान ही नहीं बल्कि काशी का विद्वत आचार्य परम्परा और सत्य, त्याग, नैतिक मूल्यों, ईमानदारी आदि की एक आदर्श राजनीति की प्रेरणास्पद विरासत और आजादी की लड़ाई के सेनानियों का अपमान है।

इस बात को संज्ञान में लेते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार जनपद में शहर अध्यक्ष ने अपने साथी पदाधिकारियों के साथ ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर डॉ. अरुण अग्निहोत्री, वीरेन्द्र मिश्रा, हिलाल सफीकी, आशिफ, महेश, प्रभात, जेरुन, मीरा देवी, जुबैर अली, सुनीता, पप्पो, शोभा, जानकी शुक्ला, हेंमत बाथम आदि लोग मौजूद रहे।

# भाकियू ने मथुरा व नैमिषारणय रेल लाइन बिछाने की रेल मंत्री से की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मथुरा रेल जोड़ो अभियान समित का समर्थन करते हुए प्राचीनतम स्थल नैमिषारणय से हरदोई होते हुए फर्रुखाबाद तक लगभग 112 कि0मी नई रेल लाइन बिछाने को लेकर रेल मंत्री को सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। ,

ज्ञापन में मांग की गई कि मथुरा से फर्रुखाबाद होते हुए तीर्थ स्थलीय नैमिषारणय तक रेल लाइन बिछाई जाये। काफी दिनों से चल रही मांग को लेकर भाकियू नेताओं ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि नई रेल लाइन बिछने से कई जिलों का विकास होगा और आवागमन के



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते किसान नेता

साथ-साथ विकास के रास्ते खुलेगें। दोनों तीर्थ स्थलों को जोड़ने वाली रेल लाइन से आम जन मानस को तीर्थ यात्रा जाने के लिए परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। ऐसे में रेल मंत्री ध्यान दें और इस रेल लाइन बिछाने के लिए स्वीकृति प्रदान करें। इस मौके पर नेत्रपाल सिंह, अजय कुमार शुक्ला, बबलू सिंह सोमवंशी, राजेश कुमार आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एडीएम ने टोल प्लाजा का विरोध करने वाले भाकियू नेताओं को दी चेतावनी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों ने एडीएम पर धमकी देने का आरोप लगाते हुए कहा कि टोल प्लाजा का विरोध किया तो गैंगेस्टर लगाकर जेल में बंद करवा देगें। बाहिदपुर में नेशनल हाईवे 730सी पर बन रहे टोल प्लाजा के विरोध में भारतीय किसान यूनियन टिकैत पिछले 5 माह से विरोध कर रही है। टोल प्लाजा निकट मुरहास कन्हैया पर प्रस्तावित था। जिसको प्रशासन ने किसानों का धरना प्रदर्शन को रुकवा कर आश्वासन दिया कि हम इसको आबादी में नहीं बनने देंगे, परंतु 5 माह बाद फिर से प्रशासन अपने अड़ियल रवैया अपना रहा है। कानपुर बुंदेलखंड जोन के उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा ने बताया कि वार्ता में एडीएम ने धमकी दी है कि टोल प्लाजा का विरोध करोगे तो गैंगेस्टर की



एडीएम से वार्ता करते भाकियू नेता

कार्यवाही होगी। इस संपूर्ण घटना की जानकारी राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत को दी गई।

इसके पश्चात चौधरी राकेश टिकैत ने धरना प्रदर्शन में स्वयं आने की बात कही। इस अवसर पर प्रभाकांत मिश्रा, छविनाथ सिंह, अरविंद शाक्य, अजय कटियार, लक्ष्मी शंकर जोशी, विजय शाक्य, शिवराम सिंह, कृष्ण गोपाल मिश्रा आदि मौजूद रहे। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि मैने किसी प्रकार की कोई धमकी नहीं दी है। उनका अपना व्यक्तिगत बयान है वह कुछ भी कह सकते है।

# जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में बालक वर्ग में बढ़पुर बना विजेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में परिषदीय विद्यालयों की जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न भार वर्ग में छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

ताइक्वांडो प्रतियोगिता बालक वर्ग 25 से 30 किलो भार वर्ग में विजेता लकी बढ़पुर, उप विजेता उत्तम राजेपुर रहा। 30 से 35 किलो भार वर्ग में विजेता करन बढ़पुर, उप विजेता आर्यन राजेपुर रहा। 35 से 40 किलो भार वर्ग में विजेता पंकज बढ़पुर, उप विजेता सोनू चाचूपुर राजेपुर रहा। 40 से 45 किलो भार वर्ग में विजेता किशन बढ़पुर, उपविजेता अंकित राजेपुर रहा। 45 से 50 किलो भार वर्ग में जय सिंह बढ़पुर



विजेता को मेडल पहनाते जिला क्रीड़ाधिकारी

विजेता रहा। वहीं बालिका वर्ग 25 से 30 किलो भार वर्ग में विजेता कंचन राजेपुर, उप विजेता अंजली बढ़पुर रही। 30 से 35 किलो भार वर्ग में दिव्यांशी राजेपुर विजेता व उप विजेता बढ़पुर रहा। 35 से 40 किलो भार वर्ग में काजल बढ़पुर विजेता, उप विजेता नंदनी राजेपुर रही। 40 से 45 किलो भार वर्ग में विजेता छाया बढ़पुर, उप विजेता उमांशी राजेपुर रही। 45 से 50 किलो भार वर्ग में दुर्गा बढ़पुर विजेता व उप विजेता नैन्सी राजेपुर रही। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर जिला क्रीडाधिकारी कर्मवीर सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर पुरुस्कृत किया। इस अवसर पर जिला व्यायाम शिक्षक संजीव कटियार, दुर्गा वर्मा, अरुण यादव, अभिषेक शाक्य, एथलेटिक्स संघ के सचिव योगेश शुक्ला, मनोज कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### सोशल आडिट टीम ने विकास कार्यों की ली जानकारी



बैठक में मौजूद ग्राम प्रधान विमल यादव व अन्य

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड शमशाबाद के ग्राम पंचायत बैरमपुर में गुरुवार को तीसरे दिन सोशल आडिट टीम ने पहुंचकर वित्तीय वर्ष 2023-24 में हुए मनरेगा व प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने आवासों का स्थलीय व भौतिक सत्यापन कर लाभार्थियों से डोर-टू-डोर जानकारी ली। इसके बाद पंचायत भवन में खुली बैठक कर श्रमिकों से मनरेगा में हुए कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान ग्राम प्रधान विमल कुमार यादव, सचिव दिलीप कुमार, बीआरपी सुधीर कुमार सिंह सहित टीम के अन्य सदस्य रोजगार सेवक सतीश कुमार, कोटेदार सुभनेश, ग्रामीण विमलेश कुमार, अमर सिंह, सुबोध कुमार सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### डायट में जिला स्तरीय विज्ञान व गणित प्रदर्शनी आयोजित



प्रशस्ति पत्र के साथ मौजूद छात्र एवं शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रजलामई डायट में एससीईआरटी के तत्वाधान में गुरुवार को जिला स्तरीय विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। प्रदर्शनी के प्रथम दिवस पर बेसिक शिक्षा विभाग के छात्र-छात्राओं ने गणित व विज्ञान के मॉडल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ डायट प्राचार्य अनुपम अवस्थी ने किया। प्रदर्शनी में निर्णायक के रुप में कौशल किशोर मिश्रा व हिमांशी चिटेरिया रही। प्रदर्शनी में 29 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विज्ञान वर्ग में अभियांश प्रथम, शीतला द्वितीय तथा शिवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गणित वर्ग में शिवम प्रथम, धनंजय द्वितीय, राहुल तृतीय स्थान पर रहे। प्रदर्शनी के संचालक डायट प्रवक्ता मनोज कुमार पाल एवं प्रभा रही। डायट के समस्त प्रवक्ताओं ने अपना योगदान दिया। डायट के डीएलएड के प्रशिक्षुओं द्वारा रजिस्ट्रेशन आदि कार्यों में सहयोग किया गया। प्राचार्य अनुपम अवस्थी ने गणित एवं विज्ञान में नवाचारी उनमुख प्रयोग सीखने पर जोर दिया।

# आदर्श राम लीला मंडल का कवि सम्मेलन आयोजित

▸ मेवाड़ विजय के रास्ते में खुद के तन का रोड़ा बना दिया, चेतक योद्धा बन गया और मुगलों को घोड़ा बना दिया: अजय अंजाम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

श्री आदर्श राम लीला मंडल राजेपुर के तत्वावधान अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। कवि सम्मेलन में देशभक्ति, भारत माता के जयघोष से गूंज उठा।

थाना कस्बा राजेपुर में श्री आदर्श राम लीला मंडल के मंच पर आयोजित कवि सम्मेलन में राष्ट्रीय कवि अजय अंजाम ने मेवाड़ ने युद्ध की कथा को अपनी पक्तियों में जब बयान किया तो वहां पर भारत माता की जय, जय




काव्यपाठ करते कवि अजय अंजाम

श्रीराम के उद्घोषों से गूंज उठा। जनपद औरैया से आए राष्ट्रीय कवि अजय अंजाम ने महाराणा प्रताप के चेतक कविता में कहा मेवाड़ विजय के रास्ते में खुद के तन का रोड़ा बना दिया, चेतक योद्धा बन गया और मुगलों को घोड़ा बना दिया कविता पढ़ी। हरदोई से आए हास्य कवि अजीत शुक्ल ने हास्य व्यंग के माध्यम से सामाजिक विसंगतियों पर तंज कसे। कवि उत्कर्ष अग्निहोत्री ने कहा क्या रूप है जो उसके आगे आईना संवरने वाला है। पर देख के उसको लगता है वो शख्स बिखरने वाला है। मुद्दत के बाद हवाओं में खुशबू है गुलाबी मौसम है। लगता है कोई फिर आज इसी बस्ती से गुजरने वाला है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महेश पाल सिंह उपकारी ने कहा हमारा देश भारतीय संस्कृति से पटा पड़ा है। हिन्दी प्रेमियों और साहित्य के प्रति अनुराग रखने वालों ने आज भी हिन्दी भाषा के मान सम्मान में आगे बढ़कर ऐसे आयोजन करा रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन युवा कवि वैभव सोमवंशी ने किया। मुख्य अतिथि डॉ0 अविनाश पाण्डेय ने सभी को सम्मानित किया। राम राज्य अभिषेक का पूजन किया गया। आयोजक राम अगिनहोत्री ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर कर हिन्दू महासभा से विमलेश मिश्रा, जिलाध्यक्ष क्रांति पाठक, राजीव रंजन, सौरभ मिश्रा, दीपक शर्मा, संतोष त्रिवेदी, विपिन अवस्थी, राज्य कर्मचारी महासंघ के महामंत्री प्रमोद दीक्षित, अनुज मिश्रा, विशाल शुक्ला, नरेंद्र सोमवंशी, संजय सोमवंशी, राजेश दीक्षित बबलू आदि मौजूद रहे।

# जिला बार एसोसिएशन ने एल्डर्स कमेटी को किया भंग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला बार एसोसिएशन के लाइब्रेरी हॉल में कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न हुई। बार एसोसिएशन के चुनाव एवं कार्यकारिणी के कार्यकाल के संबंध में चर्चा हुई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बार एसोसिएशन एवं अधिवक्ता हित के विपरित कार्य करने व अविधिक कृत्य करने एवं वरिष्ठ सूची में अत्याधिक नीचे क्रम आने के आधार पर पूर्व एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष श्रवण कुमार चतुर्वेदी व सदस्य राजकुमार सिंह, सरदार सूर्यप्रताप सिंह, प्रभु दयाल सिंह, अजरुद्दीन को तत्काल प्रकार से भंग किया जाता है। नवीन एल्डर्स कमेटी का चयन वरिष्ठता के क्रम के आधार पर बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश पंजीयन अधिवक्ता सूची से किया गया। पारित निर्णय की सूचना बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश भेज दी गई है, साथ ही एसोसिएशन की आम सभा में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जायेगा। अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार व महासचिव नरेश सिंह यादव ने संयुक्त रुप से सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया है।

बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश भेज दी गई है पारित निर्णय की सूचना



बैठक लेते डीएम

## मादक पदार्थों की बिक्री करने वालों पर हो सख्त कार्यवाही: जिलाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एनकोर्ड की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। डीएम ने निर्देशित किया कि मादक पदार्थों की बिक्री करने वालो पर प्रभावी कार्यवाही की जाये। रेलवे स्टेशन व बस अड्डों पर सघन अभियान चलाया जाये। आबकारी विभाग को अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाने के लिये निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, नगर मजिस्ट्रेट व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# जामिया यूनिवर्सिटी में देश विरोधी नारे लगाने पर हिन्दू सेना ने जताया विरोध

▸ गृहमंत्री सम्बोधित नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जामिया मिल्लिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी दिल्ली में देश विरोधी नारे लगाये गये तथा हिन्दू छात्र-छात्राओं के साथ हुए दुर्व्यव्यवहार के विरोध में अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू सेना ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर गृहमंत्री सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा।

जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी में दिवाली सेलिब्रेशन के दौरान दो गुटों में मारपीट हो गयी। कुछ छात्रों ने समारोह का विरोध किया और इस्लामी नारे लगाए थे। इसकी वजह से छात्र दो गुटों में बंट गए और उनके



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते हिन्दू सेना के पदाधिकारी

बीच मारपीट हुई थी। राष्ट्रीय कला मंच नामक सामाजिक संस्था की ओर से ज्योतिर्मय 2024 कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस दौरान संगीत, रंगोली प्रतियोगिता और दीये जलाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। समारोह में दूसरे समुदाय ने फिलिस्तीन जिंदाबाद, नारा-ए-तकबीर अल्लाहु-अकबर के नारे भी लगाए थे तथा हिन्दू छात्र-छात्राओं के साथ हुए दुर्व्यव्यवहार किया। जिसकी हिन्दू सेना ने निंदा कर विरोध जताया।

हिन्दू सेना ने मांग की है कि जिन आतंकवादियों ने देश विरोधी नारे लगाकर हिन्दू छात्र-छात्राओं की भावनाओ को आहत किया है कि उन सबकी सीसीटीवी फुटेज निकालकर राष्ट्रद्रोह का मुकदमा लगाकर जेल भेजा जाये तथा सभी आरोपियों की स्कॉलरशिप एवं विश्व विद्यालय से पंजीकरण निरस्त करने की मांग की। हिन्दू सेना ने कहा कि अगर ऐसा न किया गया तो यह आतंकवादी राष्ट्र को और नुकसान पहुंचा सकते है। हिन्दू सेना पूरे भारत व जनपद में इसका विरोध करेगा।

# डीएम ने लखनऊ भ्रमण के लिए युवा पर्यटन क्लब को किया रवाना

▸ सरकार बच्चों को पर्यटनों स्थलों को दिखाकर करेगी जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर से युवा पर्यटन क्लब के लखनऊ भ्रमण कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यटन को गति दिए जाने एवं प्रदेश के प्राकृतिक, आध्यात्मिक, पौराणिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक आदि के महत्व से संबंधित पर्यटन स्थलों के विषय में आम जनमानस तथा पर्यटकों को जानकारी प्रदान करने, उनके प्रति




युवा पर्यटन क्लब बस को झण्डी दिखाते डीएम

जागरूकता एवं संरक्षण व संवर्धन करने के दृष्टिगत छात्र-छात्राओं को जनपद लखनऊ में स्थित काकोरी स्मारक, छोटा इमामबाड़ा, बड़ा इमामबाड़ा, इंदिरा गांधी तारामंडल, रेजिडेंसी, गोमती रिवरफ्रंट आदि स्थलों के भ्रमण कराया जाना है। पर्यटन सूचना अधिकारी डॉ. एम. मकबूल ने बताया कि जनपद के विभिन्न विद्यालयों के कक्षा 7 से कक्षा 12 के मध्य पर्यटन विषय में जागरूकता रखने वाले 25-25 छात्र-छात्राओं को मिलाकर युवा पर्यटन क्लब का गठन किया गया है।

युवा पर्यटन क्लब में कंपोजिट उच्च प्रथिमिक विद्यालय रंगसजान फर्रुखाबाद, उच्च प्राथमिक विद्यालय फतेहगढ़, राजकीय इंटर कॉलेज फतेहगढ़ एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के कुल 100 छात्र-छात्राएं एवं आठ शिक्षक को लखनऊ भ्रमण हेतु रवाना किया गया है। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक, खंड शिक्षाधिकारी, नगर क्षेत्र फर्रुखाबाद एवं अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय कवि संगम द्वारा अजय अंजाम को किया गया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय कवि संगम के प्रांतीय सलाहकार व पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष राष्ट्रीय कवि अजय अंजाम के आगमन पर जनपद इकाई ने उनका स्वागत किया। ,

थाना कस्बा राजेपुर में श्री आदर्श राम लीला मंडल के मंच कर आयोजित कवि सम्मेलन में अतिथि कवि के रूप में पधारे राष्ट्रीय कवि अजय अंजाम का राष्ट्रीय कवि संगम के जिलाध्यक्ष राम मोहन शुक्ल, जिला महामंत्री राष्ट्रसेवक रोहित दीक्षित, जिला मंत्री विशाल श्रीवास्तव, संभाग अध्यक्ष दिलीप कश्यप, संरक्षक प्रमोद दीक्षित आदि ने फूल माला व अंग वस्त्र तथा प्रतीक चिन्ह देकर




राष्ट्रीय कवि अजय अंजाम को सम्मानित करते पदाधिकारी

सम्मानित किया। राष्ट्रीय कवि अजय अंजाम ने जनपद इकाई के कार्यो की सराहना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कवि संगम का मुख्य उद्देश्य कविताओं के माध्यम से राष्ट्र जागरण करना है। रचनाकारों को अपने धर्म संस्कृति के संरक्षण के लिए आगे आना आगे आना चाहिए।

# भारत अफ्रीकी व अन्य विकासशील देशों के साथ बुनियादी ढांचे पर साझेदारी को तैयार : सीतारमण

**एजेंसी, वाशिंगटन।**

केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरूवार को यहां कहा कि भारत अफ्रीका और अन्य विकासशील देशों के साथ उनके बुनियादी ढांचे के लचीलेपन को मजबूत करने के लिए साझेदारी करने के वास्ते तैयार है।



श्रीमती सीतारमण ने यहां विश्व बैंक और आईएमएफ की वार्षिक बैठक 2024 के अवसर पर आपदा रोधी अवसंरचना पर गोलमेज सम्मेलन की अध्यक्षता की। गोलमेज सम्मेलन में जाम्बिया के वित्त मंत्री सितुम्बेको मुसोकोटवाने, भूटान के वित्त मंत्री ल्योंडो लेके दोरजी, मेडागास्कर के परिवहन एवं मौसम विज्ञान मंत्री वालेरी रामोनजावेलो, अंगोला के योजना मंत्री विक्टर ह्यूगो गिलहर्मे, कोमोरोस के वित्त मंत्री , कांगो की संसाधन मंत्री सादा मकुया सालुम, ज़ांज़ीबार की वित्त मंत्री आदि ने भाग लिया। इसमें इथोपिया की वित्त मंत्री, इक्वेटोरियल गिनी की वित्त, योजना और आर्थिक विकास मंत्री, यूएसएड पॉलिसी के प्रतिनिधि, अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के जलवायु परिवर्तन के प्रतिनिधि और फ्रांसीसी जलवायु दूत आदि भी मौजूद थे। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज की प्राकृतिक आपदाओं के खिलाफ लचीलापन और जलवायु परिवर्तन के अनुकूल हमारे बुनियादी ढांचे प्रणालियों को बदलने के लिए आपदा लचीला बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन सीडीआरआई बनाया। उन्होंने बुनियादी ढांचे और इसके द्वारा समर्थित महत्वपूर्ण सेवाओं के लिए जलवायु-प्रेरित जोखिमों को बढ़ाकर विकास लाभों को कम करने के खतरे पर जोर दिया।

### लचीला आर्थिक विकास किया सुनिश्चित

श्रीमती सीतारमण कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत ने न केवल मजबूत बुनियादी ढांचे में निवेश करके, बल्कि राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय आपदा प्रबंधन एजेंसियों के निर्माण के माध्यम से संस्थागत क्षमता का निर्माण करके लचीला आर्थिक विकास सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि 2020 में चक्रवात अम्फान के दौरान, भारत ने समन्वित तरीके से 24 लाख से अधिक लोगों को निकाला, जिससे जानमाल का नुकसान कम हुआ। इसके सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने में भारत की प्रतिबद्धता को आश्वस्त करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि साझा चुनौतियों के प्रति वैश्विक दक्षिण को सहायता प्रदान की गयी है और भारत की जी 20 अध्यक्षता के तहत आपदा और जलवायु-लचीले बुनियादी ढांचे के प्रति प्रतिबद्धता बढ़ाने तथा आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए मजबूत राष्ट्रीय वित्तीय ढांचे को प्राथमिकता देने के लिए एक आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्य समूह बनाया गया था।

# बड़े बदलाव लाने में सक्षम है ब्रिक्स : विदेश मंत्री

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा है कि ब्रिक्स विश्व व्यवस्था में बड़ा बदलाव लाने में सक्षम है। इसके लिए संगठन को स्वतंत्र प्रकृति के प्लेटफार्मों को मजबूत करना होगा और स्थापित संस्थानों एवं तंत्रों, विशेषकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार लाना होगा। इसके अलावा अधिक उत्पादन केंद्र बनाकर वैश्विक अर्थव्यवस्था का लोकतंत्रीकरण करना होगा।

डॉ. जयशंकर गुरुवार को रूस के शहर कज़ान में ब्रिक्स आउटरीच सत्र में प्रधानमंत्री के प्रतिनिधि के तौर पर शामिल हुए। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि भले दुनिया में बदलाव लाने वाली ताकतें मजबूत हुई हैं लेकिन कुछ लंबे समय से चले आ रहे मुद्दे और अधिक जटिल हो गए हैं। हम इस विरोधाभास को कैसे सुलझाएं इस पर विचार करने की जरूरत है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि परिवर्तन का लाभ उन लोगों तक पहुंचे जो वर्तमान में पीछे रह गए हैं। हमें इस बात पर विचार करना होगा कि हम एक अधिक न्यायसंगत वैश्विक व्यवस्था कैसे बना सकते हैं? विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने इसके लिए ब्रिक्स में पांच प्रमुख बिंदु रखे। उन्होंने कहा कि विश्व व्यवस्था में बदलाव के लिए स्वतंत्र प्रकृति के प्लेटफार्मों को मजबूत करना और उनका विस्तार करना होगा। स्थापित संस्थानों और तंत्रों, विशेषकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार लाना होगा। अधिक उत्पादन केंद्र बनाकर वैश्विक अर्थव्यवस्था का लोकतंत्रीकरण करना होगा और अनुभव एवं नई पहल को साझा करना चाहिए। वैश्विक बुनियादी ढांचे में औपनिवेशिक युग से विरासत में मिली विकृतियों को ठीक करना होगा। मध्य पूर्व/पश्चिम एशिया की स्थिति के बारे में भी उन्होंने भारत का पक्ष रखा और इस बात पर जोर दिया कि संघर्षों और तनावों को प्रभावी ढंग से संबोधित करना आज की विशेष आवश्यकता है। ब्रिक्स बैठक और हमारा आउटरीच सत्र एक संदेश है कि दुनिया लंबे समय से चली आ रही चुनौतियों पर नए सिरे से सोचने के लिए तैयार है।

> ▸ न्यायसंगत विश्व व्यवस्था के लिए करना होगा काम : डॉ. एस. जयशंकर

# पाली को शास्त्रीय भाषा का दर्जा मिलने से बुद्ध के विचारों में विश्वास रखने वालों में खुशी : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाली को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने के सरकार के फैसले पर गुरुवार को प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इससे भगवान बुद्ध के विचारों में विश्वास रखने वालों में खुशी की भावना जागृत हुई है।

मोदी ने कोलंबो में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) द्वारा आयोजित पाली एक शास्त्रीय भाषा विषय पर पैनल चर्चा में भाग लेने वाले विभिन्न देशों के विद्वानों और भिक्षुओं को भी धन्यवाद दिया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इंडिया इन श्रीलंका हैंडल के पोस्ट के जवाब में मोदी ने कहा कि मुझे खुशी है कि पाली को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने के भारत सरकार के फैसले ने भगवान बुद्ध के विचारों में विश्वास रखने वालों में खुशी की भावना जगाई है। कोलंबो में इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विभिन्न देशों के विद्वानों और भिक्षुओं का मैं आभारी हूं।

इससे पहले इंडिया इन श्रीलंका ने एक्स पोस्ट में लिखा, पाली को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता देने के भारत के हालिया फैसले का स्वागत करते हुए आईसीसीआर कोलंबो ने पाली एक शास्त्रीय भाषा के रूप में विषय पर एक पैनल चर्चा की मेजबानी की। मुख्य अतिथि के रूप में श्रीलंका में भारत के उप उच्चायुक्त डॉ. सत्यंजल पांडे और अन्य ने भाग लिया।

# प्रियंका के हलफनामे पर भाजपा हमलावर, कहा- नकली गांधी परिवार दलितों का अपमान करने में पीछे नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवार प्रियंका गांधी के हलफनामे में दी गई जानकारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हमला करते हुए कहा है कि नकली गांधी परिवार दलितों का अपमान करने में पीछे नहीं रहता। गांधी परिवार के दांत दिखाने के और, खाने के और हैं।



भाजपा मुख्यालय में गुरुवार को आयोजित प्रेसवार्ता में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि प्रियंका गांधी का हलफनामा एक कबूलनामा है, जो कांग्रेस और गांधी परिवार के भ्रष्टाचार को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के जीजा रॉबर्ट वाडरा की घोषित संपत्ति में इनके देय आयकर 75 करोड़ से ज्यादा है। देश सोनिया गांधी, राहुल गांधी ओर प्रियंका गांधी वाडरा से स्पष्टीकरण चाहता है कि प्रथम दृष्टया गलत तरीके से अर्जित की गई इस संपत्ति के साधन क्या थे।

उन्होंने कहा कि किसी को अगर सीखना है तो गांधी परिवार से सीखना चाहिए कि पाखंड क्या होता है। उन्होंने कहा कि एसयूवी और फार्म हाउस वाले क्या जाने कि पिछड़े समाज को कैसे आगे बढ़ाया जाता है। जब प्रियंका गांधी पर्चा भरने अंदर जाती हैं तो पार्टी के अध्यक्ष को बाहर कर दिया जाता है। पार्टी दिखाने भर के लिए दलित नेता को अध्यक्ष बनाती है, सच्चाई यह है कि कांग्रेस दलित विरोधी है।

गौरव भाटिया ने कहा कि वायनाड में आपदा आई तब गांधी परिवार ने एक रुपया दान नहीं दिया। देश में आपदा आती है तो राहुल गांधी विदेश चले जाते हैं क्योंकि इनका मकसद बस इतना है कि इनका परिवार आगे बढ़े, आम जनता से इनको कोई लेना देना नहीं है।

# बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में चार और आरोपित गिरफ्तार

> ▸ अब तक दबोचे गए चौदह आरोपित

**एजेंसी, मुंबई।**



मुंबई के बहुचर्चित बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में पुलिस ने चार और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। अब तक इस केस में 14 आरोपित दबोचे जा चुके हैं। तीन आरोपित फरार हैं। तीनों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया गया है।

मुंबई पुलिस ने बुधवार देरशाम पुणे में दबिश देकर महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या में वांछित रूपेश राजेंद्र मोहोल (22), करण राहुल साल्वे (19) और शिवम अरविंद कोहाड़ (20) को गिरफ्तार किया। तीनों पुणे के रहने वाले हैं। इसके अलावा मुंबई पुलिस ने 29 वर्षीय अमित कुमार को हरियाणा से पकड़ा है। पुलिस के अनुसार, कुमार हिरासत में लिए गए शूटरों में से एक गुरमेल सिंह और हत्याकांड के कथित मास्टरमाइंड मोहम्मद जीशान अख्तर बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी है। अख्तर इस समय फरार है।क्राइम ब्रांच ने अमित कुमार को मंगलवार शाम हरियाणा से पकड़ा और उसे बुधवार को मुंबई लेकर पहुंची । उसे अदालत ने 4 नवंबर तक की पुलिस हिरासत में भेजा है। उल्लेखनीय है कि 66 वर्षीय बाबा सिद्दीकी की 12 अक्टूबर को मुंबई के बांद्रा इलाके में उनके बेटे और विधायक जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के बाहर गोली मारी गई थी।

# पूर्व महिला हॉकी कप्तान रानी रामपाल ने लिया संन्यास



**एजेंसी, नई दिल्ली।** पूर्व महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल ने गुरुवार को हॉकी से संन्यास ले लिया।

रानी ने गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनके हॉकी कारियर की यात्रा शानदार रही है। उन्होंने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि भारत के लिए इतने लंबे समय तक खेलूंगी। मेरा बचपन से बहुत गरीबी में रहा लेकिन मेरा ध्यान हमेशा कुछ करने देश का प्रतिनिधित्व करने पर था। उन्होंने वर्ष 2008 में 14 वर्ष की आयु में अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पर्दापण किया था। उन्होंने अपने करियर में देश के लिए 254 मैचों में 205 गोल किये। रानी रामपाल को वर्ष 2020 में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार और इसके बाद देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्मश्री से सम्मानित किया गया। उन्हें हाल ही में सब जूनियर महिला टीम का राष्ट्रीय कोच नियक्त किया था।

# राजस्थान : कार नाले में गिरी, गुजरात के एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

**एजेंसी, सिरोही।**

ब्यावर-पिंडवाड़ा हाईवे (एनएच-62) पर गुरुवार सुबह टायर फटने से एक कार के हाईवे से नाले में गिरने के कारण उसमें सवार पांच लोगों की मौत हो गई। एक महिला गंभीर रूप से घायल है। कार सवार सभी एक ही परिवार के सदस्य थे और पिंडवाड़ा से जोधपुर की तरफ जा रहे थे।

डीएसपी मुकेश चौधरी ने बताया कि कोतवाली थाना इलाके में ब्यावर-पिंडवाड़ा एनएच-62 पर थानेश्वरजी पुलिया के पास कार का टायर फट गया। कार डिवाइडर तोड़ती हुई हाईवे से नीचे नाले में गिर गई। इससे उसमें सवार एक बच्चा सहित पांच लोगों की मौत हो गई।



कोतवाली सीआई कैलाश दान बारहट ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। क्षतिग्रस्त कार को क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया। घायल महिला को सिरोही हॉस्पिटल के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया। हादसे की सूचना पर सिरोही कलेक्टर अल्पा चौधरी, एसपी अनिल कुमार और डीएसपी मुकेश चौधरी घटनास्थल पर पहुंचे।

हादसे में गुजरात के दाहोद निवासी प्रताप (53) पुत्र कांति लाल भाटी, रामूराम (50) पुत्र प्रेमाराम भाटी, उषा (50) पत्नी प्रताप भाटी, पुष्पा (25) पत्नी जगदीश भाटी और आशु (11 महीने) पुत्र जगदीश भाटी की मौत हो गई। वहीं, शारदा (50) पत्नी रमेश भाटी घायल हो गई। सभी मृतक और घायल गुजरात के रहने वाले हैं।

### पुणे : पानी की टंकी गिरने से पांच मजदूरों की मौत

**मुंबई।** पुणे जिले के भोसरी में स्थित सद्गुरु नगर में गुरुवार सुबह पानी की टंकी अचानक गिरने से पांच मजदूरों की मौत हो गई। इस घटना की सूचना मिलते ही आपातकालीन टीमें मौके पर पहुंच गई हैं और बचाव कार्य जारी है। हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार भोसरी के सदगुरु नगर में मजदूर एक श्रमिक शिविर में रह रहे थे। यहां मजदूरों के लिए पेयजल की व्यवस्था के रूप में पानी की टंकी बिठाई गई थी। यह टंकी आज सुबह अचानक गिर गई और टंकी से दबकर पांच मजदूरों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड तुरंत मौके पर पहुंची। पानी की टंकी गिरने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन इस घटना ने निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर दिये हैं।

# उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव में उम्मीदवार नहीं उतारेगी कांग्रेस

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के लिए होने वाले उपचुनाव में कोई उम्मीदवार नहीं उतारने निर्णय लिया है और कहां है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराने के लिए वह इंडिया समूह की जीत सुनिश्चित करने की दिशा में काम करेगी।

कांग्रेस के उत्तर प्रदेश के प्रभारी अविनाश पांडे तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पार्टी ने विधानसभा के लिए होने वाले उपचुनाव में किसी भी सीट पर उम्मीदवार खड़ा नहीं करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 10 में से नौ सीटों पर उपचुनाव होने जा रहे हैं लेकिन आज का समय अपने संगठन या पार्टी को बचाने का नहीं है, ये समय संविधान और भाईचारे की रक्षा करने का है। इसके मद्देनजर कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने फैसला लिया है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा के उपचुनाव में पार्टी चुनाव मैदान में अपने उम्मीदवार नहीं उतारेगी। हम इंडिया समूह के उम्मीदवारों की विजय के लिए प्रयासरत रहेंगे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पिछले दिनों उत्तर प्रदेश कांग्रेस समिति के नेतृत्व में सभी 10 विधानसभाओं में संविधान बचाओ संकल्प सम्मलेन का आयोजन किया गया। अगर आज भाजपा को नहीं रोका गया तो आने वाले समय में संविधान, भाई-चारा, आपसी सौहार्द कमजोर हो जाएगा। यूपी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया है कि इन चुनावों में भाजपा को कड़ी शिकस्त देनी है, ताकि आने वाले 2027 के चुनावों में सकारात्मक प्रभाव हो। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में इंडिया समूह के सभी उम्मीदवारों को कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सहयोग मिलेगा और उनकी जीत सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा।

# शराबबंदी को लेकर जदयू राजद में घमासान

**एजेंसी, पटना।**

बिहार में शराबबंदी को लेकर सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और मुख्य विपक्षी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) एक दूसरे पर कटाक्ष करते हुए एक दूसरे के लिए नया नया नामकरण भी किया।



राजद ने जहां बिहार में जहरीली शराब से हो रही मौतों और अवैध शराब की तस्करी को लेकर जदयू का फुलफोर्म छ्ष्ठ -जहां दारू अनलिमिटेड कहा तो जदयू ने भी तीखा पलटवार किया है। जदयू के मुख्य प्रवक्ता और विधान परिषद के सदस्य नीरज कुमार ने गुरुवार को राजद का नया नामकरण किया। उन्होंने कहा कि राजद मतलब राष्ट्रीय जहरीला दल है।

श्री कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय जहरीला दल यानी राजद वैसी पार्टी है, जिसने समाज में जहर घोला. जाति, धर्म, अपराध, हत्या, फिरौती, अपहरण को बढ़ाया. और राजद वाले तो भ्रष्टाचार के कुल शिरोमणि हैं ही।

वहीं राजद प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने कहा कि जदयू का मतलब जहां दारू अनलिमिटेड ही है। जदयू के कारण ही बिहार में हर घर में शराब उपलब्ध है। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सत्ता संरक्षण में ही शराब तस्करी फलफूल रहा है। शराब माफिया को कोई नकेल नहीं कसी गई है। जदयू के पदाधिकारी ही शराब तस्करी में शामिल रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि जिस अधीक्षक ने जदयू के लोगों को पकड़ा उसे ही हटा दिया गया। उन्होंने कह कि शराब से बिहार की जनता हो रही बर्बाद, जदयू है पूरी तरह जिम्मेदार। राजद ने सोशल मीडिया के माध्यम से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को घेरते हुए उन्हें और उनकी पार्टी को जहरीली शराब से होने वाली मौतों के लिए जिम्मेदार बताया है। राजद ने ट्विट कर जदयू पार्टी के नामकरण के साथ एक सवाल का जवाब भी दिया है। दरअसल, राजद ने ट्विट कर जनता दल युनाइडेट का नया नामकरण करते हुए कहा है कि, जे- जहां डी- दारू यू- अनलिमिटेड। राजद ने आरोप लगाया है कि जदयू पार्टी में अनलिमिटेड शराब मिलती है। साथ ही राजद ने एक सवाल भी पूछा है और उसका जवाब भी दिया है।

# सशक्त-विकसित भारत के लिए उद्योग और सेना तालमेल बढाये : जनरल चौहान

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने उद्योग, अनुसंधान एवं विकास संगठनों तथा सेनाओं से रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' हासिल करने और भारत को 'सशक्त, सुरक्षित और विकसित' बनाने के लिए परस्पर तालमेल बढाने का आग्रह किया है।

जनरल चौहान ने गुरूवार को प्रौद्योगिकी प्रबंधन पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन टेक्मा 2024 का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। रक्षा एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ' विज़न इंडिया 2047 के लिए रक्षा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी प्रबंधन' थीम पर इस सम्मेलन का प्रौद्योगिकी प्रबंधन संस्थान मसूरी में आयोजन किया था। इसका लक्ष्य 2047 तक आत्मनिर्भर बनने के राष्ट्रीय उद्देश्य के साथ देश की रक्षा प्रौद्योगिकियों को जोड़ना है।

उन्होंने बदलते समय के साथ तालमेल बिठाने के लिए मानसिकता बदलने की जरूरत पर जोर देते हुए नवोन्मेषी और अनूठे विचारों के साथ आने का आह्वान किया जो सशस्त्र बलों और बदले में देश के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं।



सम्मेलन की शुरुआत 'विज़न इंडिया 2047 के लिए भविष्य की प्रौद्योगिकियों का उपयोग और स्वदेशी क्षमताओं को मजबूत करने' पर एक गोलमेज चर्चा के साथ हुई। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने उद्घाटन समारोह में सम्मानित अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। टेक्मा 2024 की थीम भविष्य की रक्षा प्रौद्योगिकियां, 2047 के लिए रणनीतिक दृष्टि के साथ प्रौद्योगिकी प्रबंधन, रक्षा और मूल्य इंजीनियरिंग में परियोजना प्रबंधन उत्कृष्टता और व्यावसायीकरण हैं।

टेक्मा-2024 से प्राप्त सोच से भारत के स्वदेशी अनुसंधान एवं विकास पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने, बहु-विषयक अनुसंधान क्षेत्रों की पहचान करने, परियोजना प्रबंधन प्रक्रियाओं में सुधार करने और तकनीकी, तार्किक और कार्यान्वयन चुनौतियों को दूर करने के लिए भविष्य की रक्षा प्रौद्योगिकियों के लिए समाधान विकसित करने की उम्मीद है।

# सुप्रीम कोर्ट ने तोड़फोड़ पर अवमानना याचिका की खारिज

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

उच्चतम न्यायालय ने अचल संपत्तियों को तोड़ने के मामले में उत्तर प्रदेश सरकार, उत्तराखंड और राजस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ अवमानना कार्रवाई करने की याचिका गुरुवार को खारिज कर दी।



न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि वह उस पर विचार करने के लिए इच्छुक नहीं है।

पीठ ने कहा कि हम भानुमती का पिटारा नहीं खोलना चाहते हैं। पीठ ने कहा कि कोई भी प्रभावित व्यक्ति अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है, कोई तीसरा पक्ष नहीं।

नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वूमेन की ओर से अधिवक्ता एम निजाम पाशा ने दावा किया कि ऐसे तीन उदाहरण हैं, जहां तोड़फोड़ करने से पहले अदालत से अनुमति नहीं ली गई।

उन राज्यों सरकारों की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने कहा कि तोड़फोड़ फुटपाथ पर की गई। उन्होंने कहा कि याचिका समाचार रिपोर्ट के आधार पर तीसरे पक्ष द्वारा दायर की गई थी।

शीर्ष न्यायालय ने कहा कि वह संपत्तियों के तोड़फोड़ से प्रभावित लोगों की सुनवाई करेगा।

इस पर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि ऐसे तथ्य सामने लाने वाले पत्रकारों को भी परिणाम भुगतने पड़े।इसके बाद पीठ ने कहा कि पत्रकारों को अदालत का दरवाजा खटखटाने दें।

याचिका में आरोप लगाया कि हरिद्वार, जयपुर और कानपुर में अधिकारियों ने शीर्ष के आदेश की अवमानना करते हुए अचल संपत्तियों को ध्वस्त कर दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि बिना उसकी अनुमति के आरोपियों की संपत्ति नहीं तोड़ी नहीं जाएगी।

शीर्ष अदालत ने एक अक्टूबर को अपने 17 सितंबर के आदेश को आगे बढ़ा दिया था, जिसमें इस न्यायालय की अनुमति के बिना आपराधिक मामले में आरोपी की संपत्ति को तोड़ने के लिए सरकार द्वारा बुलडोजर के इस्तेमाल पर रोक लगाई गई थी।

न्यायालय ने हालांकि, तब सार्वजनिक सड़कों, फुटपाथों, रेलवे लाइनों या जल निकायों पर अतिक्रमण से जुड़ी कार्रवाई को छूट दी थी।

# आप नेता संजय सिंह ने स्पाइनल मस्कूलर एट्राफी के इंजेक्शन की कीमत कम करने की मांग की

**एजेंसी, नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता और सांसद राज्यसभा संजय सिंह ने एक बार फिर स्पाइनल मस्कूलर एट्राफी (एसएमए) के इंजेक्शन की कीमत कम करने की मांग की। उन्होंने केन्द्र सरकार से मांग की कि इस गंभीर रोग से पीड़ित रोगियों को राहत दिलाने का काम करे। अपनी मांग को पुष्ट करने के लिए वे पत्रकार वार्ता में एसएमए से पीड़ित दो बच्चे और उनके माता-पिता को भी सामने लेकर आए। पत्रकार वार्ता में संजय सिंह ने कहा कि स्पाइनल मस्कूलर एट्राफी एक गंभीर बीमारी है। इस बीमारी के इलाज में जो इंजेक्शन लगता है उसकी कीमत 17 करोड़ रुपये है। सरकार की छूट के बाद से इसकी कीमत में थोड़ी कमी आई है लेकिन अब भी ग्यारह करोड़ रुपये का इंजेक्शन खरीद पाना किसी के लिए भी संभव नहीं है। अगर केंद्र सरकार इन बच्चों के लिए आगे नहीं आएगी तो आखिर कौन इन्हें राहत देगा। उन्होंने कहा कि मैंने संसद में मांग की थी कि जब तक केंद्र सरकार ऐसे मामलों में हस्तक्षेप नहीं करेगी, तब तक उन्हें बचाना मुश्किल होगा ।

# बैटरी स्वैपिंग लीडर यूमा एनर्जी ने नोएडा में किया प्रवेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

भारत की अग्रणी टेक्नोलॉजी -संचालित बैटरी-एज़-ए-सर्विस (BaaS) कंपनी यूमा एनर्जी ने उत्तर प्रदेश सरकार के प्रमुख निवेश प्रोत्साहन और सुविधा एजेंसी इन्वेस्ट यूपी (INVEST UP) के सक्रिय समर्थन से आज नोएडा, उत्तर प्रदेश (यूपी) में अपनी सेवाएं शुरू कीं।यूमा एनर्जी का यूपी में नोएडा से प्रवेश और लखनऊ, कानपुर, गाजियाबाद और वाराणसी जैसे अन्य प्रमुख शहरों तक विस्तारित करने की योजना, उत्तर प्रदेश की दूरदर्शित ईवी (EV) नीति के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के लिए एक मजबूत और टिकाऊ इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करना है। कंपनी ने इन्वेस्ट यूपी के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) किया था।इस Mo के माध्यम से, यूमा एनर्जी पूरे यूपी में स्वैपिंग स्टेशनों के अत्याधुनिक नेटवर्क के निर्माण में रु. 200 करोड़ का निवेश करने की योजना बना रही है। बदले में, इन्वेस्ट यूपी कंपनी और भूमि मालिकों और बिजली वितरण कंपनियों सहित प्रमुख हितधारकों के बीच चर्चा की सुविधा प्रदान करेगा। इस साझेदारी से 500 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने और 100,000 ईवी राइडर्स और ड्राइवरों के लिए आजीविका का समर्थन करने की उम्मीद है, जो यूपी राज्य के पर्यावरण अनुकूल और समावेशी सामाजिक-आर्थिक विकास के लक्ष्य में योगदान देगा।

> **पूरे यूपी में नए स्टेशन स्थापित करने की योजना**

> ▸ अगले तीन वर्षों में, यूमा एनर्जी उत्तर प्रदेश के प्रमुख शहरों में इलेक्ट्रिक 2- और 3-व्हीलर बैटरी स्वैपिंग स्टेशनों का बनाएगी सघन नेटवर्क
>
> ▸ 500 लोगों को प्रत्यक्ष रोज़गार और 100,000 लोगों को आजीविका होगी प्राप्त

